मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 145

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, मंगलवार, 21 अप्रेल, 2026

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



# उद्घाटन से एक दिन पहले रिफाइनरी में लगी आग, पीएम का दौरा स्थगित

## मुख्यमंत्री और पेट्रोलियम मंत्रालय ने दिए घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/बाड़मेर।** बालोतरा जिले के पचपदरा में स्थापित एचपीसीएल-राजस्थान रिफाइनरी में उद्घाटन से एक दिन पहले सोमवार को भीषण आग लग गई। घटना में हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सुरक्षा कारणों को देखते हुए इसके उद्घाटन के लिए आने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा स्थगित कर दिया गया। इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक घटना सोमवार दोपहर करीब दो बजे हुई, जब रिफाइनरी की क्रूड डिस्टीलेशन यूनिट यानी सीडीयू में अचानक आग लग गई। यह यूनिट वह स्थान है, जहां से कच्चे तेल को रिफाइन किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बटन दबाकर इसी यूनिट का उद्घाटन करना था। आग का वास्तविक कारण अभी तक सामने नहीं आया है। इस बीच आग की लपटें उठते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई और आसमान काले धुएं के गुबार से भर गया। धुएं की तीव्रता इतनी अधिक थी कि इसे कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था।



प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पूरी रिफाइनरी को छावनी में तब्दील कर दिया गया था और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात था। इसके बावजूद इस तरह की घटना ने तकनीकी टीम और प्रशासन को सकते में ला दिया। आग लगते ही रिफाइनरी का इन-हाउस फायर सेफ्टी सिस्टम तुरंत सक्रिय हो गया। मौके पर मौजूद दर्जनों दमकल गाड़ियां और हाइड्रेंट सिस्टम के जरिए आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया और करीब ढाई से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का वास्तविक कारण तकनीक जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन करोड़ों की मशीनरी को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि इसकी मरम्मत और नए सिरे से इसकी शुरुआत में लंबा समय लग सकता है।

### मुख्यमंत्री ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद भी सोमवार को ही पचपदरा पहुंचने वाले थे, लेकिन आग की घटना के बाद उनका दौरा रद्द कर दिया गया। सोशल मीडिया पर अपने बयान में सीएम ने कहा कि पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी में आग लगने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों और रिफाइनरी प्रबंधन से त्वरित वार्ता कर स्थिति की विस्तृत जानकारी ली है। वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है। सुरक्षा मानकों को सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री का प्रस्तावित दौरा फिलहाल स्थगित किया गया है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने कहा कि सभी प्रदेशवासियों के आशा की प्रतीक इस रिफाइनरी का भव्य उद्घाटन शीघ्र ही प्रधानमंत्री द्वारा करवाया जाएगा।

### पेट्रोलियम मंत्रालय ने भी दिए जांच के आदेश

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने भी घटना की जांच के आदेश दिए हैं। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि एचआरआरएल रिफाइनरी की क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट के आसपास आज दुर्भाग्यपूर्ण आग की घटना के कारण, प्रधानमंत्री द्वारा 21 अप्रेल को प्रस्तावित रिफाइनरी के समर्पण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। किसी भी प्रकार के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। घटना के कारणों का पता लगाने तथा आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### विकास को नई दिशा देगी रिफाइनरी

एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी देश का पहला ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकैमिकल कॉम्पलेक्स है जो देश के ऊर्जा और पेट्रोरसायन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और राजस्थान सरकार के संयुक्त उद्यम के रूप में विकसित 9 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) क्षमता वाले इस ग्रीनफील्ड रिफाइनरी-सह-पेट्रोरसायन परिसर की स्थापना 79,450 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से की गई है। इस परियोजना से देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, पेट्रोरसायन आत्मनिर्भरता बढ़ाने और औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। इस परियोजना से रिफाइनरी रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे, जिससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा।

# जम्मू के उधमपुर में पहाड़ी से गिरी बस, 21 लोगों की मौत, 29 घायल

- टायर फटने से बेकाबू हुई बस, पहाड़ी से गिरते ही मलबे में तब्दील



महानगर टाइम्स संवाददाता

**उधमपुर।** जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास पहाड़ी से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए।

हादसा इतना भयावह था कि बस की छत सहित आधा हिस्सा पूरा टूट गया। सुबह करीब 10 बजे हुआ। बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड होने के साथ रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका। और बस सड़क से नीचे गिर गई। हादसे में बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया है।

### राष्ट्रपति, पीएम सहित अन्य ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता दी जाएगी।

### बस की चपेट में ऑटो भी आया

बस नीचे सड़क पर उलटी गिरने से पहले एक ऑटो-रिक्शा को कुचलती हुई गई। अधिकारियों ने बताया कि ऑटो-रिक्शा में सवार लोगों को चोटें आईं, लेकिन वे बच गए। हादसे के बाद उसी रास्ते से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने बचाव अभियान की कमान संभाली। बाद में एक हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से गाड़ी को सीधा किया गया।

# बढ़ने लगा तापमान, 15 शहरों का पारा 40 पार, कोटा में 42°

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में अब पारा बढ़ रहा है। सोमवार को 15 शहरों का दिन का पारा 40 डिग्री और 8 का रात का पारा 25 डिग्री पार दर्ज हुआ। 42 डिग्री के साथ कोटा का दिन, 28.4 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही। आगामी समय में पारे में उछाल आने व हीटवेव चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कोटा के अलावा जयपुर, वनस्थली, अलवर, पिलानी, चूरू, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर, जैसलमेर, दौसा, जोधपुर, फलौदी, बीकानेर, श्रीगंगानगर, करौली का दिन का पारा 40 पार तो वही फलौदी के अलावा अलवर, जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर का रात का पारा 25 डिग्री पार रहा। पूर्वी राजस्थान में रविवार को कहीं-कहीं उष्ण लहर या गर्म रात्रि दर्ज की गई।



### जयपुर का पारा गिरा

जयपुर के पारे में मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन आमजन को तेज गर्मी से राहत नहीं मिली। जयपुर में तेज धूप और गर्मी ने लोगों को सताया। जयपुर का अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 27 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं दिन और रात के तापमान में 0.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। आगामी दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव होने की संभावना है।

# कोचिंग संचालक ने बेचा था जेईई भर्ती परीक्षा का पेपर, गिरफ्तार

- अभ्यर्थियों से 25-25 लाख वसूलने का खुलासा
- वीआरएस लेकर खोला था कम्प्यूटर लैब सेंटर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कनिष्ठ अभियंता (जेई) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक प्रकरण में एसओजी को बड़ी सफलता मिली है। मामले में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी भीमसिंह को 17 अप्रेल को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जहां उससे गहन पूछताछ जारी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एसओजी) विशाल बंसल के अनुसार दिसंबर, 2020 में आयोजित जेई भर्ती परीक्षा पेपर लीक के चलते निरस्त कर दी गई थी। इसके बाद 12 सितंबर, 2021 को पुनः परीक्षा हुई, लेकिन जांच में सामने आया कि इस परीक्षा का प्रश्नपत्र भी पहले ही लीक कर दिया गया था। इसी आधार पर 19 जनवरी, 2026 को एसओजी थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पहले ही गिरोह के सरगना जगदीश बिश्नोई सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### बदमाश सैमसंग टेबलेट और एपल आईपैड पर पढ़ाते थे प्रश्न पत्र

पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण में सामने आया कि आरोपी भीम सिंह इस पूरे नेटवर्क का अहम हिस्सा था।



आरोपी भीमसिंह

वह कोचिंग संस्थान संचालित करता था और जयपुर में ऑनलाइन परीक्षा के लिए कंप्यूटर लैब भी चलाता था। आरोपी ने अपने साथियों गणपत मालवाड़ा और भूपेंद्र सारण के साथ मिलकर अभ्यर्थियों को जयपुर में एकत्र किया। इसके बाद उन्हें सैमसंग टैबलेट और एपल आईपैड के माध्यम से लीक प्रश्नपत्र पढ़ाया जाता था। परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को उनके केंद्रों तक भेज दिया जाता था। इस पूरे खेल के बदले प्रत्येक अभ्यर्थी से 25 से 30 लाख रुपए वसूले जाते थे, जिन्हें गिरोह के सदस्यों में बांट दिया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी मोबाइल के बजाय टैबलेट का इस्तेमाल करता था, ताकि एक साथ कई अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ाया जा सके। बरामदगी के दौरान एक टेबलेट उसकी बेटी से भी जब्त हुआ।

### कई पेपर लीक में शामिल

जांच में यह भी सामने आया है कि भीमसिंह और भूपेंद्र सारण ने आरपीएफ में साथ काम किया था। भीमसिंह ने आरपीएफ से वीआरएस लेने के बाद बानसूर में कोचिंग संस्थान खोला। भीमसिंह पहले भी जेईई भर्ती, सीएचओ भर्ती, राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती और हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती जैसे कई पेपर लीक मामलों में शामिल रहा है और पूर्व में गिरफ्तार हो चुका है। एसओजी अब यह पता लगाने में जुटी है कि प्रश्नपत्र किस स्रोत से लीक हुआ और किन-किन अभ्यर्थियों को इसका लाभ मिला। पूरे गिरोह के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।



# जापान में 7.7 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का अलर्ट

- सरकार ने जारी किया अलर्ट- आगे और बड़े भूकंप आने की संभावना

विशेष संवाददाता

**टोक्यो।** जापान में सोमवार दोपहर 1:23 बजे (भारतीय समयानुसार) 7.7 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। भूकंप का केंद्र तट से करीब 100 किमी दूर समुद्र में 20 किमी गहराई पर था। जापानी मौसम एजेंसी (जेएमए) ने तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की है। साथ ही और भी बड़े भूकंप के लिए तैयार रहने को कहा है।

भूकंप के बाद इवाते प्रांत में करीब 3 फीट, मियाको और हाचिनोहे में डेढ़ फीट तक लहरें दर्ज की गईं। इन इलाकों में पानी का स्तर बढ़ रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर बुलेट ट्रेन सेवाएं रोक दी गई हैं। होक्काइडो, आओमोरी, इवाते, मियागी और फुकुशिमा प्रांतों के 1.7 लाख निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया गया है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। टोक्यो में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ताकाइची ने कहा कि लोग बिना देरी किए ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं, क्योंकि हालात तेजी से बदल सकते हैं।




### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को खुली चेतावनी

# 'समय रहते डील नहीं हुई तो बरसेंगे बम'

विशेष संवाददाता

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ युद्ध का फैसला उनका खुद का था और इसमें इजराइल की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर लिखा कि इजराइल ने मुझे ईरान के साथ युद्ध में नहीं धकेला। ट्रंप ने बताया कि इस फैसले के पीछे की वजह ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देना और 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल हमास की हमले की घटना थी। वहीं उन्होंने चेतावनी दी है कि ईरान के साथ जारी दो सप्ताह का संघर्षविराम बुधवार शाम समाप्त हो जाएगा और इसे आगे बढ़ाने की संभावना ना के बराबर




है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यदि समय रहते कोई डील नहीं हुई तो ईरान पर बमों की बारिश होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया इजराइल के उकसावे को लेकर झूठी और मनगढ़ंत खबरें फैला रहा है। वहीं, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के पाकिस्तान रवाना होने का ट्रंप का दावा गलत निकला। एपी रिपोर्ट के मुताबिक वे सोमवार सुबह वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस में नजर आए थे।

### अमेरिका-ईरान की बातचीत पर सस्पेंस

होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी सीजफायर के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में बताया गया है कि बातचीत कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थाई समझौता साइन हो जाए, जिससे सीजफायर आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए, ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके, लेकिन यह सब तभी संभव है, जब ईरान इसमें हिस्सा ले।

### सीजफायर के बावजूद लेबनान पर हमला

लेबनान में लागू 10 दिन के सीजफायर के बावजूद इजराइल ने दक्षिणी इलाकों पर हमले किए हैं। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी एनएनए के मुताबिक कई कस्बों को निशाना बनाया गया। काकाइयात अल-जिस्र कस्बे में लितानी नदी के पास ड्रोन हमला किया। वहीं कई जगह बमबारी की गई।

### राजस्थान पुलिस ने क्रिकेट प्रेमियों के लिए जारी की विशेष एडवाइजरी

# सावधान रहें! आईपीएल टिकटों के नाम पर हो सकती है साइबर ठगी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा द्वारा अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह के निर्देशों की पालना में आईपीएल टिकटों के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। वर्तमान में आईपीएल-2026 सीजन के दौरान टिकटों की भारी मांग का फायदा उठाकर साइबर अपराधी क्रिकेट प्रेमियों को अपना शिकार बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने आमजन को सचेत करते हुए बताया कि अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों की मेहनत की कमाई हड़प रहे हैं।

#### साइबर अपराधियों के ठगने के तरीके

- **फिशिंग और क्लोन वेबसाइट्स :** अपराधी असली वेबसाइट (जैसे बुक मायशो) की नकल करते हैं। इनमें अंतर सिर्फ एक अक्षर का होता है (जैसे : bookmyshoww.com या ipl-tickets-2026.in) यहां कार्ड की डिटेल डालते ही आपका खाता खाली हो सकता है।
- **सर्च इंजन विज्ञापन (एसईओ फ्रॉड) :** गूगल पर Buy IPL Tickets सर्च करने पर सबसे ऊपर दिखने वाले विज्ञापन कई बार फर्जी वेबसाइटों के होते हैं। स्कैमर्स पैसे देकर अपने फर्जी लिंक को टॉप पर रैंक करवाते हैं।
- **सोशल मीडिया के लुभावने ऑफर :** इंस्टाग्राम, फेसबुक और टेलीग्राम पर 'वीआईपी पैसेज' या 'कन्फर्म्ड टिकट' के नाम पर फर्जी विज्ञापन चलाए जाते हैं।
- **नकली क्यूआर कोड का जाल :** भुगतान के बाद अपराधी व्हाट्सएप पर फर्जी क्यूआर कोड या ई-टिकट भेजते हैं, जो वास्तव में स्टेडियम के गेट पर स्कैन नहीं होते।
- **इमरजेंसी का झांसा :** 'सिर्फ 2 टिकट बचे हैं' या 'डिस्काउंट ऑफर' कहकर अपराधी तुरंत पेमेंट करने का मनोवैज्ञानिक दबाव बनाते हैं।

#### बचाव के उपाय

- टिकट हमेशा केवल आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट www.iplt20.com या अधिकृत पार्टनर (जैसे www.insider.in, BookMyShow से ही खरीदें।
- भुगतान से पहले वेबसाइट की स्पेलिंग और https:// (सुरक्षित लॉक आइकन) की जांच अवश्य करें।
- हमेशा सुरक्षित पेमेंट गेटवे का उपयोग करें। क्रेडिट कार्ड का उपयोग बेहतर है, क्योंकि इसमें 'फ्रॉड प्रोटेक्शन' की सुविधा होती है।
- यदि कोई डील 'हकीकत से परे' लगे या बहुत सस्ती मिले, तो समझ लें कि वह धोखाधड़ी है।

#### साइबर ठगी होने पर क्या करें?

यदि आप किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं तो बिना समय गंवाए इसकी सूचना साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930/9257510100, ऑनलाइन पोर्टल https://cybercrime.gov.in या निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन पर दें।

### शहर में 10 से ज्यादा इलाकों में आज रहेगी बिजली कटौती : मेंटेनेंस के चलते 4 घंटे सप्लाई रहेगी बंद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** शहर में मंगलवार को मेंटेनेंस काम के चलते कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। कटौती सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक की जाएगी, जिससे शहर के 10 से ज्यादा इलाके प्रभावित होंगे बिजली विभाग की ओर से तय शेड्यूल के अनुसार- जयसिंहपुरा खोर और आसपास के क्षेत्रों में लाइन मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय स्तर पर सप्लाई पूरी तरह बंद रखी जाएगी।

**इन इलाकों में रहेगी बिजली बंद**

जयसिंहपुरा खोर, कालवाड़ रोड, नंद वाटिका, नायला रोड, बड़ी का बास, 2 नंबर बस स्टैंड, पंचवटी, रोहित नगर, केशव नगर, द्वारकापुरी और आसपास के 10 से ज्यादा क्षेत्र इस कटौती से प्रभावित रहेंगे।

### ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट रोड शो 23 को नई दिल्ली में

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान को कृषि नवाचार और निवेश का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' रोड शो का आयोजन 23 अप्रैल को कन्वेंशन हॉल, होटल द अशोक, नई दिल्ली में किया जाएगा। इस रोड शो का उद्देश्य राज्य की प्रगतिशील कृषि नीतियों, निवेश की संभावनाओं तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। साथ ही यह आयोजन उद्योग, स्टार्टअप्स और अकादमिक संस्थानों के साथ सार्थक साझेदारी को बढ़ावा देगा।

# पीएचईडी में 2 हफ्तों में बढ़ी खराब मीटर शिकायतें, नए कनेक्शन की मांग भी बढ़ी

### पिछले 14 दिनों में जयपुर शहर के विभिन्न जोन क्षेत्रों से करीब 11 सौ से अधिक खराब मीटर की आई शिकायतें

- **सबसे ज्यादा शिकायतें परकोटा, आदर्श नगर, मानसरोवर और झोटवाड़ा क्षेत्रों से**
- **विभाग का दावा- मई अंत तक नए मीटर लगाने की कवायद होगी शुरू**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जैसे-जैसे गर्मी तेज हो रही है, वैसे-वैसे पानी की मांग के साथ जल मीटर से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ती जा रही हैं। पिछले दो सप्ताह में शहर के अलग-अलग जोन क्षेत्रों से खराब जल मीटर बदलने और नए मीटर लगाने की शिकायतों में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। हालांकि, जलदाय विभाग फिलहाल अपनी प्राथमिकता पेयजल आपूर्ति को बनाए रखने पर रखे हुए है। विभाग का कहना है कि मई के अंत तक बड़े स्तर पर नए मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जलदाय विभाग से आंकड़ों के अनुसार पिछले 14 दिनों में जयपुर शहर के विभिन्न जोन क्षेत्रों से करीब 11 सौ से अधिक खराब जल मीटर की शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से सबसे ज्यादा शिकायतें परकोटा, आदर्श नगर, मानसरोवर और झोटवाड़ा क्षेत्रों से आई हैं। अधिकारियों के अनुसार पुराने इलाकों में लगे मीटर वर्षों पुराने हो चुके हैं, जिनमें तकनीकी खराबी, जाम होने और रीडिंग में गड़बड़ी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल रोजाना करीब 200-250 शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है, लेकिन बढ़ती मांग के चलते बैकलॉग भी बनता जा रहा है।



एआई फोटो

#### नए मीटर की डिमांड 40 प्रतिशत तक पहुंची

गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ने के साथ ही उपभोक्ताओं द्वारा नए मीटर लगवाने की मांग भी तेजी से बढ़ी है। पिछले दो सप्ताह में करीब 1800 से ज्यादा नए मीटर आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो सामान्य दिनों के मुकाबले लगभग 35-40 प्रतिशत अधिक हैं। खास बात यह है कि नई कॉलोनियों और हाल ही विकसित हुए क्षेत्रों में मीटर इंस्टॉलेशन की मांग ज्यादा देखी जा रही है। विभाग का अनुमान है कि मई के अंत तक यह संख्या और बढ़ सकती है। अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी को देखते हुए जल स्रोतों, पंपिंग स्टेशनों और वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिए मीटर बदलने और नए मीटर लगाने का कार्य फिलहाल सीमित स्तर पर ही किया जा रहा है। विभाग ने यह भी कहा है कि मई के अंत तक विशेष अभियान चलाकर लंबित मीटर बदलने और नए मीटर लगाने का काम तेज किया जाएगा।

#### पानी की मांग व आपूर्ति : आंकड़ों में समझें स्थिति

गर्मी बढ़ने के साथ जयपुर में पानी की खपत तेजी से बढ़ी है। वर्तमान स्थिति पर बात करें तो शहर में कुल दैनिक मांग लगभग 650-670 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) है, इसके इतर वर्तमान आपूर्ति करीब 520-540 एमएलडी है। इस कमी को पूरा करने के लिए विभाग द्वारा ट्यूबवेल, हैंडपंप और वैकल्पिक जल स्रोतों का सहारा लिया जा रहा है। बीसलपुर बांध से आने वाली मुख्य सप्लाई पर निर्भरता बनी हुई है, लेकिन वितरण के दौरान लीकेज और तकनीकी कारणों से भी नुकसान हो रहा है।

#### कई इलाकों में कम दबाव और कम अवधि की सप्लाई

शहर के कई इलाकों में लोगों को पानी की सप्लाई कम दबाव और सीमित समय के लिए मिल रही है। खासतौर पर ऊंचाई वाले क्षेत्रों और अंतिम छोर की कॉलोनियों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सुबह की सप्लाई का समय घटकर कई जगहों पर 30-40 मिनट तक रह गया है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है। विभाग का कहना है कि बढ़ती मांग के कारण यह स्थिति बनी है और इसे संतुलित करने के लिए जोनल स्तर पर मॉनिटरिंग बढ़ाई गई है।

### सावधान! जयपुर में पानी के मीटर चुराने वाली गैंग सक्रिय, एक हफ्ते में 20 से ज्यादा केस आए सामने

#### रिहायशी इलाकों को बना रहे निशाना

**जयपुर।** शहर में इन दिनों पानी के मीटर चोरी करने वाली गैंग सक्रिय हो गई है। पिछले एक सप्ताह में शहर के अलग-अलग इलाकों से 20 से अधिक मीटर चोरी के मामले सामने आए हैं। लगातार बढ़ती घटनाओं से ना सिर्फ उपभोक्ता परेशान हैं, बल्कि जलदाय विभाग की भी चिंता बढ़ गई है। मीटर चोरी की घटनाएं शहर के विभिन्न हिस्सों- जैसे टोंक रोड, मानसरोवर, मानसरोवर विस्तार, मालवीय नगर, झोटवाड़ा और परकोटा क्षेत्र में सामने आई हैं। खास बात यह है कि चोर दिन में ही सुनसान गलियों और मकानों के बाहर लगे मीटरों को निशाना बना रहे हैं। कई घरों में बाहर लगे मीटर भी निशाने पर हैं। कई वारदातें रात में हुई हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह उठने पर मीटर गायब मिलते हैं, जिससे पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। कई जगहों पर पाइपलाइन खुली छोड़ देने से पानी बहने की भी शिकायतें आई हैं।



एआई फोटो

#### एक हफ्ते में 20 से ज्यादा केस, असली मकसद कबाड़ या दोबारा बिक्री?

जानकारी के अनुसार पिछले 7 दिनों में 20 से अधिक मीटर चोरी के मामले सामने आए हैं। शहरवासियों का मानना है कि यह संगठित गिरोह का काम हो सकता है। बताया जा रहा है कि चोरी किए गए मीटरों को या तो कबाड़ में बेचा जा रहा है या फिर उन्हें दोबारा उपयोग के लिए अवैध तरीके से बाजार में खपाया जा रहा है।

#### चोरों के लिए फायदे का सौदा!

मीटर में लगे पीतल और अन्य धातुओं की कीमत के कारण भी यह चोरी फायदे का सौदा बन रही है। लोगो ने पुलिस व जलदाय विभाग से मांग की है कि संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां रात्रि गश्त बढ़ाई जाए।

#### उपभोक्ताओं के लिए नई परेशानी खर्च और सप्लाई दोनों प्रभावित

मीटर चोरी होने के बाद उपभोक्ताओं को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ रही है। एक ओर उन्हें नया मीटर लगवाने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर पानी की नियमित सप्लाई भी बाधित हो रही है। जलदाय विभाग के अनुसार चोरी की शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकता के आधार पर अस्थाई व्यवस्था की जा रही है, लेकिन नए मीटर लगाने में समय लग रहा है।

#### विभाग की अपील : सतर्क रहें, संदिग्ध दिखे तो तुरंत सूचना दें

जलदाय विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों के बाहर लगे मीटरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। रात के समय आसपास निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग या पुलिस को दें।

### प्रदेश के विभिन्न गांवों में जल जीवन मिशन के तहत दो दिवसीय राज्यव्यापी विशेष अभियान

## 1535 हैंडपंपों की हुई मरम्मत, 911 पाइपलाइन लीकेज को किया दुरुस्त







महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में जल जीवन मिशन, अमृत, ग्रीष्मकालीन कंटीन्जेंसी कार्यों, क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों एवं हैंडपंपों का जिला प्रशासन एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान हजारों स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज व हैंडपंपों की मरम्मत कर दुरुस्तीकरण किया गया।

18 एवं 19 अप्रेल को संचालित राज्यव्यापी विशेष अभियान में जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारियों ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तकनीकी अधिकारियों के साथ गांव-गांव जाकर कार्यों का निरीक्षण किया और मौके पर ही मरम्मत कार्य करवाकर समस्याओं का निस्तारण किया। इस अभियान के अंतर्गत 2677 कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिनमें जल जीवन मिशन के 407, अमृत के 80, ग्रीष्मकालीन कंटीन्जेंसी के 77 कार्य एवं अवरुद्ध हैंडपंप, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन इत्यादि शामिल हैं। इसी प्रकार विभाग के तकनीकी कर्मचारी एवं अभियंताओं की लगभग 450 टीमों ने कुल 2792 शिकायतों को सूचीबद्ध कर 2775 शिकायतों का निस्तारण किया। इनमें 1535 हैंडपंप मरम्मत, 911 पाइप लाइन लीकेज सुधार एवं 329 अन्य सुधार कार्य शामिल हैं।

### 'संगठन का शक्ति प्रदर्शन': टोंक में बूथ सम्मेलन 27 को

# भाजपा को धार देंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन

एक साथ 7 जिला कार्यालयों का उद्घाटन, 2 का शिलान्यास

- जयपुर में कोर कमेटी बैठक, पंचायत-निकाय चुनाव और नारी शक्ति पर बनेगी रणनीति

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 27 अप्रेल को अपने पहले राजस्थान दौरे पर आ रहे हैं, जहां टोंक में आयोजित बूथ सम्मेलन के जरिए वे संगठन में नई ऊर्जा भरने का संदेश देंगे। यह दौरा भाजपा के लिए जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती देने का बड़ा अभियान माना जा रहा है।

टोंक में होने वाला बूथ सम्मेलन खास इसलिए भी है, क्योंकि इसमें सात जिलों के कार्यकर्ता एक मंच पर जुटेंगे। इस दौरान नबीन टोंक जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे, जबकि पाली, बूंदी, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, चूरू और बाड़मेर के जिला कार्यालयों का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही दौसा और जालोर में बनने वाले नए भाजपा कार्यालयों का शिलान्यास भी उनके हाथों होगा। एक साथ इतने संगठनात्मक कार्यक्रमों के जरिए भाजपा स्पष्ट संकेत देना चाहती है कि वह बूथ स्तर तक अपनी पकड़ और मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। दौरे का दूसरा अहम पड़ाव जयपुर रहेगा, जहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनका भव्य स्वागत होगा। यहां वे प्रदेश पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक करेंगे और पहली बार राजस्थान भाजपा की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में आगामी पंचायत और निकाय चुनावों की रणनीति, संगठन विस्तार और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर पार्टी की दिशा तय होने की संभावना है।

## जयपुर मिलिट्री स्टेशन में ऑर्गन एंड टिश्यू डोनेशन पर जागरूकता सत्र का आयोजन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर मिलिट्री स्टेशन में मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम (एमएफजेसीएफ) के सहयोग से ऑर्गन एंड टिश्यू डोनेशन पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

मोहन फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने ऑर्गन एंड टिश्यू डोनेशन के महत्व पर प्रकाश डाला, इससे जुड़े सामान्य भ्रम और गलत धारणाओं को दूर किया तथा इस बात पर जोर दिया कि एक दाता कई जीवन को कैसे बचा सकता है और इस सत्र में ऑर्गन को डोनेट करने की प्रक्रिया और इसमें शामिल कानूनी एवं नैतिक पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमांड लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह ने कहा कि यह महान सामाजिक उद्देश्य अमूल्य जीवन बचाने में सहायक होगा तथा मानवता के प्रति महत्वपूर्ण योगदान देगा। ऐसी पहल ना केवल जागरूकता को सुदृढ़ करती है, बल्कि करुणा, सेवा और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित करती है, जो सशस्त्र बलों के मूल्यों एवं समाज के प्रति उनकी सतत प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## सप्त शक्ति कमांड और बिट्स पिलानी में अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचार के लिए हुआ एमओयू

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** स्वदेशी रक्षा आधुनिकीकरण और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमांड और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स), पिलानी ने सोमवार को अनुसंधान एवं विकास तथा तकनीकी नवाचारों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक एमओयू किया।

यह समझौता जयपुर स्थित सप्त शक्ति कमांड मुख्यालय में आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमांड लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह तथा बिट्स पिलानी के ग्रुप वाइस चांसलर प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव द्वारा किया गया। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य उभरती सैन्य परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप अकादमिक विशेषज्ञता को एकीकृत करना तथा आधुनिक युद्धक्षेत्र की जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचार-प्रधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है। इसका लक्ष्य सप्त शक्ति कमांड की विशिष्ट भौगोलिक एवं परिचालन चुनौतियों के अनुरूप स्वदेशी समाधान विकसित करना है। इस समझौते के अंतर्गत शैक्षणिक कार्यक्रमों, उन्नत अनुसंधान सुविधाओं एवं विशेष कार्यशालाओं तक पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे सप्त शक्ति कमांड के मानव संसाधन को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाया जा सके। बिट्स पिलानी के ग्रुप वाइस चांसलर प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव ने कहा कि सप्त शक्ति कमांड की परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान क्षमताओं को संरेखित कर बिट्स पिलानी स्वदेशी एवं प्रभावी समाधान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर ने कहा कि वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य में भविष्य के युद्धों में सफलता के लिए तकनीकी रूप से उन्नत और स्वदेशी समाधान अनिवार्य हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि बिट्स पिलानी की विशेषज्ञता भारतीय सेना की परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप अकादमिक अनुसंधान को दिशा प्रदान करेगी तथा 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### मेलबर्न में 108 कुंडीय यज्ञ, टोक्यो में भारतीय समुदाय ने मनाया परशुराम जयंती उत्सव

# ऑस्ट्रेलिया और जापान में 'जय-जय परशुराम' की रही गूंज

महानगर टाइम्स संवाददाता





**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन के आनुषंगिक संगठन इस्पेक से जुड़े पदाधिकारियों ने विदेशों में भी भगवान परशुराम जयंती का भव्य एवं गरिमापूर्ण आयोजन किया। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया और जापान में भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं की झलक देखने को मिली। इस्पेक के राष्ट्रीय प्रभारी प्यारेलाल शर्मा ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित दुर्गा मंदिर में 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर चिरंजीव भगवान परशुराम का स्मरण किया। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ वातावरण 'जय-जय परशुराम' के जयघोष से गूंज उठा। वहीं जापान की राजधानी टोक्यो में भारतीय मूल के लोगों ने एकत्र होकर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# सीवर में दम घुटने से दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में निगम ने बनाई कमेटी

### कमेटी में 6 अधिकारी शामिल, 7 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** सीवर चैंबर में जहरीली गैस से दम घुटने से दो सफाई कर्मचारियों की मौत के मामले में नगर निगम ने जांच कमेटी गठित कर दी है। इस कमेटी में अतिरिक्त आयुक्त समेत 6 अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह कमेटी 7 दिन में जांच कर रिपोर्ट अतिरिक्त आयुक्त मुख्यालय निगम को सौंपेगी। कमेटी में अतिरिक्त आयुक्त सेकंड प्रवीण कुमार, उपायुक्त स्वास्थ्य ओम थानवी, उपायुक्त झोटवाड़ा मनीषा यादव, अधीक्षण अभियंता (सीवर) चरणसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता दिनेश चंद गुप्ता और अधिशासी अभियंता (गैराज) गोपाल मूंड को शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि 17 अप्रेल को झोटवाड़ा जोन के वार्ड 24 में सीवर चैंबर की सफाई के लिए दो कर्मचारियों पुरानी बस्ती जयपुर निवासी अजय और बनीपार्क निवासी रामबाबू को उसमें उतारा था।

इस दौरान वहां जहरीली गैस से दोनों कर्मचारियों का दम घुट गया और वह वहीं बेहोश हो गए। जिनको बाद में उपचार के लिए कांवटिया हॉस्पिटल लेकर गए और डॉक्टरों ने कुछ देर तक उन्हें सीपीआर देकर इलाज किया, लेकिन आखिर में दोनों कर्मचारियों ने दम तोड़ दिया था। इस घटना के बाद सफाई कर्मचारी यूनियन ने विरोध-प्रदर्शन कर देर रात तक कांवटिया हॉस्पिटल के बाहर शव रखकर धरना दिया था।

# आईपीएल 2026 से 'जयपुर में करोबार को मिलेगी संजीवनी'

- हवामहल से एमआई रोड तक 'आईपीएल इफेक्ट': 30 फीसदी तक बढ़ी बिक्री



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** आईपीएल 2026 के जयपुर पहुंचते ही शहर की अर्थव्यवस्था में जैसे नई जान आ जाती है। राजस्थान रॉयल्स के चार घरेलू मुकाबले सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले जाएंगे। जयपुर में आईपीएल मैच शुरू होते ही होटल, टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और बाजार हर सेक्टर में रौनक लौट आती है। नॉन-सीजन की सुस्ती के बीच आईपीएल जयपुर के कारोबार के लिए 'संजीवनी' बनकर उभरता है। बाहरी पर्यटकों की आमद, होटल्स की बढ़ती बुकिंग और बाजारों में बढ़ती खरीदारी मिलकर शहर की इकोनॉमी को एक महीने के लिए 'फुल स्पीड' पर ले जाती है।

स्टेडियम की करीब 25 हजार की क्षमता हर मैच में लगभग फुल रहती है। इनमें 60-70 फीसदी स्थानीय दर्शक होते हैं, जबकि 25-30 फीसदी लोग दूसरे राज्यों से जयपुर पहुंचते हैं। यही बाहरी दर्शक होटल इंडस्ट्री के लिए 'गेम चेंजर' बनते हैं। मैच के साथ वे पर्यटन स्थलों पर घूमते हैं, बाजारों में खरीदारी करते हैं और शहर में कम से कम एक रात रुकना उनकी मजबूरी बन जाती है। अनुमान है कि होटल इंडस्ट्री जहां रोजाना करीब 1 करोड़ रुपए का कारोबार करती है, वहीं टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और शॉपिंग सेक्टर को मिलाकर यह आंकड़ा 2 करोड़ रुपए प्रतिदिन तक पहुंच जाता है। कैब ड्राइवर, ऑटो चालक और डिलीवरी एजेंट्स की कमाई में 30-40 फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज होती है।

अनुमान के मुताबिक, हर मैच के दिन जयपुर में 4,000 से 5,000 अतिरिक्त होटल रूम बुक होते हैं। अगर प्रति रूम औसत किराया 1,000 से 2,000 रुपए माना जाए, तो सिर्फ इन अतिरिक्त बुकिंग्स से ही होटल सेक्टर 80 लाख से 1 करोड़ रुपए का कारोबार कर लेता है। दिलचस्प यह भी है कि करीब 15 फीसदी दर्शक ऐसे होते हैं, जो मैच के बाद अगले दिन लौट जाते हैं, लेकिन वे भी ट्रांसपोर्ट, फूड और शॉपिंग के जरिए शहर की अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं। होटल इंडस्ट्री के अनुसार, 'आईपीएल के दौरान नॉन-सीजन (अप्रेल से जुलाई) में भी कमरे फुल रहने लगते हैं, जो आमतौर पर खाली रहते हैं। जयपुर में इस सीजन राजस्थान रॉयल्स के 4 बड़े मुकाबले खेले जाएंगे, जो शहर की अर्थव्यवस्था को सीधा बूस्ट देंगे। 25 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, 1 मई को राजस्थान रॉयल्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 9 मई को राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटन्स और 19 मई को राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स बीच मुकाबला खेला जाएगा।

### यूथ ट्रैवल ट्रेंड : ग्रुप में आओ, मिड-रेंज होटल्स भरो

बाहरी राज्यों से आने वाले दर्शकों में सबसे ज्यादा संख्या युवाओं की होती है, जो ग्रुप बनाकर मैच देखने आते हैं। ये यूथ ट्रैवलर्स आमतौर पर 3-स्टार या मिड-रेंज होटल्स को प्राथमिकता देते हैं। स्टूडेंट्स और बजट ट्रैवलर्स कम खर्च वाले होटल्स या गेस्ट हाउस चुनते हैं, जबकि फैमिली टूरिस्ट 3-स्टार से ऊपर के होटल्स में ठहरना पसंद करते हैं।

### होटल से हाट-बाजार तक रोजाना 2 करोड़ का बूस्ट

आईपीएल का असर सिर्फ होटल इंडस्ट्री तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा शहर 'इकोनॉमिक एक्टिविटी' से भर जाता है। मैच देखने आए पर्यटक हवा महल, आमेर किला और जल महल जैसे पर्यटन स्थलों पर भी पहुंचते हैं। स्थानीय बाजार जैसे बापू बाजार, जौहरी बाजार और एमआई रोड में 25-30 फीसदी तक बिक्री बढ़ जाती है। कपड़ा, ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट और फूड सेक्टर में जबरदस्त उछाल देखने को मिलता है। खासकर मैच के दिन रेस्टोरेंट और कैफे में वेटिंग लिस्ट लग जाती है।

### इनका कहना है...



जयपुर में करीब 3,000 होटल्स हैं और आईपीएल के दौरान ऑक्यूपेंसी 90-95 फीसदी तक पहुंच जाती है। खास बात यह है कि होटल्स शुरुआत में रूम रेट नहीं बढ़ाते, बल्कि पहले फुल ऑक्यूपेंसी हासिल करते हैं और उसके बाद प्राइसिंग में बदलाव होता है। वीआईपी गेस्ट्स और टीम मैनेजमेंट के लिए एडवांस बुकिंग पहले से ही ब्लॉक रहती है, जिससे प्रीमियम सेगमेंट को अलग से फायदा मिलता है।

**हुसैन खान,** प्रेसिडेंट, होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान

---

## बीकानेर-कोलकाता सुपरफास्ट एकतरफा स्पेशल ट्रेन का संचालन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए बीकानेर-कोलकाता सुपरफास्ट एकतरफा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार 04701 बीकानेर-कोलकाता सुपरफास्ट एकतरफा स्पेशल ट्रेन 22 अप्रेल को बीकानेर से 6:00 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 11:35 बजे आगमन व 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13:05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में नोखा, नागौर, डेगाना, मकराना, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, ईदगाह, टूंडला, गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर व वर्धमान स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 2 सेकंड एसी, 18 शयनयान व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

**मैसूरू-जोधपुर-मैसूरू एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन मार्ग परिवर्तित रहेगी** : रेलवे द्वारा अहमदाबाद स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के कारण मैसूरू-जोधपुर-मैसूरू स्पेशल ट्रेन का मार्ग परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार 06273 मैसूरू-जोधपुर स्पेशल ट्रेन जो 20 व 27 अप्रेल को (2 ट्रिप) मैसूरू से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग वडोदरा-रतलाम-चंदेरिया-अजमेर-मारवाड़ होकर संचालित होगी। वहीं 06274 जोधपुर-मैसूरू स्पेशल ट्रेन जो 23 व 30 अप्रेल को (2 ट्रिप) जोधपुर से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग मारवाड़ जं.-अजमेर-चंदेरिया-रतलाम-वडोदरा होकर संचालित होगी। इस संबंध में 19 अप्रेल को जारी प्रेस विज्ञप्ति को निरस्त समझा जाए। 06274 जोधपुर-मैसूरू स्पेशल ट्रेन जोधपुर से अपने निर्धारित समय 22:45 बजे ही संचालित होगी।

## नाबालिग को नियुक्ति देकर बाद में किया बर्खास्त, हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी आदेश किया रद्द

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग को सफाई कर्मचारी के तौर पर नियुक्ति देने के कुछ साल बाद उसे इस आधार पर बर्खास्त करने को गलत माना है। इसके साथ ही अदालत ने उसे बर्खास्त करने वाले 20 फरवरी, 2023 के आदेश को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा है कि याचिकाकर्ता को इस अवधि का भुगतान दिए बिना अन्य परिलाभों के साथ पुनः सेवा में लिया जाए। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह आदेश जितेंद्र मीणा याचिका पर दिए।

अदालत ने कहा कि नियुक्ति के समय याचिकाकर्ता ने कोई तथ्य नहीं छिपाए थे। यह नियोक्ता की जिम्मेदारी थी कि वह तथ्यों का सत्यापन करता, लेकिन उन्होंने ना तो आवेदन पत्र की जांच के समय, चयन प्रक्रिया के दौरान और ना ही नियुक्ति देते समय सत्यापन किया। इसके अलावा सेवा समाप्त करने से पूर्व याचिकाकर्ता को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया गया।

याचिका में अधिवक्ता सीपी शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने साल 2018 में सफाई कर्मचारी के पदों पर भर्ती निकाल न्यूनतम 18 साल की आयु के अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे। याचिकाकर्ता की उम्र उस समय 18 साल से कम थी, लेकिन उसने यह तथ्य नहीं छिपाया और भर्ती में शामिल हो गया। विभाग ने भर्ती प्रक्रिया पूरी कर उसका चयन कर लिया और सितंबर, 2018 में उसे नियुक्ति दे दी। याचिका में कहा गया कि उस समय वह 17 साल 4 माह का था। नियुक्ति के बाद अप्रेल, 2019 और मई, 2020 में उसके प्रकरण को स्थानीय निकाय निदेशक को भेजा गया, लेकिन निदेशक ने उस पर अपना जवाब देने में दो साल का समय लगा दिया। इस दौरान याचिकाकर्ता न्यूनतम आयु सीमा को पार कर गया। इसके बाद 20 फरवरी, 2023 को उसे 22 साल की उम्र में सेवा से बर्खास्त कर दिया। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि उसने कोई तथ्य नहीं छिपाया है तो उसकी बर्खास्तगी नहीं की जा सकती। वहीं विभाग की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता ने विज्ञापन की शर्त के अनुसार 1 जनवरी, 2019 को न्यूनतम आयु सीमा प्राप्त नहीं की थी, लेकिन लिपिकीय गलती के कारण उसकी नियुक्ति हो गई। ऐसे में याचिकाकर्ता को बर्खास्त करना उचित था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दिया है।

---

**जयपुर में महिला आरक्षण को लेकर सियासी जंग तेज, भाजपा का 'जन आक्रोश मार्च' और कांग्रेस का पलटवार**

# महिला अधिकारों में बाधक बनी कांग्रेस कर रही वोट बैंक की राजनीति : शर्मा

**भजनलाल शर्मा का तीखा हमला, विपक्ष पर महिला विरोधी मानसिकता का आरोप**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय से भाजपा महिला मोर्चा की 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' को हरी झंडी दिखाते हुए विपक्ष पर सीधा हमला बोला। सीएम ने कहा कि 17 अप्रेल का दिन इतिहास बन सकता था, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने इसे 'काला पृष्ठ' बना दिया।

भजनलाल शर्मा ने आरोप लगाया कि 70 वर्षों तक देश पर शासन करने वाले दलों ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कुछ खास नहीं किया और केवल वोट बैंक की राजनीति की। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार महिलाओं के अधिकारों के लिए कदम उठा रही है, तब भी विपक्ष उसमें बाधा डाल रहा है। सीएम ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने की दिशा में बड़ा कदम है और विपक्ष की सोच महिला विरोधी है। उधर, भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शहीद स्मारक तक पैदल मार्च किया।




### महिलाओं का नहीं बल्कि 'भारत माता का अपमान'

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी मंच से कड़ा बयान देते हुए कहा कि यह सिर्फ महिलाओं का नहीं बल्कि 'भारत माता का अपमान' है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं के अवसर छीने हैं और उन्हें आगे बढ़ने से रोका है, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि ऐसे लोगों को अपने कृत्य पर शर्म आनी चाहिए।

### विपक्ष की महिला विरोधी सोच, जनता देगी जवाब

पदयात्रा में शामिल भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष ने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन न करके घृणित कार्य किया है और जनता इसके लिए उन्हें जवाब देगी। पार्टी नारी सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए लाया गया संशोधन महिलाओं को मुख्यधारा में सशक्त भागीदारी देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था, जिसे कांग्रेस और उनकी इंडी गठबंधन ने गिराने का काम किया।

### पुलिस-महिला कार्यकर्ताओं में टकराव

महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हाथों में बैनर और तख्तियां लिए कार्यकर्ता शहीद स्मारक की ओर बढ़े। कमिश्नरेट के सामने पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। इस कार्रवाई से नाराज महिला कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुमन शर्मा सहित कुछ महिला कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स पार करने की भी कोशिश की। इससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान महिला कांस्टेबल और सुमन शर्मा के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई।

### महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्का मुक्की




भाजपा जहां कांग्रेस को महिला विरोधी करार देते हुए आंदोलन कर रही है तो वहीं कांग्रेस भी प्रदर्शन कर रही है। सोमवार को महिला कांग्रेस ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने संसार चंद्र रोड पर ही बैरिकेड लगाकर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ काफी देर तक धक्का-मुक्की होती रही। कांग्रेस कार्यकर्ता आगे बढ़ना चाह रही थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। वहीं, प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री कुर्सी छोड़ो के नारे भी लगाए।

**तत्काल प्रभाव से लागू हो आरक्षण बिल :** प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि संसद में विपक्ष ने महिला आरक्षण बिल नहीं गिराया, बल्कि इसकी आड़ में जो परिसीमन लेकर आए थे उसको गिराया है। मोदी सरकार अपने आपको सुरक्षित रखना चाह रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष की मांग है कि साल 2023 में जो महिला आरक्षण बिल पारित हुआ था, उसे तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए, लेकिन सरकार उसे लागू नहीं कर रही है और विपक्ष को बदनाम करने का काम कर रही है।

---

## धीमी गति से चल रहा झोटवाड़ा ड्रेनेज लाइन का काम

- 800 मीटर काम बाकी, मई में करना था पूरा
- झोटवाड़ा आरओबी से द्रव्यवती नदी तक डलेगी ड्रेनेज लाइन
- 12 करोड़ रुपए होंगे खर्च, पिछले साल शुरू किया था काम

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** झोटवाड़ा आरओबी से खातीपुरा और खातीपुरा से आर्मी एरिया द्रव्यवती नदी तक जेडीए ड्रेनेज लाइन डाल रहा है। इस काम को मई माह में पूरा करने का टारगेट रखा था, लेकिन फिलहाल 60 फीसदी काम ही हो पाया है।

जानकारी के अनुसार झोटवाड़ा आरओबी से खातीपुरा और आर्मी एरिया तक करीब 3.6 किमी ड्रेनेज लाइन डालने का काम पिछले साल शुरू किया गया। इस काम से झोटवाड़ा के आधा दर्जन से अधिक वार्ड लाभान्वित होंगे। वर्तमान में खातीपुरा पुलिया से झोटवाड़ा पुलिया के बीच 800 मीटर लंबी ड्रेनेज लाइन डालने का काम किया जा रहा है। आर्मी एरिया के एक बड़े हिस्से में ड्रेनेज लाइन डाली जा चुकी है। यह ड्रेनेज लाइन करीब 2 मीटर चौड़ी है।



लाइन डालने का काम पद्मावती कंस्ट्रशन द्वारा किया जा रहा है। इस ड्रेनेज लाइन पर करीब 12 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

### क्वालिटी वर्क की खुलने लगी पोल

वर्तमान में जेडीए द्वारा अंबाबाड़ी मॉल रोड पर ड्रेनेज लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इस काम की क्वालिटी की बारिश से पूर्व ही पोल खुलने लगी है। ड्रेनेज लाइन पर लगाई जालियों के आसपास और लाइन के पास खड्डे बनने लगे हैं। अंबाबाड़ी व उसके आसपास का एरिया जलभराव की समस्या से जूझ रहा था। इसी के मद्देनजर यहां ड्रेनेज लाइन का काम किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन काम में लापरवाही या घटिया काम राहत के स्थान पर आमजन के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं।

## जैन मंदिर में आचार्य संघों का मंगल प्रवेश, वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सांगानेर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, ठोलियान में आयोजित होने वाले वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव व महामस्तकाभिषेक कार्यक्रम से पूर्व मंगलवार को आचार्य सुन्दर सागर महाराज ससंघ, शशांक सागर महाराज एवं आर्यिका रत्न नंदीश्वर माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक चांदवाड व महामंत्री राजीव ठोलिया ने बताया कि आचार्य संघ मालवीय नगर सेक्टर-3 से मंगल विहार कर बाण वाला हाउस पहुंचेगा। जहां से घट यात्रा निकाली जाएगी। महिलाएं मंगल कलश के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगी। जुलूस ठोलियान मंदिर पहुंचेगा, जहां भव्य स्वागत होगा। मुख्य संयोजक प्रदीप ठोलिया ने बताया कि मंगलवार को वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू होगा। प्रतिष्ठाचार्य पं. सनत कुमार जैन के निर्देशन में देव-गुरु आज्ञा, वेदी शुद्धि व ध्वजारोहण के बाद धर्मसभा होगी। संयोजक मीनू सोगानी ने बताया कि बुधवार को अभिषेक, शांतिधारा, विश्व शांति महायज्ञ व धर्मसभा के बाद वेदी में श्रीजी विराजमान कर शिखर पर कलश स्थापना व ध्वजारोहण किया जाएगा।

## कांस्टेबल ने दिया ईमानदारी का परिचय, 40 लाख रुपए के गहनों से भरा पर्स लौटाया

- सड़क पर मिला था जेवरात से भरा बैग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्यामनगर थाने में तैनात एक कांस्टेबल ने ईमानदारी का परिचय दिया। गश्त के दौरान उसे सड़क पर जेवरात व नकदी से भरा पर्स मिला। पर्स में करीब 30 लाख रुपए के गहने और नकदी थी। ईमानदारी का परिचय देने पर डीसीपी ने कांस्टेबल को ईनाम देने की घोषणा की है।

पुलिस के अनुसार सोमवार को कांस्टेबल मुखराम चेतक ड्यूटी पर तैनात था। गश्त के दौरान कटेवा नगर में उसे सड़क पर एक पर्स पड़ा मिला। पर्स में 30 लाख रुपए के जेवरात, 10600 रुपए और मोबाइल रखा था। पर्स की तलाशी के दौरान कांस्टेबल ने उसका वीडियो भी बना लिया था, ताकि कोई आरोप ना लगे। पर्स को लेकर थाने आने के दौरान उसमें रखे मोबाइल पर कॉल आया। कांस्टेबल ने पीड़िता को थाने आने को कहा। इस पर पीड़िता थाने पहुंची और कांस्टेबल ने जांच के बाद उसे पर्स लौटा दिया। पीड़िता ने कांस्टेबल को धन्यवाद दिया। पर्स में दो सोने की चेन, दो ब्रासलेट, एक सोने का हार, 5 सोने की अंगूठी और मोबाइल रखा था। यह पर्स कटेवा नगर निवासी रीता मिश्रा का था। पीड़िता अपने बच्चों के साथ ऑटो में बैठकर शादी में शरीक होने बीकानेर जा रही थी। इसी दौरान उसका पर्स रास्ते में गिर गया।



### पहले अपार्टमेंट में फंसे लोगों को बचाया था

पिछले दिनों श्याम नगर थाना इलाके में 10 मंजिला अपार्टमेंट के 6-फ्लोर स्थित फ्लैट में भीषण आग लग गई थी। फ्लैट में फंसे लोगों की जान बचाने के लिए कांस्टेबल मुखराम आग में कूद गया और आधा दर्जन लोगों को अपनी जान की परवाह किए बगैर सकुशल बाहर निकाल लाया। फ्लैट में आग लगने की सूचना पर फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग के चलते पूरा अपार्टमेंट धुएं के गुबार से भर गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल कांस्टेबल अंकित और मुखराम जैसे-तैसे 5वीं मंजिल पर पहुंचे। वहां लगे शीशों को तोड़कर धुएं को निकालकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया।

---

**गर्मी बढ़ते ही लोड बढ़ा, ट्रिपिंग और लोकल फॉल्ट के मामलों में बढ़ोत्तरी**

# बिजली की खपत बढ़ने के साथ ही फॉल्ट की शिकायतें बढ़ीं, डिस्कॉम टीमें अलर्ट

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गर्मी का पारा चढ़ते ही शहर की बिजली व्यवस्था हांफने लगी है। पिछले एक सप्ताह की बात करें तो शहर के कई इलाकों में दिनभर फॉल्ट और ट्रिपिंग ने उपभोक्ताओं को परेशान रखा। हालांकि कोई बड़ा ब्रेकडाउन नहीं हुआ, लेकिन लोकल स्तर पर बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को राहत नहीं मिल सकी। वहीं जयपुर डिस्कॉम के कंट्रोल रूम में प्रतिदिन सुबह से ही शिकायतों का सिलसिला शुरू होता है, जो देर शाम तक जारी रहता है। शहर के अलग-अलग जोनों से लो वोल्टेज, फीडर ट्रिपिंग और ट्रांसफार्मर फॉल्ट की शिकायतें सर्वाधिक सामने आईं। खासकर घनी आबादी वाले और पुराने इलाकों में समस्या ज्यादा देखने को मिली है, जहां नेटवर्क पहले से ही दबाव में है। कई स्थानों पर 15 से 30 मिनट तक बिजली बाधित रही तो कुछ जगहों पर बार-बार ट्रिपिंग ने लोगों को परेशान किया।



विभागीय सूत्रों के मुताबिक तापमान बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग में अचानक उछाल आया है। घरों में एसी, कूलर और अन्य उपकरणों के एक साथ चलने से फीडरों पर लोड बढ़ गया, जिससे सिस्टम पर दबाव साफ नजर आया। यही वजह रही कि छोटे-छोटे तकनीकी फॉल्ट बार-बार सामने आए। कई उपभोक्ताओं ने बिजली से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई है। हालांकि विभाग का दावा है कि अधिकतर शिकायतों का निस्तारण तय समय में कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार हर शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया और टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया। फील्ड में भी टीमें पूरी तरह सक्रिय रहती हैं। अलग-अलग जोनों में लाइनमैन और तकनीकी स्टाफ फॉल्ट सुधारने के लिए मौके पर पहुंचकर काम कर रहे हैं। कई जगहों पर ट्रांसफार्मर में खराबी की शिकायतें भी इन दिनों सामने आई हैं। डिस्कॉम अधिकारियों का मानना है कि जैसे-जैसे गर्मी और बढ़ेगी, बिजली की मांग में और इजाफा होगा। ऐसे में पुराने फीडर और ट्रांसफार्मर सबसे बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

### लोड मैनेजमेंट पर भी फोकस

इधर विभाग भी स्थिति को लेकर सतर्क है। सूत्रों के अनुसार कमजोर इलाकों की पहचान कर वहां विशेष मेंटेनेंस अभियान चलाने की तैयारी है। साथ ही लोड मैनेजमेंट पर भी फोकस बढ़ाया जा रहा है, ताकि पीक आवर्स में सिस्टम पर दबाव को संतुलित किया जा सके।

## आरएएस में 19वीं रैंक प्राप्त करने पर तनीषा यादव का सम्मान

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** अजमेर रोड स्थित कोश्या की ढाणी निवासी तनीषा यादव पुत्री नान्चू राम यादव एवं अनिता यादव ने राजस्थान प्रशासनिक परीक्षा 2024 में 19वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर इन्द्र पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तनिषा यादव ने स्टूडेंट्स को सतत प्रयास एवं अनुशासन द्वारा अपना लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। प्रिंसिपल निशा रावत ने माला एवं साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। निदेशक दीप सिंह रावत ने विद्यालय परिवार की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समाज सेवक प्रभु यादव एवं पार्षद पीयूष किराडू उपस्थित रहे।



facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


### 4060 करोड़ की चंबल-नादौती-सवाई माधोपुर पेयजल परियोजना का जिला कलेक्टर कानाराम ने किया निरीक्षण

# सवाईमाधोपुर-करौली जिले के 1426 गांवों व 8 शहरों को मिलेगा लाभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर काना राम ने चंबल-नादौती-सवाई माधोपुर वृहद पेयजल परियोजना का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता परियोजना केएम शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने मण्डरायल स्थित चंबल सीडब्ल्यूआर सेंटर, फिल्टर प्लांट एवं राजघाट पर बने इनटेक वेल का भी अवलोकन कर जल उपलब्धता एवं क्षमता का आंकलन किया। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की तैयारियों की



समीक्षा करते हुए जलदाय विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दीर्घकालिक एवं सतत पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

जिला कलेक्टर ने मण्डरायल के निकट चंबल नदी पर प्रस्तावित इनटेक वेल का निरीक्षण कर परियोजना की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इनटेक वेल से जल को पम्प कर रॉ-वॉटर जलाशय में संग्रहित

**परियोजना तीन पैकेज में विभाजित**

प्रथम पैकेज : इनटेक वेल, एप्रोच ब्रिज एवं रॉ-वॉटर संरचना

द्वितीय पैकेजः क्लस्टर पम्प हाउस एवं मुख्य पाइपलाइन

तृतीय पैकेजः गांवों में वितरण प्रणाली

किया जाएगा, तत्पश्चात जल शोधन संयंत्र के माध्यम से शुद्ध कर पाइपलाइन द्वारा उच्च जलाशयों में पहुंचाकर गांवों एवं शहरों में वितरित किया जाएगा। साथ ही 3 माह की अतिरिक्त जल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त क्षमता के जलाशय भी निर्मित किए जाएंगे।

अधीक्षण अभियंता परियोजना केएम शर्मा ने अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लगभग 4060 करोड़ रुपए की लागत से चंबल आधारित इस वृहद पेयजल परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। पूर्व में एस.एल.एस.एस.सी. की स्वीकृति अनुसार सवाईमाधोपुर और करौली जिले के कुल 1426 गांव एवं 8 शहरों को कवर किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें सवाई माधोपुर जिले के 579 गांव एवं 4 शहर (सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बामनवास एवं महूकलां) शामिल हैं।

परियोजना के तहत सवाई माधोपुर जिले की विभिन्न तहसीलों में वजीरपुर के 40 गांव, गंगापुर सिटी के 78, बामनवास के 139, खण्डार के 126, सवाई माधोपुर के 147 एवं चौथ का बरवाड़ा के 49 गांवों को लाभान्वित किया जाएगा।

संबंधित अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2054 तक की पेयजल मांग को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई गई है, जिसमें सवाई माधोपुर जिले की 2054 में अनुमानित जनसंख्या लगभग 19.5 लाख तक को ध्यान में रखते हुए जल आपूर्ति का प्रावधान किया गया है।

परियोजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत सवाई माधोपुर जिले के 126 गांवों में लगभग 22,098 घरेलू जल कनेक्शन प्रदान किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला कलेक्टर ने परियोजना के क्रियान्वयन के लिए भूमि आवंटन की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शेष लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। जिले में प्रस्तावित 60 उच्च जलाशयों में से 52 तथा 26 पम्प हाउसों में से 21 स्थलों पर भूमि आवंटन किया जा चुका है, शेष कार्य प्रक्रियाधीन हैं। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना से जुड़े सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्यों में गति लाई जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह भी बताया कि परियोजना के पूर्ण होने तक अस्थाई पम्पिंग व्यवस्था के माध्यम से गंगापुर सिटी एवं अन्य क्षेत्रों को अतिरिक्त पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है तथा जल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न करने वाले तकनीकी मुद्दों के समाधान हेतु आवश्यक प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं।

**चम्बल पम्प हाउस हिंगोटिया का निरीक्षण**

जिला कलेक्टर ने गंगापुर सिटी स्थित चंबल पम्प हाउस (हिंगोटिया) का निरीक्षण कर कनेक्टिविटी एवं कार्यशीलता की समीक्षा की तथा जलदाय विभाग कार्यालय में बैठक लेकर शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता गंगापुर सिटी रामकेश मीणा को निर्देशित किया कि 7 दिवस के भीतर बिजली कनेक्शन जारी कर 15 नए ट्यूबवेल प्रारंभ किए जाएं, ताकि गंगापुर सिटी उपखंड के आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। जिला कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में पेयजल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी तथा इसके पूर्ण होने पर हजारों परिवारों को दीर्घकालिक राहत मिलेगी।

---

## 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 210 विद्यार्थी होंगे सम्मानित



### जिला स्तर पर 27 अप्रैल को होगा सम्मान समारोह

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** तृतीय जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को शिक्षा विभाग एवं रणथंभौर हेरीटेज सोसायटी की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय किया गया कि राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 210 मेधावी विद्यार्थियों को जिला कलेक्टर द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। रणथंभौर हेरिटेज सोसायटी के सौजन्य से आयोजित यह तृतीय जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 27 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित उत्सव मैरिज गार्डन में आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तथा बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले 10 प्रधानाचार्यों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने, उन्हें प्रोत्साहित करने तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक प्रेरणा मिलती है। बैठक में शिक्षा विभाग से एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना सहित सोसायटी के सचिव कैलाशचंद जैन, कोषाध्यक्ष कैलाश खंडेलवाल, डॉ. मनीष शर्मा एवं डॉ. अतुल जैन उपस्थित रहे।

---

## स्वर्ण जयंती गौरव अवॉर्ड कामां जैन समाज को किया समर्पित



**कामवन (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद शाखा कामां को शाश्वत तीर्थ अयोध्या में गणिनी प्रमुख आर्यिका ज्ञानमती माताजी ससंघ सान्निध्य में युवा परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान प्राप्त स्वर्ण जयंती गौरव अवॉर्ड को औपचारिक कार्यक्रम आयोजित कर जैन समाज कामां को समर्पित किया गया। युवा परिषद के अध्यक्ष आकाश जैन सर्राफ ने बताया कि जैन धर्म के 17वें तीर्थंकर कुंथुनाथ भगवान के जन्म-तप कल्याणक के अवसर पर कोट ऊपर स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संध्याकालीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ णमोकार महामंत्र के जाप से हुआ, वहीं 48 दीपों से भक्तामर पाठ की अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वर्ण जयंती गौरव अवार्ड जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन लहसरिया सहित पदाधिकारियों को समर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा परिषद के प्रदेश संयुक्त महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने कहा कि वर्ष 1979 में कामां निवासी उदयभान जैन के प्रयासों से अंकुरित बीज आज वट वृक्ष के रूप में फलित हो रहा है, युवा परिषद कामां शाखा उसी का परिणाम है। इस अवसर पर दीपक जैन, संजय सर्राफ ने भी विचार रखे।

---

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने की बजट घोषणाओं की समीक्षा, फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

# 'सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का किया जाए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं तथा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं का संतुष्टि स्तर बढ़ाया जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को जिले में लू एवं ताप को मध्यनजर रखते हुए चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए।

### टैंकरों के माध्यम से करें पेयजल आपूर्ति

पीएचईडी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खंडेला, दांतारामगढ़ एवं श्रीमाधोपुर क्षेत्रों में पेयजल संबंधी कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए संबंधित क्षेत्र के एईएन, एसडीएम से समन्वय रखते हुए आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारियों को ई-फाइलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को टीबी मुक्त अभियान में



प्रगति बढ़ाने को कहा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले के 297 गांवों में टीबी मुक्त शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### नवनिर्मित ट्यूबवेलों में शीघ्र कराएं विद्युत कनेक्शन

एडीएम ने लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय किश्तों के शेष भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए। साथ ही फ्लैगशिप योजनाओं में निर्माणाधीन कार्यों तथा कुसुम योजना के घटक ए,बी,सी में प्रगति बढ़ाने तथा अजमेर विद्युत वितरण निगम को पीएचईडी के नवनिर्मित ट्यूबवेलों में शीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने समस्त विभागों को बजट घोषणाओं के अंतर्गत पूर्ण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट समय पर भिजवाने तथा जिले में नशा मुक्ति अभियान में आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

**मानसून से पूर्व नाले-नालियों की करें सफाई**

समस्त नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने, एनजीटी के निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने तथा मानसून से पूर्व सभी नगर पालिका क्षेत्रों में नाले-नालियों की साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना कार्य की पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने, दांता, खाटू एवं धोद के अधिशासी अधिकारियों को पेंशन सत्यापन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने तथा खाद्य सुरक्षा में प्राप्त अपीलों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

---

## 'ग्रीष्म ऋतु में बिजली, पानी की निर्बाध आपूर्ति हो सुनिश्चित'

**सवाई माधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता )।** आवश्यक एवं मूलभूत सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण सेवा केन्द्र में हुई। बैठक में शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़क सहित 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान' एवं मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/वार्ड अभियान की प्रगति पर चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल संकट वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर वहां निर्बाध जल आपूर्ति, सभी प्याऊ की मरम्मत कराकर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियंता ए.के. बुजैटिया को अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने, विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम 07462-222424, 9413383132 को 24 घण्टे सक्रिय रखने तथा सप्ताह में एक दिन निरीक्षण कर अधिक ट्रिपिंग वाले क्षेत्रों का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। सवाई माधोपुर शहर सहित लटिया नाले के बहाव क्षेत्र में आने वाले बिजली पोल व ट्रांसफार्मरों को अन्यत्र शिफ्ट कर मानसून



के दौरान आमजन को निर्बाध बिजली, पानी एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को अभी से ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

वहीं सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को सभी चिकित्सा संस्थानों पर हीटवेव वार्ड स्थापित करने, एम्बुलेंसों में ऑक्सीजन सिलेंडर एवं आवश्यक संसाधनों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/वार्ड अभियान के तहत 25 अप्रैल को ग्राम व वार्ड सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वार्ड व ग्राम पंचायतवार स्टेक होल्डर्स से समन्वय स्थापित कर 2047 की आवश्यकता अनुसार विकास की कार्ययोजनाएं तैयार की जाए।

---

## अजीतगढ़ के 3 स्काउट्स एवं 8 गाइड्स का राष्ट्रपति अवॉर्ड प्रशिक्षण के लिए चयन



**श्रीमाधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ अजीतगढ़ के सचिव रामावतार शर्मा के अनुसार 3 स्काउट्स एवं 8 गाइड्स का राष्ट्रपति अवार्ड प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानगढ़ से 8 गाइड्स एवं 1 स्काउट का, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टटेरा एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुगराजपुरा से एक-एक स्काउट का चयन किया गया है। स्काउट्स का प्रशिक्षण राज्य प्रशिक्षण केन्द्र माउंट आबू में तथा गाइड्स का प्रशिक्षण राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बीकानेर में चल रहा है।

---

## लाहड़ी का बास में श्रीमद् भागवत कथा आज से, कलश यात्रा निकाली

**रामगढ़ पचवारा (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** उपखंड क्षेत्र के राहुवास ग्राम पंचायत के लाहड़ी का बास गांव में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ पं. महेश शास्त्री चैनपुरा ने ध्वजा पूजन के साथ किया। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर



मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। यात्रा मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस दौरान भगवान शिव की जीवंत झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। पं. महेश शास्त्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का 21 से 27 अप्रैल तक होगी। 28 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं प्रसादी का आयोजन होगा। कलश यात्रा में घासीसिंह, सुमेर, किशोर, गिर्राज, शंकर, नाथू, संदीप, ब्रजमोहन, राजेश, जयप्रकाश सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

---

## महिला वाहिनी सेवा समिति ने धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती



महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित भगवान परशुराम मंदिर में परशुराम सेना महिला वाहिनी सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में 1100 दीपकों से महाआरती की गई। इस अवसर पर परशुराम सेवा महिला वाहिनी सेना समिति की प्रदेशाध्यक्ष उर्मिला जोशी ने भी महाआरती में भाग लिया। इस दौरान समिति की लालसोट तहसील अध्यक्ष नम्रता शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता में की। महाआरती में पहुंची महिलाओं का परशुराम सेना महिला वाहिनी सेवा समिति जिला दौसा की तरफ से माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। महाआरती के उपरांत भगवान परशुराम का प्रिय भोग



ककड़ी और चने की दाल का प्रसाद चढ़ाया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री करुणा गौतम, दौसा जिला अध्यक्ष ऊषा गौतम, जिला उपाध्यक्ष संदीपा शर्मा, जिला मंत्री प्रमिला शर्मा, मिनू बाई , सभापति पिंकी चतुर्वेदी, उमा बोहरा, जिला शिक्षा अधिकारी अंजना त्यागी, जिला उपाध्यक्ष गायत्री जोशी, राधा भारद्वाज, जिला महामंत्री सोनाली, सावित्री सोनी, सरोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

## दो दिवसीय सत्रारंभ संस्था प्रधान (उ. मा.) वाकपीठ संगोष्ठी का शुभारंभ



महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** पीएम श्री अशोक शर्मा रा.उ.मा. वि. में दो दिवसीय सत्रारंभ संस्था प्रधान वाकपीठ संगोष्ठी सत्र 2026-27 सोमवार को शुरू हुई। संगोष्ठी में लालसोट ब्लॉक के सभी संस्था प्रधान (उ. मा.) ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में रमेश कुमार पारीक प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपस्थित रहे। अध्यक्षता सत्यनारायण मीणा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लालसोट ने की। विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम संयोजक मदनलाल पारीक, प्रधानाचार्य पीएम श्री अशोक शर्मा राउमावि लालसोट ने अतिथियों का स्वागत किया। रमेश कुमार पारीक ने गुरु के महत्व को बताते हुए विभिन्न प्रसंगों व उदाहरणों द्वारा सभी गुरुजनों को आदर्श गुरु बनने, विद्यार्थियों में दायित्व व संस्कार पैदा करने का संकल्प दिलाया। सत्यनारायण मीणा ने शिक्षा और संस्कार शिक्षकों का मुख्य उद्देश्य विषय पर अपनी बात रखी। वार्ताकार के रूप में नीरज शर्मा ने अनुपयोगी व अप्रचलित सामग्री निस्तारण विषय पर, एसएनए पोर्टल व आईएफएमएस विषय पर रामभरोसी मीणा ने, विद्यालय प्रबंधन में संस्था प्रधान की भूमिका विषय पर रामबाबू ज्योति ने, यू डाइस प्लस विषय पर रामनिवास मीणा ने अपनी-अपनी वार्ताएं प्रस्तुत की।

संगोष्ठी के अध्यक्ष रामबाबू ज्योति, सचिव नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष रतिराम मीणा, विभिन्न विद्यालयों से पधारे सभी संस्था प्रधान, स्थानीय विद्यालय के उपप्राचार्य मोहन उपाध्याय, बाबूलाल शर्मा, गिर्राज मीणा, अशोक गुप्ता, अरविंद मीणा, संजू गुप्ता, सपना खंडेलवाल, सुनील कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन हनुमान प्रसाद शर्मा ने किया।

---

# 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' का दिया संदेश

### झुंझुनूं में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक

महानगर टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** मान नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को झुंझुनूं ब्लॉक कांग्रेस और गिडानिया ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि कांग्रेस के झुंझुनूं विधानसभा प्रत्याशी रहे अमित ओला रहे। अध्यक्षता झुंझुनूं विधानसभा प्रभारी इस्लाम खान ने की।



अमित ओला ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर आमजन से जुड़ें और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पालन करते हुए आगामी चुनावों में कांग्रेस को मजबूत करना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

विधानसभा प्रभारी इस्लाम खान कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाना ही जीत की कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी निष्ठा, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ मैदान में उतरें, ताकि आने वाले चुनावों में कांग्रेस को और मजबूती मिल सके।

कार्यकारी अध्यक्ष खलील बुड़ाना ने कहा कि पार्टी की रीति-नीति और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय और अनुशासन के साथ काम करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें, जिससे आगामी चुनावों में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकें।

ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार काम करें। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर पार्टी की योजनाओं और विचारधारा को आमजन तक पहुंचाएं। कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने और बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया, ताकि आने वाले चुनावों में कांग्रेस को मजबूत स्थिति मिल सके। बैठक के दौरान 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' का संदेश देते हुए पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह महला (गिडानिया), ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली (झुंझुनूं), पूर्व अध्यक्ष तैयब अली, मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार, मुमताज अली कबाड़ी, जगनसिंह सिहाग, लालचंद सैनी, प्रदीप कुमार सैनी, मनोज कुमार, राजकुमार डिगरवाल, रमेश कुमार ओला नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक व मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारी, पार्षद व पार्षद प्रत्याशी, सरपंच व सरपंच प्रत्याशी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# भगवान परशुरामजी को अर्पित किए छप्पन भोग, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की महाआरती



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज की ओर से विद्याधर नगर स्थित परशुराम सर्किल पर वेद मंत्रोच्चार के साथ दुग्धाभिषेक किया गया। सैकड़ों दीपकों से महाआरती की गई।

मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक दिया कुमारी ने भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना कर मुख्य आरती की। गोपालन निदेशालय के निदेशक पंकज ओझा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भगवान परशुराम को छप्पन भोग अर्पित कर लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल युवाओं ने भगवान परशुराम के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। पूरे सर्किल को रोशनी से सजाया गया। इस मौके पर विरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र शर्मा, नगेन्द्र वशिष्ठ, विद्याधर शर्मा, निवर्तमान पार्षद मीनाक्षी शर्मा, निवर्तमान पार्षद दिनेश कांवट, आलोक भट्ट, सीताराम शर्मा, श्रीकांत शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान परशुराम से समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

# सोमवार को भी रही अक्षय तृतीया, लोगों ने जमकर की खरीदारी

## श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु, लक्ष्मी-गौरी की पूजा-अर्चना कर की सुख-समृद्धि की कामना

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उदियात तिथि के अनुसार सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रोहिणी नक्षत्र के दुर्लभ महासंयोग में सोमवार को अक्षय तृतीया का पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। गंगाजल मिले पानी से स्नान के साथ दिन की शुरुआत कर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी एवं गौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और अक्षय पुण्य की कामना की।



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया पर किए गए जप, तप, दान-पुण्य और शुभ कार्यों का फल कभी क्षय नहीं होता। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने कमल पुष्प, श्वेत पुष्प, कमलगट्टा, इत्र एवं खीर का भोग अर्पित कर श्रीसूक्त एवं कनकधारा स्तोत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ किया। मंदिरों में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा। शुभ मुहूर्त में बाजारों में भी दिनभर उत्साह और रौनक देखने को मिली। सोना, चांदी, कांसा, पीतल जैसे धातुओं के आभूषण एवं बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अचल संपत्ति की खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। ज्वेलरी प्रतिष्ठानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ नजर आई। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार सर्वार्थ सिद्धि योग, अभिजीत मुहूर्त एवं चर-लाभ-अमृत मुहूर्त के संयोग ने इस दिन को खरीदारी और नए कार्यों की शुरुआत के लिए अत्यंत फलदायी बना दिया।

दान-पुण्य के कार्यों में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। श्रद्धालुओं ने अन्न वस्त्र, चना, ऋतुफल, मटका एवं भोजन सामग्री का वितरण कर जरूरतमंदों की सहायता की। इसके साथ ही बेसहारा पशुओं को चारा-पानी उपलब्ध कराया।

### राशियों के अनुसार की खरीदारी

ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि अक्षय तृतीया पर सूर्य के तेज के कारण स्वर्ण की विशेष महत्ता मानी जाती है। इस दिन सोना खरीदना शक्ति, वैभव और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, जिससे घर में लक्ष्मी का स्थाई वास होता है और धन-धान्य में निरंतर वृद्धि होती है। ज्योतिष में विश्वास रखने वाले लोगों ने विशेष खरीदारी और दान कर शुभ फल की कामना की। मेष राशि के जातकों ने मूंगा एवं धातु आभूषण, वृष ने चांदी, अनाज, मिथुन ने अचल संपत्ति, कर्क ने मोती व धार्मिक वस्तुएं, सिंह ने स्वर्ण एवं तांबा, कन्या ने चांदी के सिक्के, निवेश, तुला ने वाहन एवं विद्युत उपकरण, वृश्चिक ने जल से जुड़ी वस्तुएं, धनु ने पीतल एवं धार्मिक ग्रंथ, मकर ने तांबा-पीतल, कुंभ ने चांदी एवं नीलम तथा मीन राशि के लोगों ने पीले वस्त्र तथा पात्रों की खरीदारी कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# हवन कर मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत, राजस्थान के तत्वाधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्री शिव हनुमान मंदिर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेशाध्यक्ष वी.डी. तिवारी ने भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद हवन में आहुतियां प्रदान की गई। समारोह के दौरान सभी को तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। लोगों ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने तथा धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पंडित कौस्तुभ शर्मा, महावीर शर्मा, विनोद शास्त्री, बाबूलाल शर्मा, गोपी कृष्ण शर्मा सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे।

## गोविन्द देवजी मंदिर में अक्षय तृतीया उत्सव भक्तिभाव से मनाया

# ठाकुरजी ने धारण किया धोती-दुपट्टा, मुख मंडल-चरणों पर चंदन का लेपन

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री गोविन्द धाम ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देवजी मंदिर में उदियात तिथि के अनुसार सोमवार को अक्षय तृतीया उत्सव भक्तिभाव से मनाया गया यह पर्व परंपरानुसार चंदन यात्रा के रूप में मनाया गया। सोमवार से ग्रीष्म ऋतु के आगमन पर ठाकुर श्रीजी की सेवा व्यवस्था में विशेष परिवर्तन हो गए। ठाकुर श्रीजी को प्रातःकालीन सेवा में धोती-दुपट्टा धारण कराए गए। इत्र सेवा में मोगरा, गुलाब एवं खस का उपयोग कर उन्हें शीतलता प्रदान की गई। मंगला झांकी के बाद श्रीमन् माध्व गौडेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया गया। ठाकुर श्रीजी को विशेष चंदन का लेपन किया गया। मुख मंडल, हाथ और चरणों पर चंदन का लेपन किया गया। ठाकुरजी को नवीन केसरिया धोती-दुपट्टा, विशेष आभूषण और मयूर सिरपेच धारण कराया गया।



### सभी प्रमुख वैष्णव मंदिरों में दिखा असर

पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ जी, चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर जी, मदन गोपाल जी, सुभाष चौक स्थित श्री सरस निकुंज, रामगंज बाजार के लाड़लीजी, श्री बृज निधि जी, आंनद कृष्ण बिहारी जी सहित अन्य वैष्णव मंदिरों में सोमवार से ठाकुर जी की दिनचर्या में परिवर्तन देखने को मिला। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि वैशाख शुक्ल तृतीया से राजधानी के सभी प्रमुख वैष्णव मंदिरों में ग्रीष्म ऋतु के प्रभाव को देखते हुए ठाकुरजी की सेवा-पद्धति में बदलाव हो गया है। इसमें शीतलता प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। अब गर्मी के मौसम में प्रमुख मंदिरों में ठाकुरजी का केसर-चंदन से चौला शृंगार किया जाएगा। प्रातः अभिषेक के बाद भगवान को केसर और चंदन का लेप लगाया जाएगा। वहीं राधारानी के हाथ में बीजना (पंखा) अर्पित किया जाएगा। गर्भगृह में शीतल जल की व्यवस्था के लिए मिट्टी की सुराही और घड़े स्थापित किए गए। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मंदिरों में साटन और सिल्क के स्थान पर सूती परदे लगाए गए हैं। बिछावन एवं अन्य सजावट में भी परिवर्तन कर भारी गलीचे, ऊष्मा बढ़ाने वाली सामग्री हटा दी गई है। ठाकुरजी की पोशाक सेवा में परिवर्तन करते हुए हल्के सूती वस्त्र, धोती-ढुपट्टा आदि का उपयोग प्रारंभ कर दिया गया है।

### भोग सेवा में भी हुआ बदलाव

भोग सेवा में भी मौसमानुसार बदलाव किया गया है। अब तक सर्दी के व्यंजन जैसे सोंठ-गोंद के लड्डू एवं मसालेदार पकवानों के स्थान पर ग्रीष्म ऋतु के फल एवं शीतल पदार्थ अर्पित किए जाएंगे। इनमें तरबूज, खरबूजा, आम, लीची, जामुन, फालसा, आमरस, सत्तू, ठंडाई, श्रीखंड, पंचमेवा, भीगी चना दाल आदि शामिल हैं। शयन भोग में भी गर्म दूध के स्थान पर रबड़ी, रसगुल्ले एवं ठंडाई अर्पित की जाएगी। शहर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों के लिए सत्तू प्रसादी का वितरण भी किया गया। यह ग्रीष्मकालीन सेवा व्यवस्था ज्येष्ठ माह भर जारी रहेगी।

इसके साथ ही ठाकुर श्रीजी की शीतल सेवा के भाव से गर्भगृह में रियासतकालीन फव्वारा चलाया गया। ठाकुर श्रीजी को पांच प्रकार के ऋतु फल एवं मोतिया बेसन के लड्डू का भोग लगाया गया।

# रामचंद्रजी मंदिर का 141वां पाटोत्सव आज, होगा रजवाड़ी श्रृंगार



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** चांदपोल बाजार स्थित श्री रामचन्द्र जी का मंगलवार को 141वां स्थापना दिवस (पाटोत्सव) श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। वर्ष 1885 में स्थापित यह मंदिर 140 वर्ष पूर्ण कर अब 141वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि वैशाख शुक्ल पंचमी पर आयोजित होने वाले इस पाटोत्सव के तहत दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। प्रातः 6 बजे मंगला आरती के साथ भक्तों का आगमन शुरू होगा। इसके बाद 8 बजे ठाकुर जी का श्रृंगार और 9:30 बजे श्रृंगार आरती होगी। प्रातः 11 बजे श्री ठाकुर जी सहित संपूर्ण रामदरबार का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसमें गाय के 101 किलो दूध के साथ दही, घी, शहद, बूरा, केसर, चंदन, गुलाब जल, मोगरा जल, केवड़ा जल एवं फलों के रस से विधिवत स्नान कराया जाएगा। षोडशोपचार पूजन के साथ यह अभिषेक सम्पन्न होगा। अभिषेक के दौरान मंदिर भक्त समाज द्वारा बधाई गान होगा। दोपहर 12:30 बजे के बाद ठाकुर जी का विशेष राजवाड़ी श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्री रामचंद्र जी को स्वर्ण ताज, रत्नजड़ित आभूषण एवं राजसी तलवार धारण कराई जाएगी, वहीं माता सीता जी को भी पारंपरिक आभूषणों से सजाया जाएगा। दोपहर 2:30 बजे स्थापना दिवस की मुख्य आरती होगी। शाम 7 बजे संध्या आरती में 51 हवाई गर्जनाओं के साथ हजारों श्रद्धालु सामूहिक आरती करेंगे। आरती के बाद मंदिर भक्त समाज एवं जीन माता भक्त मंडल द्वारा बधाई गान प्रस्तुत किए जाएंगे। 25 अप्रेल को जानकी नवमी पर माता सीता जी का जन्मोत्सव भी विशेष कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर ली सनातन की रक्षा की शपथ

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** गोविंद देवजी मंदिर के पास स्थित जगद्गुरु आश्रम में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। भजन, नृत्य और महाआरती जैसे आयोजन हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने भाग लिया। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व महापौर पंकज जोशी, एसडी शर्मा, खोले के हनुमान जी के महामंत्री ब्रज मोहन शर्मा, मोहन प्रकाश शर्मा एवं अन्य ने महाआरती की। ब्राह्मण महिला परिषद की प्रदेश अध्यक्ष अरुणा गौड़ ने महिलाओं को परशुराम जी के आदर्शों पर चलकर सनातन की रक्षा की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर कमलेश शर्मा, संतोष मिश्रा, रिचा शर्मा, नूतन उपाध्याय, सुमन शर्मा, कृष्णा श्रृंगी, आशा शर्मा, कल्पना गौड़, शुचि आचार्य, पूनम शर्मा, भारती शर्मा, वीणा शर्मा, नीलम शर्मा, सरिता त्रिपाठी, उषा शर्मा, उषा गौड़ सहित 200 महिलाओं ने एक-एक थाली में 11-11 दीपक रखकर महाआरती की। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



# जलेबी चौक से 23 को निकलेगी शोभायात्रा, मोती डूंगरी गणेश जी को दिया निमंत्रण

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा, जयपुर महानगर की ओर से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 23 अप्रेल को जलेबी चौक से शोभायात्रा निकाली जाएगी। निर्विघ्न आयोजन के लिए प्रथम पूज्य रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश जी महाराज को मोती डूंगरी गणेश मंदिर में विधिवत निमंत्रण अर्पित किया गया। महामंत्री शिव कुमार भारद्वाज ने बताया कि भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा जलेबी चौक से शाम साढ़े पांच बजे प्रारंभ होगी। शोभायात्रा छोटी चौपड़ तक निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक झांकी, हाथी, घोड़े, ऊंट, बग्गियां एवं बैण्ड-बाजों के साथ विशाल लवाजमा आकर्षण का केंद्र रहेगा। शोभायात्रा संयोजक हनुमान सहाय शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रदेश संरक्षक एस.डी. शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम जैमिनी एवं महानगर अध्यक्ष मोहन प्रकाश शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महासभा के संरक्षक सत्यनारायण कांकर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष आर.डी. शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रमुख महामंत्री रोशनलाल शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति शर्मा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष करण शर्मा, महामंत्री मुख्यालय धर्मेंद्र शर्मा, महामंत्री कार्यालय केदारनाथ शर्मा, कार्यालय मंत्री रवि गोस्वामी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहनलाल शर्मा, युवा अध्यक्ष करण शर्मा, पं. प्रदीप गौड़, ममता शर्मा, पूजा पाठक, प्रो. भगवान सहाय शर्मा, चेतन व्यास, के.पी. शर्मा, बंशीधर शर्मा, उपाध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा, हरीश शर्मा, महेश जोशी, पदम कुमार शर्मा, अमिता शर्मा, प्रो. वल्लभ शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, रमा ब्रजवासी, गायत्री शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा, एम.पी. शर्मा, लोकेश शर्मा, अशोक पाराशर सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।




# 15वां हेमलता प्रभु स्मृति समारोह 23 को, शिष्य देंगे भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में 23 अप्रेल को शाम 6 बजे से 15वां हेमलता प्रभु स्मृति समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में एक ओर जहां नाट्य प्रस्तुति होगी, वहीं दूसरी तरफ हेमलता प्रभु के शिष्य उनके साथ जुड़े अपने यादगार व प्रेरणादायक अनुभवों को सबके समक्ष रखेंगे। कार्यक्रम जयपुर की पहली महिला नाट्य निर्देशक और कनोडिया महिला महाविद्यालय की सह-संस्थापक व महारानी महाविद्यालय में दो दशक तक अंग्रेजी शिक्षिका रहीं हेमलता प्रभु के जन्मदिवस के अवसर पर किया जा रहा है। सभी कला प्रेमी निशुल्क कार्यक्रम का हिस्सा बन सकेंगे।

# गरीब-लावारिस मृतकों की अस्थियां हरिद्वार में विसर्जित



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** शहर में मानवता की मिसाल पेश करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी नीरज तम्बोलिया ने गरीब, असहाय एवं लावारिस मृतकों की अस्थियों का विधि-विधान से हरिद्वार में विसर्जन किया। आदर्श नगर लावारिस मोक्षधाम से अस्थि कलश संग्रहित किए गए। इसके बाद हर की पौड़ी स्थित गंगा तट पर पूजा-अर्चना कर अस्थियों का विसर्जन किया गया तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। तम्बोलिया वर्ष 2011 से इस सेवा कार्य से जुड़े हैं और अब तक सैकड़ों लावारिस मृतकों को अंतिम सम्मान दिला चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों का कोई अपना नहीं होता, उनके लिए यह प्रयास अंतिम संस्कार की गरिमा बनाए रखने का एक छोटा सा प्रयास है। इस पहल के जरिए समाज को यह संदेश दिया गया कि हर व्यक्ति को मृत्यु के बाद सम्मान मिलना चाहिए।

# सरदार हरचरण सिंह जेठड़ा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पानीपेच के नेहरुनगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के सरदार हरचरण सिंह जेठड़ा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किए गए हैं। सरदार टीएस बग्गा ने गुरुद्वारा साहिब में संगत के सामने इस आशय की घोषणा की। साथ ही हरविंदर सिंह बग्गा को संरक्षक, गुरमीत सिंह को सचिव, घनेंद्र सिंह एवं बलवीर सिंह कोचर को उप प्रधान, धर्मेंद्र सिंह चुन्नु वीर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह कमेटी अप्रैल, 2029 तक प्रभावी रहेगी।



# प्रथम पारणा दिवस पर किया ईक्षु रस से अभिषेक, मंदिरों में भी किया वितरण

## शहरभर के जिनालयों में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जैन धर्मावलंबियों ने अक्षय तृतीया पर्व को श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ धूमधाम से मनाया। जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (भगवान आदिनाथ) के प्रथम पारणा दिवस के उपलक्ष्य में शहरभर के जिनालयों में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिरों में भगवान आदिनाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह मंदिरों में भगवान आदिनाथ का अभिषेक कर शांतिधारा की गई। अष्टद्रव्य से पूजा-अर्चना की गई। कई स्थानों पर भगवान आदिनाथ का इक्षु रस से अभिषेक किया गया। शहर के 100 से अधिक दिगम्बर जैन मंदिरों के बाहर हजारों श्रद्धालुओं एवं आमजन को इक्षु रस पिलाया गया।






राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि अक्षय तृतीया का जैन धर्म में विशेष महत्व है। इसी दिन हस्तिनापुर में राजा श्रेयांस ने 13 माह की कठोर तपस्या के बाद भगवान आदिनाथ को इक्षु रस का प्रथम आहार कराया था। माना जाता है कि तब से दान परंपरा का शुभारंभ हुआ। तभी से इस तिथि को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। रात्रि में विभिन्न मंदिरों में पंचपरमेष्ठी एवं भगवान आदिनाथ की महाआरती के साथ भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान एवं दीप महाअर्चना के संगीतमय आयोजन हुए। अनेक स्थानों पर 48 दीपकों से ऋद्धि मंत्रों के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई। जैन समाज द्वारा मुनियों, आचार्यों एवं आर्यिका माताजी को आहार चर्या करवाई गई तथा आहार दान दिया गया। मंदिरों में गेहूं एवं गुड़ पाट पर चढ़ाया गया। पुलक जन चेतना मंच, श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति, सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था, जैन सोशल ग्रुप मेट्रो एवं संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किए गए।

### इन मंदिरों में रही आयोजन की धूम

मालवीय नगर सेक्टर-3 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य सुन्दर सागर महाराज एवं आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में विशेष आयोजन हुए। इस दौरान भगवान शांतिनाथ का महामस्तकाभिषेक किया गया। कार्यक्रम में सीएल जैन, महेन्द्र कुमार साह आबूजीवाले, विनोद जैन कोटखावदा, मनोज जैन, संजय साह, माया साह, दीपिका जैन कोटखावदा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अध्यक्ष नवीन जैन एवं महामंत्री धनेश सेठी के नेतृत्व में सुशील झांझरी एवं शिखर चन्द जैन के निर्देशन में भक्तामर स्तोत्र का अखंड पाठ हुआ तथा रात्रि में दीप महाअर्चना का आयोजन किया गया। दुर्गापुरा के श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर, शक्तिनगर के श्री चन्द्र प्रभु पल्लीवाल दिगम्बर जैन मंदिर, जय जवान कॉलोनी, झोटवाड़ा पटेल नगर, मालवीय नगर, गायत्री नगर, मीरा मार्ग, एसएफएस सहित शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में अभिषेक, पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं को इक्षु रस वितरित किया गया। शांतिनाथ जी की खोह स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में प्राचीन भगवान आदिनाथ की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक मुनि भत कमल वैद के नेतृत्व में किया गया। वहीं सूरजपोल गेट स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मोहनबाड़ी, बापूनगर चैत्यालय, टोडरमल स्मारक, लालकोठी, महारानी फार्म एवं त्रिवेणी नगर सहित अनेक स्थानों पर विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुए।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# सियासत के फेर में फंसा महिला आरक्षण!

## ये किसी दल की हार-जीत नहीं आधी आबादी के हक का सवाल था

**जैसे** कि पहले से कायस लगाए जा रहे थे, शुक्रवार को लोकसभा में संविधान में प्रस्तावित 131वां संशोधन बिल मतदान के बाद गिर गया। दरअसल, यह बिल देश में महिला आरक्षण कानून में संशोधन के लिए लाया गया था। राजनीतिक पंडित पहले ही कह रहे थे कि संविधान संशोधन के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत सरकार के पास नहीं है, जिससे बिल के पारित होने पर संशय था। वैसा ही हुआ और राजग सरकार दो तिहाई वोट हासिल करने में विफल रही। बिल के समर्थन में 298 और इसके विरोध में 230 वोट पड़े। आखिरकार सरकार की ओर से कहा गया कि अब दोनों बाकी प्रस्तावित संशोधन बिलों को आगे न बढ़ाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं को 33फीसदी आरक्षण देने वाले कानून में संशोधन को लेकर बुलाए गए विशेष सत्र में पिछले कुछ दिनों से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गरमागरम बहस जारी थी। विपक्ष इस संशोधन में शामिल परिसीमन को लेकर सरकार की घेराबंदी कर रहा था। दरअसल, दक्षिण भारत के उन राज्यों में इसको लेकर खासा विरोध था जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण करके आर्थिक विकास को प्राथमिकता बनाया था। उनकी आशंका थी कि परिसीमन विधेयक के अस्तित्व में आने से संसद में इन राज्यों का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। विपक्ष का आरोप है कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण संशोधन बिल को पारित करने का उपक्रम महज कुछ राज्यों में हो रहे चुनाव में बढ़त हासिल करने के लिए था। ताकि महिला वोटरों को लुभाया जा सके। विपक्ष ने संसद में जारी बहस के बीच कानून मंत्रालय द्वारा महिला आरक्षण अधिनियम 2023 को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी करने पर भी सवाल उठाए। उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण कानून का उद्देश्य संसद और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू करने का प्रावधान था। मगर राजग सरकार ने प्रस्तावित 131वें संविधान बिल 2026 में सीटों में आरक्षण को परिसीमन के आधार पर लागू करने की बात कही थी। इसमें कोई दोराय नहीं कि विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए सरकार और सभी विपक्षी दलों को एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करना चाहिए। मगर यही मुद्दा जब राजनीतिक लाभ उठाने का जरिया बनने लगता है, तब इस पर सवाल उठने लगते हैं। गौरतलब है कि किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद सरकार जरूरी समर्थन हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस बार परिसीमन विधेयक में संशोधन के लिए जिस तरह महिला आरक्षण का मसला भी जुड़ा हुआ था, उसमें इस मुद्दे पर दो-तिहाई सांसदों को अपने पक्ष में खड़ा कर पाना सरकार के लिए मुश्किल था। यानी पहले ही यह माना जा रहा था कि लोकसभा में संशोधन विधेयक पारित कराना मुमकिन नहीं हो पाएगा। इसके बावजूद यह विचित्र है कि सरकार ने इस पर जोर-आजमाइश करने की कोशिश की। दरअसल, इस संशोधन विधेयक का उद्देश्य यह बताया गया था कि इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही, 2026 से पहले की जनगणना के आधार पर राज्यों में सीटों के परिसीमन की इजाजत दी जाएगी और लोकसभा में सीटों की संख्या 543 से बढ़ा कर 850 की जाएगी। मगर चूंकि परिसीमन के साथ उलझे इस मुद्दे पर सरकार को जरूरी संख्या बल का समर्थन नहीं मिल सका, इसलिए अब भाजपा विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान यह आरोप लगाने की कोशिश कर सकती है कि विपक्षी पार्टियां महिलाओं को भागीदारी देने का समर्थन नहीं करतीं। दरअसल, विपक्ष इस संशोधन बिल की टाइमिंग और आरक्षण को परिसीमन के आधार पर लागू करने की शर्त पर सवाल उठाता रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से कहा गया कि 33 फीसदी आरक्षण को लोकसभा की मौजूदा सीटों के आधार पर ही लागू करना चाहिए। विपक्ष परिसीमन से उपजी विसंगतियों और दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को तरजीह देने की बात करता रहा है। वहीं सत्ता पक्ष की दलील रही कि विपक्ष महिला आरक्षण का विरोध कर रहा है। बिल का मकसद महिला सशक्तीकरण ही है। जिसके लिए इसके लागू करने के तरीके का विरोध किया जा रहा है। सत्ता पक्ष की दलील थी कि परिसीमन संविधान सम्मत है और बढ़ती आबादी के बाद सीटों को तार्किक बनाए जाने की जरूरत है। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से एससी-एसटी के हितों के पैरोकार होने की दलीलें भी दी गई। सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर उत्तर-दक्षिण का नैरेटिव गढ़ने का आरोप भी लगाया। साथ ही विपक्ष को महिलाओं के आक्रोश की कीमत चुकाने की भी चेतावनी दी। वहीं विपक्ष ने केंद्र पर देश का चुनावी नक्शा बदलने की कोशिश का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि ये संशोधन दलित व पिछड़े वर्गों के हित में नहीं है। सवाल इस बात को लेकर भी उठाए गए कि 2011 की जनगणना को आधार बनाकर परिसीमन करना कितना न्यायसंगत है। इसके लिए नए जनगणना के आंकड़े आने का इंतजार क्यों नहीं किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि इस विधेयक की जटिलता और उसके पारित होने के सामने खड़ी चुनौतियों की तस्वीर चूंकि लगभग साफ थी, इसलिए इसे राज्यों में जारी चुनावी प्रक्रिया के बीच महिलाओं का समर्थन हासिल करने वाले एक अहम मुद्दे के रूप में भी देखा गया। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन में भी यह साफ दिखा, जिसमें उन्होंने महिला आरक्षण से जुड़े इस संशोधन विधेयक के पारित न होने के लिए विपक्षी दलों को जिम्मेदार बताया। अफसोस की बात है कि जहां विधायिका में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की कवायद पर सबकी सहमति होनी चाहिए थी, वहीं यह सवालों के घेरे में उलझ कर रह गई। जबकि जरूरत इस बात की है कि इस मामले को राजनीति का मुद्दा बनाने के बजाए एक सर्वसम्मत रास्ता निकालने की कोशिश हो। लेकिन इस बिल के गिरने के बाद बीते दो दिनों से जो सियासी घटनाक्रम चल रहे हैं उन्हें किसी भी दृष्टि से सही नहीं कहा जा सकता। काश सभी दल आधी आबादी को उसका हक दिलवाने के लिए एकजुट होते तो अच्छा रहता।



**महिला** आरक्षण कानून का उद्देश्य संसद और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू करने का प्रावधान था। मगर राजग सरकार ने प्रस्तावित 131वें संविधान बिल 2026 में सीटों में आरक्षण को परिसीमन के आधार पर लागू करने की बात कही थी। इसमें कोई दोराय नहीं कि विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए सरकार और सभी विपक्षी दलों को एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करना चाहिए। मगर यही मुद्दा जब राजनीतिक लाभ उठाने का जरिया बनने लगता है, तब इस पर सवाल उठने लगते हैं। अफसोस की बात है कि जहां विधायिका में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की कवायद पर सबकी सहमति होनी चाहिए थी, वहीं यह सवालों के घेरे में उलझ कर रह गई। काश सभी दल आधी आबादी को उसका हक दिलवाने के लिए एकजुट होते तो अच्छा रहता।

# बदलाव के मूड में दिख रहा बंगाल

# रैलियों की भीड़ से बदलते मूड के संकेत

बिमल राय

**चुनावी** मौसम में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग नेताओं को देखने-सुनने के साथ-साथ हेलिकॉप्टर देखने भी आते हैं। 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में कश्मीर से आए बख्तरबंद वाहन लोगों में कौतुहल का विषय बने हुए हैं, जिसका इस्तेमाल आतंकी विरोधी अभियान में होता था। ये गाड़ियां बंगाल में संस्थागत रूप से जनादेश लूटने वालों को एक कड़ा संदेश दे रही हैं। बंगाल के पाले-पोसे गए दबंग इस बार शांत दिख रहे हैं। हालांकि वर्षों तक पशु तस्करी सहित अन्य कई मामलों में तिहाड़ प्रवास के बाद जमानत पर छूटे दबंग अणुव्रत मंडल की मानें, तो रॉयल बंगाल टाइगर इन्हें चबा जाएगा।

एक मार्च से ही पूरे राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की गश्त, छोटे-बड़े सौ से ज्यादा अफसरों के तबादलों सहित चुनाव आयोग ने कुछ ऐसे कदम उठाए हैं, जिससे इस बार शांतिपूर्ण चुनाव की उम्मीद बंध रही है। आयोग के इस कदम के खिलाफ हाईकोर्ट में भी अपील की गई, जो खारिज कर दी गई। 16 अप्रेल को सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग के फैसले को नहीं पलटा। पिछले कई दशकों से यह साबित हो चुका है कि बंगाल में कोई भी चुनाव एक युद्ध जैसा होता है। चुनाव आयोग ने 23 अप्रेल को 152 सीटों पर होने वाले पहले चरण में ही सुरक्षा बलों की 2,407 कंपनियों की तैनाती के अलावा, एजेंटों को बूथों के बाहर टेंट लगाकर बैठाने, हर बूथ पर दो-दो कैमरे लगाने, दूसरे राज्यों के पुलिस पर्यवेक्षकों की बहाली, राज्य पुलिस को बूथ से 100 मीटर दूर रखने सहित कई नई व्यवस्थाएं करके 'वोट लुटेरों' के लिए कोई मौका नहीं छोड़ा है। जहां तक तृणमूल के एक खास वोट बैंक का सवाल है, बहुत सारे लोग समझ गए हैं कि एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री की ओर से इतना बवाल नहीं किया गया होता,





तो यह काम समय पर पूरा हो जाता और करीब 32 लाख लोगों को मताधिकार से वंचित नहीं होना पड़ता। तार्किक विसंगति वाले मामलों के निपटारे की प्रक्रिया में भी बाधा डाली गई। बीडीओ ऑफिस जलाए गए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने व उन पर जानलेवा हमले तक का दुस्साहस किया गया। लोगों को भड़काने वाले नेता और 'ऑन द स्पॉट' वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने की मांग कर रहे कई लोगों को एनआईए ने पकड़ लिया है और कुछ फरार चल रहे हैं।

एसआईआर में 91 हजार नाम कटने, और तार्किक विसंगति के मामलों का पूरा निपटारा नहीं होने के कारण करीब 32 लाख लोग इस बार वोटिंग नहीं कर पाएंगे। हालांकि 16 अप्रेल को दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने वोटिंग से दो दिन पहले तक न्यायाधिकरणों द्वारा वैध ठहराए गए वोटरों को मताधिकार का हक दे दिया है। फिर भी अनुमानतः तार्किक विसंगति वाले 25-26 लाख लोग मताधिकार से वंचित रह ही जाएंगे। कम अंतर से जीत-हार वाली सीटों पर यह छंटनी भाजपा की मदद कर सकती है, क्योंकि जिनके नाम कटे हैं, उनमें से ज्यादातर तृणमूल समर्थक माने जाते हैं। ओवैसी व हुमायूं कबीर इसके लिए ममता को जिम्मेदार ठहराकर मुसलमानों का नया रहनुमा बनने का दम भर रहे हैं।

पिछली बार 77 पर अटक जाने वाली भाजपा इस बार ममता पर व्यक्तिगत हमले करने से बच रही है। तृणमूल के 1500 रुपए के लक्ष्मी भंडार और बेरोजगारी भत्ते को भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में दोगुना कर दिया है। महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त सफर और राज्य में उद्योग लगाने व कानून-व्यवस्था की हालत सुधारकर महिला सुरक्षा बढ़ाने यानी योगी मॉडल लागू करने की भी बात की गई है। कोलकाता के पास पानीहाटी से आरजी कर अस्पताल की पीड़िता की मां को टिकट देकर भाजपा ने महिला सुरक्षा के विमर्श को पूरे राज्य में जिंदा कर दिया है।

रही बात कांगेस, वाम दलों, ओवैसी व हुमायूं कबीर के दलों की, तो ये दल कुछ सीटों पर भाजपा या तृणमूल की जीत-हार का कारण बन सकते हैं। वोटरों का संदेश जनसभाओं में आने वाले लोगों की शारीरिक भाषा से भी समझा जा सकता है। सिलीगुड़ी की एक बच्ची का वीडियो काफी वायरल हुआ है, जिसमें वह बच्ची पुलिस वाले से पूछ रही है कि 'पुलिस अंकल, मोदी जी कब तक आएंगे?' जबकि ममता और उनके भतीजे की जनसभाओं में पीछे की सीटें खाली जा रही हैं।

चुनाव पूर्व हिंसा पर इस बार काफी हद तक लगाम लगी है, हालांकि विपक्षी उम्मीदवारों के पोस्टर फाड़ने, कुछ इलाकों में उम्मीदवारों पर हमले की खबरें भी आई हैं, पर पुलिस व केंद्रीय बलों की त्वरित कार्रवाई से असामाजिक तत्वों के हौसले पस्त हैं।

बंगाल में शिक्षकों की 26 हजार से ज्यादा नौकरियां जाने के मामले से पूरा युवा समाज या जेन-जी आक्रोशित है। तमाम जनमत सर्वेक्षणों, अनुमानों, भय के कारोबार, बेरोजगारी भत्ते जैसे हालिया लागू प्रलोभनों के बावजूद लगता है, इस बार बंगाल का युवा सचमुच बदलाव के मूड में है।

# उम्मीदों और चुनौतियों के बीच रेगिस्तान का नगीना

विक्रम सिंह धाकड़



**पश्चिमी** राजस्थान की तपती रेत में अब विकास की चमक दिखाई देने लगी है। बाड़मेर के पचपदरा में बन रही रिफाइनरी को 'रेगिस्तान का नगीना' कहा जा रहा है, जो उम्मीदों का पूरा संसार समेटे हुए है। वर्षों से संसाधनों की कमी और सीमित औद्योगिक गतिविधियों के लिए पहचाने जाने वाले इस क्षेत्र में अब एक ऐसा अध्याय जुड़ने जा रहा है, जो न सिर्फ राजस्थान बल्कि पूरे देश के औद्योगिक नक्शे को नई दिशा देगा।

21 अप्रेल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बाड़मेर के पचपदरा में देश की पहली इंटीग्रेटेड रिफाइनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करना था, लेकिन क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट में अचानक आग लगने से प्रधानमंत्री का दौरा स्थगित कर दिया गया।

करीब 79,459 करोड़ रुपए की लागत वाली यह रिफाइनरी, जो कभी 43 हजार करोड़ के अनुमान से शुरू हुई थी। यह विशाल रिफाइनरी 4,400 एकड़ में फैली हुई है और इसकी सालाना शोधन क्षमता 9 मिलियन मैट्रिक टन है। यह परियोजना तकनीकी रूप से अत्याधुनिक होने के साथ-साथ भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में एक मजबूत आधार तैयार करेगी। एलपीजी का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है और प्रधानमंत्री द्वारा एलपीजी टैंकरों को हरी झंडी दिखानी थी।

यह रिफाइनरी सिर्फ पेट्रोल और डीजल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पेट्रोकेमिकल उत्पादों का भी बड़ा केंद्र बनेगी। प्लास्टिक, पॉलीमर, केमिकल और फाइबर आधारित उद्योगों के लिए यह परियोजना कच्चा माल उपलब्ध कराएगी। इससे न केवल आयात पर निर्भरता घटेगी, बल्कि देश के भीतर ही उत्पादन बढ़ने से लागत में भी कमी आएगी। यही कारण है कि पचपदरा को भविष्य के पेट्रोकेमिकल हब के रूप में देखा जा रहा है।

पश्चिमी राजस्थान, जो अब तक मुख्यतः हैंडीक्राफ्ट, स्टोन, टेक्सटाइल और टाई-डाई उद्योगों के लिए जाना जाता रहा है, अब औद्योगिक विविधता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। वर्तमान में लाखों लोगों को रोजगार देने वाले पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ अब एक नया औद्योगिक ढांचा तैयार हो रहा है। रिफाइनरी और इसके आसपास विकसित होने वाले पेट्रोजोन से करीब 50 हजार नए रोजगार सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र के युवाओं के लिए अवसरों के द्वार खुलेंगे।

यह परियोजना रोजगार के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर विकास



का भी बड़ा माध्यम बनेगी। पचपदरा से जोधपुर, पाली होते हुए जयपुर तक प्रस्तावित सड़क कॉरिडोर लॉजिस्टिक्स सेक्टर को नई गति देगा। माल परिवहन तेज और सस्ता होगा, जिससे उद्योगों की लागत कम होगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। रेल कनेक्टिविटी के विस्तार से कच्चे माल और तैयार उत्पादों की आवाजाही और अधिक सुगम होगी। इसके साथ ही होटल इंडस्ट्री, वेयरहाउसिंग और ट्रांसपोर्ट सेक्टर में भी निवेश तेजी से बढ़ेगा।

पचपदरा रिफाइनरी का प्रभाव केवल औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह पूरे सामाजिक और आर्थिक ढांचे को प्रभावित करेगा। स्थानीय स्तर पर कैटरिंग, सुरक्षा, परिवहन और अन्य सेवा क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियों को गति देगी और जीवन स्तर में सुधार लाएगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना गुजरात के जामनगर मॉडल की तरह पश्चिमी राजस्थान को भी एक बड़े औद्योगिक केंद्र में बदल सकती है। जामनगर में रिफाइनरी के बाद जिस प्रकार बुनियादी ढांचे का विकास हुआ और रोजगार के अवसर बढ़े, उसी तरह पचपदरा भी एक नए औद्योगिक युग की शुरुआत कर सकता है। यह तुलना इस परियोजना की संभावनाओं को और अधिक स्पष्ट करती है।

राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए भी यह रिफाइनरी एक महत्वपूर्ण स्तंभ साबित होगी। जीएसटी सहित विभिन्न करों के माध्यम से राज्य को बड़ा राजस्व प्राप्त होगा, जिससे विकास योजनाओं को गति मिलेगी। लंबे समय में यह परियोजना राजस्थान की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में सहायक होगी और निवेश के नए रास्ते खोलेगी।

पश्चिमी राजस्थान के पचपदरा में बन रही मेगा रिफाइनरी अब सिर्फ पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि यह पूरा इलाका एक बड़े पेट्रोकेमिकल हब में तब्दील होने जा रहा है। रिफाइनरी के आसपास प्रस्तावित 5 बड़े औद्योगिक जोन इस बदलाव की असली तस्वीर पेश करेंगे, जहां प्लास्टिक, पॉलीमर, पाइप और पैकेजिंग जैसे उद्योग तेजी से पैर पसारेंगे। यानी, अब मारवाड़ में उद्योगों की नई क्रांति दस्तक देने वाली है।

इस प्रोजेक्ट का अनुमान है कि यहां करीब 10 हजार प्रत्यक्ष और 40 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। यानी कुल मिलाकर 50 हजार युवाओं के लिए नई संभावनाएं खुलेंगी। खास बात यह है कि सिर्फ फैक्ट्री तक ही रोजगार सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कैटरिंग, ट्रांसपोर्ट, सिक्योरिटी और वेयरहाउसिंग जैसे सेक्टर में भी अवसरों की बाढ़ आएगी।

इसके साथ ही स्किल डेवलपमेंट इस पूरी परियोजना का गेमचेंजर साबित होगा। स्थानीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें उद्योगों के लिए तैयार किया जाएगा।

इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह आत्मनिर्भर भारत के विजन को मजबूत करती है। देश के भीतर ही कच्चे तेल का प्रसंस्करण और पेट्रोकेमिकल उत्पादों का निर्माण होने से आयात पर निर्भरता कम होगी। यह ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक मजबूती का भी प्रतीक बनेगा।

पचपदरा रिफाइनरी के आसपास विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे। प्लास्टिक, पाइप, पैकेजिंग और केमिकल उद्योगों के लिए यहां अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। इससे राजस्थान में औद्योगिक निवेश का नया दौर शुरू होगा और राज्य की पहचान एक मजबूत औद्योगिक हब के रूप में स्थापित होगी।

इस पूरी तस्वीर में सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह परियोजना पश्चिमी राजस्थान के सामाजिक-आर्थिक बदलाव की कहानी लिख रही है। जो क्षेत्र कभी सूखे और सीमित संसाधनों के कारण पिछड़ा माना जाता था, वही अब विकास और अवसरों का केंद्र बनेगा।

पचपदरा रिफाइनरी पश्चिमी राजस्थान के लिए एक ऐसी रोशनी लेकर आई है, जो आने वाले वर्षों में पूरे क्षेत्र को नई पहचान देगी। यह परियोजना न केवल औद्योगिक विकास का आधार बनेगी, बल्कि यह रोजगार, इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक मजबूती का भी नया अध्याय लिखेगी।

रेगिस्तान की इस चमक में अब संभावनाओं की नई किरण दिखाई दे रही है एक ऐसा नगीना, जो न सिर्फ राजस्थान बल्कि पूरे देश के विकास को रोशन करेगा।

## राशिफल


**आज दिनांक 21 अप्रेल, 2026, मंगलवार, विक्रम संवत् 2083, बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी, मृगशीर्षा नक्षत्र, बालव करण, शोभन योग, राहुकालः दोपहर 3:35 से 5:10 बजे, सूर्योदय सुबह 6:05 बजे, सूर्यास्त सायं 6:46 बजे, चंद्रोदय सुबह 9:00 बजे, चंद्रास्त सुबह 11:22 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:13 बजे से 12:22 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:06 से 5:54 बजे तक, चंद्रमा वृषभ राशि में संचार करेगा।**




दांपत्य जीवन भी सुखी रहेगा। जीवनसाथी की बात मानकर जो काम करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। आज आपको आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। क्रोध से दूर रहना आवश्यक है। नौकरीपेशा जातकों की स्थिति आज अच्छी रहेगी और कारोबार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।




ग्रहों की चाल आज आपके पक्ष में परिणाम लेकर आई है। मन में प्रसन्नता रहेगी। घर में सुख-समृद्धि रहेगी। लोगों के दिलों में आपके लिए प्यार रहेगा और आप अपने काम में आज बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। स्वास्थ्य भी सुधार की ओर रहेगा।





ग्रहों की स्थिति आज आपको पूरे आत्मविश्वास से भर देगी, जिससे काम आसानी से बनेंगे और व्यापार में आज आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आर्थिक रूप से दिन मजबूत रहेगा। आय में वृद्धि होगी और नौकरीपेशा जातक अपने उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ उठा सकेंगे। विरोधियों से सतर्क रहें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।





आज आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी और मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों को आज कुछ अच्छी बातें सुनने को मिलेंगी। आप अपने काम को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। शादीशुदा लोग अपने गृहस्थ जीवन में संतुष्ट नजर आएंगे।





आज आपका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव भरा दिन रहेगा, लेकिन आयात-निर्यात करने वालों को आज बड़ा फायदा होगा। प्रेम जीवन में कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं, फिर भी आप अपने प्रिय की नाराजगी को दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। घर में माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इनका ध्यान रखें, भाग्य प्रबल होगा।




आज स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करना हानिकारक हो सकता है। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें। मानसिक तनाव और खर्चे दोनों ही आपकी चिंता बढ़ा सकते हैं। काम को लेकर आप काफी अच्छी स्थिति में रहेंगे और काम पर पूरा ध्यान देंगे, जिसके सुखद परिणाम भी आपको मिलेंगे। किसी लंबी यात्रा की योजना बनेगी। लव लाइफ सुखद रहेगी।





व्यापार में आपको कोई बड़ी डील मिल सकती है, क्योंकि आपको बड़ा मुनाफा होगा। सेहत अच्छी रहेगी। बस खाने-पीने पर थोड़ा ध्यान दें। अपच से बचें। परिवार के छोटे सदस्य आपका सहयोग करेंगे और परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।




करियर में आप काफी सक्रिय रहेंगे। अपने अगले हफ्ते की पूरी प्लानिंग आज ही करेंगे। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय बहुत ही महत्वपूर्ण रहेगा। अगर आप व्यापार करते हैं तो आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। कहीं जाने की यात्रा का योग बन सकता है।





धनु राशि वालों के लिए आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, लेकिन अच्छी बात यह होगी कि आपका कोई रुका हुआ काम अचानक पूरा हो जाएगा, जिसकी आपने उम्मीद भी नहीं की होगी और उसका बड़ा फायदा आपको मिल सकता है।




कोई भी बड़ा काम हाथ में लेने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है इसलिए इससे बचने की कोशिश करें और सेहत का ध्यान रखें। कफ और पानी से संबंधित परेशानी हो सकती है। मानसिक तनाव बढ़ सकता है। मन में धार्मिक विचार रहेंगे। लोगों को काम की सलाह देंगे।




आज अपने विरोधियों से थोड़ा सावधान रहें, वे आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। आज आपके खर्चों में भी वृद्धि होगी, जिससे आपकी जेब ढीली होगी, इसलिए सावधान रहें। काम के सिलसिले में काफी मजबूत है। हर संभव बेहतर काम करने की पूरी कोशिश करेंगे।




आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कड़ी मेहनत से कार्य सफल होंगे। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। परिजनों-मित्रों के साथ पर्यटन की भी संभावना है।

## हम कल के लिए आज नहीं सोचते

प्रेरक प्रसंग

**एक** नगर में एक संपन्न सेठजी रहते थे। वह दिनभर खूब मेहनत से काम करते थे। एक दिन उन्हें न जाने क्या सूझा कि अपने मुनीम को बुलाकर कहा, 'पता करो हमारे पास कितना धन है और कब तक के लिए पर्याप्त है?'

कुछ दिन बाद मुनीम हिसाब लेकर आया और सेठ जी से बोला, 'जिस हिसाब से आज खर्चा हो रहा है, उस तरह अगर आज से कोई कमाई न भी हो तो आपकी सात पीढ़ियां खा सकती हैं।'

सेठ जी चौंक पड़े। पूछा, 'तब आठवीं पीढ़ी का क्या होगा?' सेठ जी सोचने लगे और तनाव में आ गए। फिर बीमार रहने लगे। बहुत इलाज कराया मगर कुछ फर्क नहीं पड़ा।

एक दिन सेठ जी का एक दोस्त हालचाल पूछने आया। सेठजी बोले, 'इतना कमाया फिर भी आठवीं पीढ़ी के लिए कुछ नहीं है। दोस्त बोला, 'एक पंडित जी थोड़ी दूर पर रहते हैं अगर उन्हें सुबह का खाना खिलाएं तो आपका रोग ठीक हो जाएगा।'

अगले ही दिन सेठ जी भोजन लेकर पंडित जी के पास पहुंचे। पंडित जी ने आदर के साथ बैठाया। फिर अपनी पत्नी को आवाज दी, 'सेठ जी खाना लेकर आए हैं।'

इस पर पंडित जी की पत्नी बोली, 'खाना तो कोई दे गया है। पंडित जी ने कहा, 'सेठ जी, आज का खाना तो कोई दे गया है। इसलिए आपका भोजन स्वीकार नहीं कर सकते। हमारा नियम है कि सुबह जो एक समय का खाना पहले दे जाए, हम उसे ही स्वीकार करते हैं। मुझे क्षमा करना।'

सेठ जी बोले, 'क्या कल के लिए ले आऊं?' पंडित जी बोले, 'हम कल के लिए आज नहीं सोचते। कल आएगा, तो ईश्वर अपने आप भेज देगा।'

सेठ जी घर की ओर चल पड़े। रास्ते भर वह सोचते रहे कि कैसा आदमी है यह।

इसे कल की बिल्कुल भी चिंता नहीं है और मैं अपनी आठवीं पीढ़ी को लेकर रो रहा हूं। उनकी आंखें खुल गईं। इसके बाद सेठ जी सारी चिंता छोड़कर सुख से रहने लगे।

## जिंदगी बदलने वाली प्रेरणा

**एक** बार एक जोकर सर्कस में लोगों को एक चुटकुला सुना रहा था। चुटकुला सुनकर लोग खूब जोर-जोर से हंसने लगे। कुछ देर बाद जोकर ने वही चुटकुला दुबारा सुनाया। अबकी बार कम लोग हंसे। थोड़ा और समय बीतने के बाद तीसरी बार भी जोकर ने वही चुटकुला सुनाना शुरू किया।

पर इससे पहले कि वो अपनी बात खत्म करता बीच में ही एक दर्शक बोला, 'अरे! कितनी बार एक ही चुटकुला सुनाओगे। कुछ और सुनाओ अब इस पर हंसी नहीं आती।'

जोकर थोड़ा गंभीर होते हुए बोला, 'धन्यवाद भाई साहब, यही तो मैं भी कहना चाहता हूं। जब खुशी के एक कारण की वजह से आप लोग बार-बार खुश नहीं हो सकते तो दुःख के एक कारण से बार-बार दुखी क्यों होते हो, भाइयों हमारे जीवन में अधिक दुःख और कम खुशी का यही कारण है। हम खुशी को आसानी से छोड़ देते हैं पर दुःख को पकड़ कर बैठे रहते हैं।'

मित्रों इस बात का आशय यह है कि जीवन में सुख-दुःख का आना-जाना लगा रहता है। पर जिस तरह एक ही खुशी को हम बार बार नहीं महसूस करना चाहते उसी तरह हमें एक ही दुख से बार-बार दुखी नहीं महसूस करना चाहिए। जीवन में सफलता तभी मिलती है जब हम दुखों को भूलकर आगे बढ़ने का प्रयत्न करते हैं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube X twitter



# परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा, फरसे का किया पूजन

## लालसोट में आस्था और उत्साह का सैलाब

महानगर टाइम्स संवाददाता





**लालसोट।** शहर की सड़कों पर सोमवार को आस्था, ऊर्जा और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिला, जब भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों की गूंज, जयघोषों की लहर और रंग-बिरंगी झांकियों के बीच पूरा शहर मानो श्रद्धा के रंग में रंग गया।

शोभायात्रा की शुरुआत परशुराम मंदिर से हुई, जो बस स्टैंड, आजाद चौक, बोली का बाजार, झरंडा चौक, सदर बाजार और त्रिपोलिया बाजार से होते हुए नगर परिषद द्वारा नव-निर्मित परशुराम सर्किल पहुंची। यात्रा के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने माहौल को और अधिक भक्ति-भाव से भर दिया।

विशेष आकर्षण का केंद्र रहा सुसज्जित रथ, जिसमें भगवान परशुराम की मनमोहक झांकी विराजमान थी। श्रद्धालु रास्तेभर पुष्पवर्षा करते हुए झांकी के दर्शन कर भाव-विभोर नजर आए। परशुराम सर्किल पर पहुंचकर नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सोनू बिनोरी सहित समाज के गणमान्य लोगों ने भगवान के फरसे का माल्यार्पण कर विधिवत पूजा-अर्चना की।

इस दौरान अखाड़ों के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए, वहीं युवाओं ने नेवी शैली की कलाबाजियों से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। आतिशबाजी और जयघोषों के बीच वातावरण उत्सवमय बना रहा।

शोभायात्रा का समापन पुनः परशुराम मंदिर में भगवान की महाआरती के साथ हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में सियाराम शर्मा, राजेंद्र डोब, मदनलाल हट्टीका, रामप्रसाद बुर्जा, दीपक शर्मा, निर्झरना, राकेश शर्मा शेड्यूलिया, सुरेश त्रिवेदी, शंभू पुरोहित, नंदकुमार पांखला, राजेंद्र पांखला, महेश चांदपुर, संजय उपाध्याय, ब्राह्मण हितकारी परिषद के अध्यक्ष शिवकुमार लोग्या, रामकल्याण उपाध्याय, सीताराम पुरोहित, शिवशंकर जोशी, निरंजन जोशी, राजेंद्र पुराना, रामजीलाल पुराका, गिरिराज शेड्यूलिया सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद रहे।

### न्यायालय को आवंटित भूमि पर आवास निर्माण मामलाः ट्रॉली व जेसीबी मशीन जब्त

## अवैध मिट्टी खनन कर परिवहन करने पर दो आरोपी गिरफ्तार

**नीमकाथाना (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध मिट्टी खोदकर उसका परिवहन करने पर सदर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक जेसीबी मशीन को जब्त किया है, जबकि मामले में 2 चालकों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार राजस्थान सरकार द्वारा ग्राम चला की ढाणी में न्यायालय भवन एवं न्यायिक अधिकारियों के आवास के लिए भूमि आवंटित की गई थी। इस भूमि से अवैध रूप से मिट्टी खनन की शिकायत पुलिस थाना सदर नीमकाथाना में दी गई। बार संघ नीमकाथाना के अधिवक्ताओं द्वारा इस मामले की सूचना अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश कोर्ट नंबर-01 को दी गई। इसके बाद न्यायालय के निजी सहायक बनवारीलाल व सहायक नाजिर जितेंद्र कुमार शर्मा व कोर्ट एलडीसी विरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची, जहां एक बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी से भरी हुई मिली, जिसे जब्त कर लिया गया। सदर थाना अधिकारी राजेश डूडी ने बताया कि जेसीबी चालक रतन लाल चला की ढाणी और राजेश कुमावत ट्रैक्टर चालक छावनी निवासी को गिरफ्तार किया गया है। अन्य अज्ञात वाहन चालकों, ठेकेदारों व माफियाओं की भूमिका की भी जांच की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को निरस्त करने की मांग

## किसान महापंचायत ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर दिया धरना

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नीमकाथाना।** कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के विरोध में किसान महापंचायत के बैनर तले किसानों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने एक्सप्रेस-वे परियोजना को निरस्त करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख को ज्ञापन सौंपा।

किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने सिंचाई और पानी की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया, बल्कि सड़कों के नाम पर किसानों की जमीन छीनी जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे योजना को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब-जब भूमि अधिग्रहण की सुनवाई होगी, उससे एक दिन पहले गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और जहां भी जनसुनवाई होगी, उसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जमीन बचाने के लिए किसी भी हद तक जाएंगे, 'जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे।'

रामपाल जाट ने बताया कि भरतपुर, ब्यावर और कोटपूतली-किशनगढ़ क्षेत्र में किसानों की बैठकें हो चुकी हैं, जहां सभी ने एकजुट होकर संघर्ष का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार फसल योग्य और सिंचित भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाना चाहिए और यदि विशेष परिस्थिति में अधिग्रहण किया भी जाए तो पहले वैकल्पिक जमीन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना तैयारी के बलपूर्वक जमीन लेने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसान किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। इसके साथ ही महापंचायत में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय किया गया कि भविष्य में किसान अपने मताधिकार का प्रयोग जाति, धर्म या पार्टी के आधार पर नहीं, बल्कि किसानों के आर्थिक हितों के आधार पर करेंगे। इस दौरान किसान महापंचायत के जिला अध्यक्ष बलदेव यादव, मदनलाल सैनी, कृष्ण यादव सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

### छात्र संगठन एसएफआई ने किया विरोध प्रदर्शनः हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## छात्रा सिया गुलरिया की हत्या के आरोपियों को सजा दिलाने की मांग



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** छात्र संगठन एसएफआई ने हिमाचल प्रदेश की छात्रा सिया गुलरिया की हत्या के विरोध में उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया और आरोपियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जिला महासचिव विक्रम यादव ने बताया कि गत दिनों हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी की छात्रा और एसएफआई संगठन की कार्यकर्ता सिया गुलरिया की हत्या कर दी गई थी। इसके खिलाफ छात्र संगठन एसएफआई पूरे देश भर में विरोध प्रदर्शन कर रहा है कि हिमाचल प्रदेश सरकार दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे, उन्हें सजा दें और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार तथा बढ़ते हुए नशे पर रोकथाम लगाएं।

डीवाईएफआई जिला महासचिव एडवोकेट गोपाल सैनी ने बताया कि एक तरफ भाजपा सरकार संसद में महिलाओं को आरक्षण देने का रोना पीट रही है और दूसरी तरफ पूरे देश भर में महिलाओं पर अपराध बढ़ते जा रहे हैं। उस और भाजपा कोई कठोर कदम नहीं उठा रही, तो हम यह कहना चाहते हैं कि भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को सुधारे, खासकर शैक्षणिक संस्थाओं को अपराध से दूर रखा जाए, क्योंकि यहां विद्यार्थी पढ़ने आते हैं तो बहुत सारे सपने लेकर आते हैं, परंतु उनके साथ इस प्रकार की घटनाएं घटित होती है और ये पूरे देश के लिए बहुत बड़ा निंदनीय विषय है।

इस दौरान नीमकाथाना संयुक्त सचिव किरण सैनी, दिनेश बबेरवाल, नीमकाथाना तहसील अध्यक्ष मोहित यादव, तहसील महासचिव मयंक शर्मा, दीपक रावत, निकिता कंवर, सकीना नाथ, टीना कुमावत, आकांक्षा, तनु कंवर, खुशबू योगी, लक्ष्मी योगी सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# रोजगार कार्यालय में कैंपस प्लेसमेंट शिविर कल से

महानगर टाइम्स संवाददाता




**सीकर।** सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय सीकर राकेश खर्रा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय सीकर एवं जी.डी. एक्स ग्रुप, नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं गनमैन के पदों पर सीधी भर्ती के लिए कैंपस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन 22 से 24 अप्रेल तक रोजगार कार्यालय सीकर में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लक्ष्मणगढ़, नेछवा, फतेहपुर एवं रामगढ़ शेखावाटी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए 22 अप्रेल को, दांतारामगढ़, श्रीमाधोपुर, पलसाना एवं अजीतगढ़ क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए 23 अप्रेल को तथा नीमकाथाना, पाटन, धोद, खंडेला एवं सीकर क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए 24 अप्रेल को प्रातः 10:30 बजे से सायं 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

जी.डी. एक्स ग्रुप के भर्ती अधिकारी रामकिशन सिंह भर्ती स्थल पर उपस्थित रहकर सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं गनमैन पदों के लिए सीधी भर्ती करेंगे। अभ्यर्थियों का पंजीकरण भर्ती स्थल पर ही किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु 22 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शारीरिक मापदंडों के अनुसार लंबाई 168 सेमी, वजन 52 से 80 किलोग्राम के मध्य तथा अभ्यर्थी का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को रीको भिवाड़ी एवं नीमराणा के औद्योगिक क्षेत्रों में 58 वर्ष की आयु तक स्थायी रोजगार प्रदान किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9667989993 पर संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में इस भर्ती अवसर का लाभ उठा सकते है।

# पीएसएल में शानका पर लगा एक साल का प्रतिबंध

विशेष संवाददाता



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंकाई खिलाड़ी दसुन शानका पर पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) खेलने से एक साल का प्रतिबंध लगाया है। बोर्ड ने पाया है कि शानका ने पीएसएल से बाहर होने और बाद में आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ जुड़ने से लाहौर कलंदर्स के साथ अनुबंध का उल्लंघन किया है। पीसीबी के एक बयान में कहा गया है कि इस पर निर्णय विस्तृत समीक्षा के बाद लिया गया है। बोर्ड के बयान के अनुसार शानका ने एकतरफा रूप से अपना नाम वापस ले लिया, जो कि खिलाड़ी पंजीकरण शर्तों और त्रिपक्षीय समझौते का स्पष्ट रूप से उल्लंघन था। शानका अब पीएसएल 2027 में नहीं खेल सकेंगे। शानका को माफी मांगने के बाद कम सजा दी गई है। पीएसएल के बयान में शानका के हवाले से कहा गया, 'मुझे पीएसएल से हटने के अपने निर्णय पर गहरा अफसोस है और मैं पाकिस्तान के लोगों, पीएसएल के प्रशंसकों और पूरे क्रिकेट के समुदाय से माफी मांगता हूं। पीएसएल एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और मैं अपने कदम से हुई निराशा को समझता हूं। लाहौर कलंदर्स के प्रशंसकों, मैं आपको निराश करने के लिए माफी मांगता हूं।'

उल्लेखनीय है कि शानका को कलंदर्स ने नीलामी में करीब 27 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग 25 लाख भारतीय रुपए) में खरीदा था और सीजन की शुरुआत से पहले चोटिल सैम करन की जगह वह दो करोड़ की राशि में आरआर के साथ जुड़ गए थे। मुजाराबानी और कॉर्बिन बॉश के बाद शानका पीएसएल से प्रतिबंधित होने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

### सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप

## प. बंगाल का जीत के साथ आगाज

**राजगीर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** राजगीर खेल अकादमी में 13वीं सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप में पुरुषों के मुकाबलों में सोमवार को पिछले साल की विजेता पश्चिम बंगाल की टीम ने चंडीगढ़ पर 49-7 से जीत के साथ अच्छी शुरुआत की। सोमवार को शुरू हुई प्रतियोगिता के मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र ने अंडमान और निकोबार पर 92-0 की जीत के साथ दिन का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, जबकि ओडिशा, बिहार और राजस्थान ने भी अपने शुरुआती मुकाबलों में जबरदस्त जीत हासिल की।

पिछले विजेता पश्चिम बंगाल ने चंडीगढ़ पर 49-7 से जीत के साथ अच्छी शुरुआत की। पूर्व सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियन हरियाणा ने भी शानदार जीत से सबको प्रभावित किया और उत्तर प्रदेश को 29-0 और मध्य प्रदेश को 47-0 से हराया।

इस प्रतियोगिता के पूल- एक में सिर्फ़ दो टीमें थीं, इस वजह से दिल्ली और कर्नाटक का दो बार आमना-सामना हुआ। दिल्ली ने पहला मैच 10-0 से जीता, जबकि कर्नाटक ने दूसरे मैच में 21-14 से जीत हासिल की, जिससे यह पक्का हो गया कि दोनों टीमें मुकाबले में बनी रहेंगी। ग्रुप स्टेज में कुछ करीबी मुकाबले भी हुए, जिसमें छत्तीसगढ़ की चंडीगढ़ पर 7-5 से और उत्तराखंड की पंजाब पर 10-5 से जीत शामिल है।

## वासुदेव देवनानी आज भारणी आएंगे

**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी 21 अप्रेल को श्रीमाधोपुर के ग्राम भारणी आएंगे। राजस्थान विधानसभा, जयपुर के उप सचिव सुनील कुमार अग्रवाल ने बताया कि वासुदेव देवनानी प्रातः 9:30 बजे जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे ग्राम भारणी, श्रीमाधोपुर पहुंचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि देवनानी प्रातः 11:30 बजे ग्राम भारणी से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# चार हार के बाद मुंबई को मिली जीत

## तिलक वर्मा के ताबड़तोड़ शतक के बाद अश्वनी का 'चौका'

महानगर टाइम्स संवाददाता



**अहमदाबाद।** एशिया कप 2025 फाइनल के हीरो तिलक वर्मा (101*) के ताबड़तोड़ शतक के बाद अश्वनी कुमार (4) की आग उगलती गेंदबाजी की बदौलत मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2026 में दूसरी जीत मिल गई है। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाए और गुजरात को 200 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में गुजरात की टीम 15.4 ओवर में 100 रन पर ढेर हो गई। मुंबई ने 99 रन से यह मुकाबला जीता। यह मौजूदा सीजन की सबसे बड़ी जीत है। चार हार के बाद मुंबई को जीत मिली है। इससे पहले उन्होंने इस सीजन का पहला मैच जीता था।

**55 रन पर गंवाए 5 विकेट:** 200 रन चेज करने उतरी गुजरात की शुरुआत भी मुंबई की तरह ही खराब रही। 55 रन के भीतर गुजरात की आधी टीम पवेलियन जा चुकी थी। जसप्रीत बुमराह ने पहली गेंद पर ही साई सुदर्शन (0) का शिकार कर इस सीजन विकेट का खाता खोला। पिछले 5 मैच में भारतीय तेज गेंदबाज का विकेट का कॉलम खाली था। अगले ही ओवर में कप्तान हार्दिक पांड्या ने जोस बटलर (5) को एलबीडब्ल्यू आउट किया।

**8वें ओवर में लगे 2 झटके:** 2 विकेट जल्दी गंवाने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ 20 गेंदों पर 35 रन की पार्टनरशिप की। अश्वनी कुमार ने इस साझेदारी को तोड़ा और गिल (14) को नमन धीर के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद नमन ने वॉशिंगटन (26) का बाउंड्री पर 'सुंदर' कैच लिया। इसी 8वें ओवर में मिचेल सेंटनर ने सुंदर के बाद ग्लेन फिलिप्स (6) का विकेट अपने खाते में जोड़ लिया।

### अश्वनी कुमार ने झटके 4 विकेट

आधी टीम के आउट होने के बाद राहुल तेवतिया (8) और शाहरुख खान (17) ने गुजरात की पारी को संभालने का प्रयास किया। हालांकि, दोनों अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। राशिद खान (4) भी सस्ते में आउट हुए। ये तीनों विकेट अश्वनी कुमार ने लिए। मुकाबले में अश्वनी कुमार ने कुल 4 विकेट चटकाए। इस दौरान वह किफायती भी रहे। अपने 4 ओवर में उन्होंने 6 की इकोनामी से 24 रन ही दिए।

### मुंबई की खराब शुरुआत

इससे पहले मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 50 रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले क्विंटन डिकॉक इस बार 11 गेंदों में 13 रन बनाकर लौट गए। इसके पहले डेब्यू कर रहे दानिश मालेवार भी सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए। सूर्यकुमार यादव 15 रन ही बना सके। शुरुआती झटकों के बीच नमन धीर ने जिम्मेदारी संभाली और 45 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम को संभाला।

**तिलक ने खेली तूफानी पारीः** युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। पिछली पांच पारियों में संघर्ष करने वाले तिलक ने इस मुकाबले में जबरदस्त वापसी की। उन्होंने सिर्फ 45 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने आक्रामक अंदाज दिखाया और 224.44 की स्ट्राइक रेट से रन जुटाए। तिलक का यह इस सीजन का पहला शतक रहा। उनकी इस दमदार पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस 200 रन के करीब पहुंचने में सफल रही। जब टीम शुरुआती विकेट गंवाकर दबाव में थी, तब तिलक ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाया। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 16 गेंदों का सामना किया और वह 15 रन ही बना सके।

# अंडर-17 पुरुष टीम कतर के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को बताया कि भारत की अंडर-17 पुरुष टीम 25 और 28 अप्रेल को दोहा में कतर के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। ये एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 से पहले भारत के आखिरी दो मैच हैं और खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अभी थाईलैंड में है, जहां वे संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ दो मैत्री मैच खेल रहे हैं। टीम ने पहला मैच शुक्रवार को 1-0 से जीता था। मंगलवार को दूसरे मैच के बाद बिबियानो फर्नांडिस की टीम 22 अप्रेल को दोहा के लिए रवाना होगी। वे 30 अप्रेल को दोहा से सऊदी अरब के जेद्दा जाएंगे। एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में भारत ग्रुप डी में छह मई को ऑस्ट्रेलिया, 10 मई को उज्बेकिस्तान और 13 मई को उत्तर कोरिया का सामना करेगा। भारत की 24 सदस्यीय टीम दोहा जाएगी। एशियाई कप के लिए 23 सदस्यीय अंतिम टीम की घोषणा टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही जाएगी।

## टी20 में निरंतरता से ज्यादा प्रभावी प्रदर्शन की अहमियतः बदानी

**हैदराबाद (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमांग बदानी ने अपने बल्लेबाजों के मैच जिताने वाले प्रदर्शन का समर्थन करते हुए सोमवार को कहा कि टी20 क्रिकेट में निरंतरता से ज्यादा 'इम्पैक्ट (प्रभावी प्रदर्शन)' मायने रखता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कप्तान अक्षर पटेल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मंगलवार को खेले जाने वाले मुकाबले के लिए पूरी तरह फिट हैं। बदानी ने दिल्ली की बल्लेबाजी में कथित अस्थिरता को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि कुछ झटके लगे हैं, लेकिन टीम अपनी प्रक्रिया से संतुष्ट है।

# डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज आर्यना सबालेंका

## रिबाकिना और कोस्त्युक ने लगाई छलांग

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** बेलारूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए रखा है। स्टटगार्ट ओपन में हिस्सा नहीं लेने के बावजूद सबालेंका 'वर्ल्ड नंबर 1' बनी हुई हैं। वहीं, एलेना रिबाकिना ने एक और खिताब जीतकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। सबालेंका ने लगातार 79वें और कुल मिलाकर 90वें हफ्ते की शुरुआत टॉप पर की है। बीते साल स्टटगार्ट में रनर-अप रहने के कारण मिले प्वाइंट्स का बचाव न करने का फैसला लेने के बाद भी, सबालेंका ने रिबाकिना पर 2,395 प्वाइंट्स की बड़ी बढ़त बनाए रखी है। हालांकि, रिबाकिना के पोर्श टेनिस ग्रैंड प्रिक्स का खिताब जीतने के बाद यह अंतर थोड़ा कम हो गया। रिबाकिना ने फाइनल में कैरोलिना मुचोवा को शिकस्त देकर इस सीजन का अपना दूसरा और कॅरियर का 13वां खिताब जीता।

टॉप-2 खिलाड़ियों के बाद, कोको गॉफ और इगा स्वियातेक दोनों ही स्टटगार्ट के क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के कारण रैंकिंग में ऊपर चढ़ने का मौका चूक गईं। खासकर स्वियातेक, टीनएज सनसनी मिरा एंड्रीवा से हारने के बाद गॉफ से आगे नहीं निकल पाईं। एंड्रीवा सेमीफाइनल में पहुंचीं और वर्ल्ड नंबर 8 पर पहुंच गईं। मुचोवा के फाइनल तक पहुंचने से उनकी रैंकिंग 11वें स्थान पर पहुंच गई है। टूर्नामेंट के दौरान गॉफ और एलिना स्वितोलिना जैसी खिलाड़ियों पर अहम जीत दर्ज करने के बाद, वह टॉप 10 में वापसी करने के बेहद करीब पहुंच गई हैं।

रूएन में, यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने अपने ही देश की वेरोनिका पोड्रेज को शिकस्त देकर कॅरियर का दूसरा खिताब जीता। यह पहला ऐसा डब्ल्यूटीए फाइनल था, जिसमें दोनों खिलाड़ी यूक्रेन की थीं। इस सीजन की शुरुआत में चोट के कारण कुछ समय बाहर रहने के बाद शानदार वापसी करते हुए कोस्त्युक पांच स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गईं।

19 वर्षीय पोड्रेज 62 पायदान ऊपर चढ़कर अपने कॅरियर की सबसे ऊंची 147वीं रैंक पर पहुंच गई हैं। रैंकिंग में ऊपर चढ़ने वाली अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में, जर्मनी की तात्याना मारिया रूएन में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद 54वीं रैंक पर पहुंच गईं, जबकि तुर्की की जेनेप सोनमेज स्टटगार्ट में जैस्मीन पाओलिनी के खिलाफ टॉप 10 में अपनी पहली ऐतिहासिक जीत के बाद अपने कॅरियर की सबसे ऊंची 67वीं रैंक पर पहुंच गईं। अमेरिकी खिलाड़ी एलिसिया पार्क्स भी 84वीं रैंक पर पहुंचीं।

रैंकिंग में नीचे की ओर सिनजा क्रौस टॉप 100 के करीब पहुंच गईं, जबकि माजा च्वालिंस्का ने दमदार डब्ल्यूटीए 125 खिताबी प्रदर्शन के बाद कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 118वीं रैंकिंग हासिल की। टायरा कैटेरिना ग्रांट और रॉबिन मोंटगोमरी ने भी आईटीएफ और डब्ल्यूटीए सर्किट में शानदार वापसी के बाद बड़ी छलांग लगाई। सारा सोरिबेस टोरमो ने खिताबी जीत के साथ अपनी वापसी जारी रखी, जबकि चेक किशोरी एलेना कोवाचकोवा ने आईटीएफ फाइनल में पहुंचकर कॅरियर की नई सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। वहीं, जेलेना ओस्टापेंको को बड़ा झटका लगा और वह 40वें स्थान पर खिसक गईं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube X twitter



शराब पीने के लिए टोकने पर हुआ था दोनों के बीच विवाद, दूसरे कमरे में खेल रहा था बेटा, दस साल पहले की थी लव मैरिज

# झगड़े के बाद पत्नी का गला घोंटकर पति ने भी फंदा लगाकर दी जान

महानगर टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** अलवर के रहने वाले एक युवक ने गुरुग्राम में पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। दोनों ने 10 साल पहले लव मैरिज की थी। दंपती किराए का कमरा लेकर बेटे के साथ रहते थे। घटना गुरुग्राम के सेक्टर-9 में रविवार रात को हुई। दीपक कुमार अलवर के सूर्य नगर खुदनपुरी का रहने वाला था। वहीं उसकी पत्नी सोनम बाई बगड़ तिराहे के पास जुगरावर गांव की रहने वाली थी। घटना के समय उनका 6 साल का बेटा दूसरे कमरे में खेल रहा था। बेटा कमरे में आया तो पिता को फंदे पर लटका देखा। मां भी नहीं उठी। तब वह पड़ोस में भागकर गया। पड़ोसियों ने आकर देखा तो पता चला दोनों की मौत हो चुकी है। गुरुग्राम पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया कि रविवार रात को युवक ने शराब पी रखी थी। इस बात पर पत्नी ने उसे टोक दिया। दोनों के बीच लड़ाई हुई। इसके चलते दीपक ने पत्नी की हत्या कर खुद को भी खत्म कर लिया। दीपक कुमार टैक्सी ड्राइवर था। वहीं उसकी पत्नी सोनम टाटा कंपनी में जॉब करती थी। पुलिस ने बताया पारिवारिक विवाद को इस हत्या-आत्महत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है। सोनम के पिता रामप्रसाद ने बताया कि एक महीने पहले दीपक अलवर आया था। उस समय सोनम रसोई में खाना बना रही थी। तब भी उसने गला दबाकर सोनम से मारपीट की थी। वह अक्सर उससे मारपीट करता था। दीपक के भाई राकेश कुमार ने बताया कि दीपक उसका छोटा भाई था। मुझे घटना की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचा। मुझे मालूम नहीं क्या हुआ है। पति-पत्नी के बीच आपसी रंजिश थी या किसी ने ऐसा करवाया है। अलवर में दीपक के पड़ोसी शिंभू कुमार ने बताया कि तीनों भाइयों का यहां मकान है। दीपक के पिता की फरवरी 2026 में मौत हो गई थी। दीपक यहां आता-जाता रहता था। कोई विवाद का कारण नहीं था। उन्होंने बताया कि दीपक गांव से तीन दिन पहले ही गया था।

## पढ़ाई-नौकरी को लेकर परेशान बीएससी छात्र ने किया सुसाइड



**कोटा।** आरकेपुरम थाना क्षेत्र के रोजड़ी इलाके में बीएससी सेकंड ईयर के स्टूडेंट ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मां ने खाना खाने के लिए बुलाने गई तो वह कमरे में टिन शेड की एंगल से रस्सी के फंदे से लटका मिला। परिवार का कहना है कि वह अपनी पढ़ाई व नौकरी को लेकर परेशान था। आरकेपूरम थाने के एएसआई राजेंद्र सांखला ने बताया कि युवक अनिल के परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवक के बड़े भाई सुनील ने बताया कि छोटा भाई अनिल बीएससी सेकंड ईयर में था। दो महीने पहले तक प्राइवेट जॉब कर रहा था। पढ़ाई के कारण उसने जॉब छोड़ दी थी। वह अक्सर अपने भविष्य को लेकर परेशान रहता था। होली पर उसे समझाया था। अहमदाबाद में भी इंटरव्यू देकर आया था। पिछले दो तीन से कम ही बात कर रहा था। वह घर लौटा और बाइक खड़ी करके अपने कमरे में चला गया। मां रसोई में खाना बना रही थी। पत्नी, पिता व बच्चे रिश्तेतदार के यहां शादी में गए थे। मां खाना खाने के लिए अनिल को बुलाने गई, लेकिन अनिल के कमरे का गेट लगा हुआ था। आवाज लगाने पर भी उसने गेट नहीं खोला। मां ने पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया। कमरे में देखा तो अनिल टिन शेड के एंगल से रस्सी से फंदे पर लटका हुआ था। उसे नीचे उतारकर हॉस्पिटल लेकर गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दोस्त घायल

महानगर टाइम्स संवाददाता




**श्रीगंगानगर।** जवाहर नगर थाना क्षेत्र में इंदिरा वाटिका के सामने एक कार ने बाइक सवार डेयरी संचालक को टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिरते ही उसकी मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा दोस्त उछलकर करीब 10 फीट दूर गिरकर घायल हो गया। युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हादसे के बाद आरोपी स्कॉर्पियो ड्राइवर फरार हो गया।

इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। एएसआई मनीराम ने बताया कि कार दक्ष प्रजापति चौक से चहल चौक की ओर जा रही थी। वहीं बाइक सवार डेयरी संचालक चहल चौक स्थित डेयरी पर अपने दोस्त के साथ जा रहा था। इस दौरान इंदिरा वाटिका के गेट के सामने कार ड्राइवर ने अचानक दाईं ओर डिवाइडर कट पार करने के लिए घुमा दिया। इस दौरान ओवरटेक कर रही बाइक को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, लेकिन लॉक नहीं लगाया हुआ था। टक्कर के झटके से हेलमेट सिर से निकलकर दूर गिर गया, जिससे गंभीर हैड इंजरी हुई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने निजी वाहनों से दोनों को गंगानगर जिला हॉस्पिटल में पहुंचाया। मृतक महेश शर्मा सरपंच कॉलोनी नाथांवाला और घायल सौरभ कालियां गांव का रहने वाला है। मृतक महेश के चाचा ने जवाहरनगर थाने में कार ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराया है।

# स्कूल मैदान में खेलते समय गिरा हैंडबाल पोल, बच्चे की मौत

बैलेंस बिगड़ने से हुआ हादसा, इकलौते बेटे का शव देखकर पिता बेहोश

महानगर टाइम्स संवाददाता





**उदयपुर।** गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूल के खेल मैदान में लगे हैंडबाल के पोल पर एक बच्चा लटक रहा था। इस दौरान पोल उसके सिर पर गिर गया और बच्चा घायल हो गया। स्टाफ उसे तुरंत उसे एमबी हॉस्पिटल ले गया, जहां इलाज के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। हादसा सेंट एंथोनी स्कूल में सोमवार 12.30 बजे का है।

सूचना पर गोवर्धन विलास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। छात्र महर्थ राजसिंह पुत्र देवेन्द्र पाल सिंह चौहान तीसरी कक्षा का छात्र था। महर्थ माता-पिता का इकलौता बेटा था। बच्चे का शव एमबी हॉस्पिटल मोर्चरी में रखवाया गया है। थानाधिकारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि हादसे के बाद बच्चे के पिता देवेंद्रपाल सिंह अस्पताल पहुंचे। बेटे की हालत देख वे बेसुध हो गए। उनका एमबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बच्चे की मां समेत परिवार के लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं दी गई है। एएसआई प्रतापसिंह ने बताया कि बच्चा आरके पुरम तीतरड़ी का रहने वाला था। पिता देवेन्द्र पाल प्रॉपर्टी का काम करते हैं।

थानाधिकारी चारण ने बताया कि बच्चा हैंडबॉल के पोल पर लटका था, तभी उसका बैलेंस बिगड़ गया और पोल सीधे बच्चे के सिर पर आकर गिरा। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद उसे तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सेंट एंथोनी स्कूल के प्रिंसिपल विलियम डिसूजा ने बताया कि बच्चों का गेम्स का पीरियड था। मैं अपनी क्लास में पढ़ा रहा था। इस दौरान पीटीआई ने मुझे घटना की जानकारी दी। खेलते हुए बच्चे को चोट लग गई है। तब तक दूसरे पीटीआई बच्चे को लेकर गेट की तरफ भागे, उनके साथ हॉस्पिटल पहुंचा। बच्चे को सीपीआर दिया। हॉस्पिटल ने भी पूरी कोशिश की। डॉक्टर ने पहले कहा पल्स है। इसके बाद परिवार को जानकारी दी। उन्हें बताया कि बच्चा सीरियस इंजर्ड है।

### स्कूल स्टाफ पर भड़के परिजन व करणी सेना पदाधिकारी

प्रिंसिपल डिसूज़ा ने बताया कि हैंडबॉल का पोल साइड में रहता है। खेलने के समय उसे बीच में लाया जाता है। उसमें सेल्फ स्टैंड है। बाद में साइड में रख दिया जाता है। इस पोल पर तीन बच्चे लटक रहे थे। इस दौरान पोल गिर गया। मोर्चरी के बाहर बच्चे के परिजन और करणी सेना के पदाधिकारी स्कूल स्टाफ पर भड़क गए। इस दौरान स्कूल स्टाफ की प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष लोकेश जैन से बहस हो गई। परिजन बोले कि आप लोग जब फीस लेते हो तब कहां जाते हो। क्यों हुई लापरवाही। कैसे हुई बच्चे की मौत। परिजनों और स्कूल प्रबन्धन में सहमति बनने के बाद परिजन बच्चे का शव लेकर पैतृक गांव उम्बाडा बांसवाड़ा के लिए रवाना हो गए।

## कार ने बाइक सवारों को उड़ाया, महिला-बच्चे सहित तीन की मौत

हादसे में महिला के टूटे हाथ-पैर, बाइक के परखच्चे उड़े, शादी समारोह में काम करने जा रहे थे



महानगर टाइम्स संवाददाता

**बीकानेर।** गंगाशहर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह पलाना गांव की ओर जाते समय कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों शादी समारोह में काम करने के लिए जा रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में महिला के हाथ-पैर टूट गए और महिला व एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं एक नाबालिग की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक पर लेखराम, भंवरी देवी व नाबालिग कुलदीप सवार थे। तीनों किसी विवाह समारोह में मजदूरी के लिए पलाना गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि लेखराम व भंवरी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल कुलदीप को पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार तीनों आपस में रिश्तेदार नहीं थे। घटना की सूचना मिलते ही गंगाशहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। घायल कुलदीप को भी पुलिस की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर लोगों ने पुलिस के निर्देशन में शवों को पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी में पहुंचाया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

## बाजार में जाम लगने पर टोका तो 3 बाइक को टक्कर मार भागे कार सवार बदमाश

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना इलाके में स्थित बाजार में एक ओवर स्पीड कार सवार युवक तीन बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गए। इससे पहले कार सवार युवकों का बाजार में लोगों से झगड़ा हुआ था, उनकी कार से जाम लगने पर लोगों ने उन्हें टोका था। इस पर वे नाराज हो गए और मारपीट कर कार तेज स्पीड में लेकर फरार हो गए।

दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में कार सवार झगड़ा करते नजर आ रहे हैं। मालपुरा गेट थाने के एसएचओ उदयभान यादव ने बताया कि मार्केट के अंदर रास्ता बहुत ही सकड़ा होने के कारण वहां गाड़ियां फंस जाती है। कार के निकलते समय सड़क किनारे दुकानों के बाहर खड़ी दो-तीन बाइक टच हो गई। फुटेज के आधार पर मामला दिखवाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सांगानेर के गोविन्द विहार निवासी जोगेन्द्र सहित अन्य लोगों ने मालपुरा गेट थाने में शिकायत दी है। पीड़ित जोगेन्द्र ने बताया कि वह इंडिया गेट के शताब्दी नगर स्थित मार्केट में किसी काम से गए थे। मार्केट में एक घुमाव पर कार की वजह से जाम लगा हुआ था।

लोगों ने टोका तो युवक कार से लाठी-डंडे निकालकर उन्हें धमकाने लगे। इसके बाद मारपीट कर भाग गए। भागते समय उनके साथी ने ओवर स्पीड में कार को दौड़ाया और सड़क किनारे खड़ी तीन बाइक को टक्कर मार दी। एक बाइक सवार पति-पत्नी भी कार की चपेट में आए गए। बाजार में एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में कार सवारों की पूरी करतूत कैद हो गई।

## चलते ट्रक में धमाके के साथ लगी आग, ड्राईवर ने कूदकर अपनी बचाई जान

महानगर टाइम्स संवाददाता



**उदयपुर।** पिपली-अ स्थित नेशनल हाईवे-48 पर चलते ट्रक की धमाके के साथ डीजल की टंकी फट गई, जिससे ट्रक चारों तरफ से आग से घिर गया। ट्रक ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई। दरअसल, सोप स्टोन पाउडर से भरा ट्रक उदयपुर से अहमदाबाद की तरफ जा रहा था। तभी पीपली-अ गांव स्थित पेट्रोल पंप के सामने यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शी पेट्रोल पंप कर्मचारी मोड सिंह ने बताया कि ट्रक आकर जैसे ही पंप के सामने रुका तो तेज आग की लपटें दिखाई दीं। ड्राइवर ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचा ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिरकार ट्रक पूरी तरह जल गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर ऋषभदेव थाना पुलिस के एएसआई अनिल मीणा, कांस्टेबल अनुज, राजेश पाटीदार पहुंचे और ट्रैफिक बंद कराया। पुलिस ने दमकल बुलाकर आग पर काबू पाया, जिसके बाद ट्रैफिक बहाल किया गया। जांच में सामने आया कि ट्रक के डीजल की टंकी फटने की वजह से अचानक आग लगी थी, लेकिन टंकी क्यों फटी, यह पता नहीं चल पाया है।

## टिफिन सप्लाई देने जा रही स्कूटी सवार को टैंकर ने कुचला

महानगर टाइम्स संवाददाता

**भरतपुर।** सेवर थाने के गोलपुरा रोड पर सोमवार दोपहर स्कूटी सवार टिफिन सेंटर चलाने वाली महिला को सामने से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया। हादसे में टैंकर के पहिए के नीचे महिला का सिर आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ड्राइवर टैंकर लेकर फरार हो गया, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। सेवर थाने के एएसआई रामवीर ने बताया कि आरती निवासी महारासर टिफिन सेंटर का काम करती थी। वह सोमवार दोपहर स्कूटी से टिफिन देने जा रही थी, तभी यह हादसा हो गया।

## बदमाश ने करोड़ों रुपए की ठगी कर खरीदे प्लॉट, मकान और सैलून

नकली सोने की ईंट देकर 10 साल में 100 से ज्यादा लोगों को ठगा

महानगर टाइम्स संवाददाता



**भरतपुर।** डीग जिले के जुरहरा थाना इलाके के सोनोखर इंडस्ट्री एरिया में 10 साल में 100 से ज्यादा ठगी करने वाले हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर कभी सोने ईंट तो कभी ओएलएक्स पर ठगी करता था।

बदमाश खुद को जेसीबी ऑपरेटर बताता था और कहता था कि खुदाई में सोने की ईंट मिली है। किसी को चाहिए तो सौदा कर ले। सोने के झांसे में वह लोगों को पीतल की ईंटें पकड़ाकर रफूचक्कर हो जाता था। पुलिस की जांच में सामने आया है कि ठग के पास 1 करोड़ का मकान, सैलून और अलवर शहर में प्लॉट्स भी हैं। आरोपी पर अब तक सिर्फ 6 मामले ही दर्ज हैं, पुलिस अब ठगी के पूरे मामले की जांच में जुटी है। जुरहरा थाने में पिछले साल दाल-बाटी पार्टी का एक वीडियो भी सामने आया था। एसपी शरण गोपीनाथ ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सोनोखर इंडस्ट्री एरिया के पीछे जंगल में एक व्यक्ति नकली सोने की ईंट बेचने की फिराक में है। सूचना पर तुरंत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, जहां व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ा तो आरोपी ने अपना नाम शकील निवासी भंडारा गांव होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक सोने जैसी दिखने ईंट मिली।

पूछताछ में उसने बताया कि वह पीतल की ईंट है। आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ लोगों को झांसे में लेकर पीतल की ईंट को सोने की बताकर बेचते हैं और उनसे ठगी करते हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी अन्तरराज्यीय गैंग है और वह खुद गैंग का सरगना है। आरोपी शकील से कई बड़े खुलासे हुए हैं।

## अपहरण कर नाक काटने वालों को 3-3 साल कैद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अजमेर जिले के गेगल थाना क्षेत्र में एक युवक का अपहरण कर उसकी नाक काटने के वीभत्स मामले में न्यायालय ने सोमवार को सभी 8 आरोपियों को 3-3 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि घटना मार्च 2023 की है, जब आरोपियों ने अनसल सिटी चांदियावास से परिवादी हमीद खान व उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया था। आरोपी पीड़ित को गाड़ी में डालकर मारोठ ले गए, जहां लाठी-सरियों से बेरहमी से मारपीट की और दांतली से परिवादी की नाक काट दी और उसका वीडियो भी बनाया और फरार हो गए।

## आपसी कहासुनी में 12वीं के छात्र ने सहपाठी को मारा चाकू

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** बगरू थाना क्षेत्र के एक स्कूल में सोमवार दोपहर 12वीं के स्टूडेंट ने अपने क्लासमेट को चाकू मार दिया। स्कूल में छुट्टी से पहले एक-दूसरे पर पानी फेंकने पर 17 वर्षीय स्टूडेंट का उसके क्लासमेट से विवाद हो गया। इस पर दोनों में गाली-गलौज होने लगी। इतने में नाबालिग स्टूडेंट ने अपने बैग से चाकू निकालकर क्लासमेट के हाथ पर वार कर दिया। यह देख आसपास खड़े छात्र शोर मचाने लगे। इस पर टीचर पहुंचे और दोनों छात्रों को अलग किया। घायल स्टूडेंट का प्राथमिक उपचार करवाने के बाद परिजनों को सूचना दी। बगरू थाने पहुंचे दोनों स्टूडेंट्स के परिजनों ने शिकायत नहीं दी है। एसएचओ राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि बगरू के एक प्राइवेट स्कूल में दोनों स्टूडेंट पढ़ते हैं। 12वीं क्लास में पढ़ने वाले दोनों स्टूडेंट के बीच स्कूल के अंदर पानी फेंकने की बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। मामूली कहासुनी के बाद गाली-गलौज होने पर झगड़ा बढ़ गया। गुस्से में एक नाबालिग स्टूडेंट ने फल काटने के लिए लाए चाकू से क्लासमेट पर हमला कर दिया। हाथ में चाकू लगने से क्लासमेट चोटिल हो गया। टीचर ने दोनों स्टूडेंट को डांट कर एक-दूसरे से अलग किया। परिजनों को सूचना देकर घायल स्टूडेंट का प्राथमिक उपचार करवाया। दोनों स्टूडेंस के परिजनों को बगरू थाने बुलाया गया। दोनों ही ओर से पुलिस को कार्रवाई नहीं करने की कहकर शिकायत देने से मना कर दिया। पुलिस की ओर से फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से राजीनामा लिखवा लिया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। गौरतलब है कि जवाहर सर्किल इलाके में श्रवण सिंह उर्फ रॉकी के खिलाफ एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। मामला सामने आते ही पुलिस सक्रिय हो गई और आरोपी की धरपकड़ के लिए कई जगह दबिश दी। आखिर में आरोपी पकड़ा गया।

**सतर्कता** दुबारा वारदात करने पांच महिलाएं उसी जगह पहुंची तो परिवार ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

# खाटूश्यामजी में फिर टूटी महिला की चेन, बेटों ने पकड़ा गिरोह

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सीकर।** खाटूश्यामजी में फिर एक महिला की सोने की चेन तोड़ने का मामला सामने आया है। महिला अपने परिवार के साथ हरियाणा से बाबा के दर्शन करने आई थी। पीड़ित महिला के बेटों ने चेन तोड़ने वाली पांच महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हरियाणा के सिरसा के रहने वाले नीरज रोहिल्ला ने बताया कि वह अपने परिवार के 7 सदस्यों के साथ खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे।

दर्शन करने के बाद सभी लोग श्याम कुंड की तरफ जा रहे थे। इस दौरान करीब 5 महिलाओं के एक गिरोह ने आकर मां के गले से सोने की चेन तोड़ ली। बेटे नीरज ने बताया कि भाई के साथ मिलकर आस-पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया, जिनमें महिलाएं चेन तोड़ते नजर आ रही है। करीब एक घंटे बाद लुटेरी महिलाएं वापस उसी जगह पर आई, जिन्होंने मां की सोने की चेन तोड़ी थी। तब फुटेज के आधार पर दुकानवाले ने फोन कर इसकी जानकारी दी। मौके पर जाकर होमगार्ड के जवानों की मदद से महिलाओं को पुलिस के हवाले किया।

बता दें कि करीब एक सप्ताह पहले भी इन महिलाओं को हिरासत में लिया गया था, लेकिन पुख्ता सबूत नहीं होने और मुकदमा नहीं होने पर इन्हें छोड़ना पड़ा था। खाटूश्यामजी में महिलाओं की सोने की चेन तोड़ने वाला यह गिरोह पिछले करीब दो साल से एक्टिव है। यह गिरोह रविवार और भीड़भाड़ वाले दिनों में इस तरह की वारदात करता है। काफी बार पुलिस गिरोह से जुड़े लोगों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। मामले में एसएचओ पवन कुमार चौबे का कहना है कि हिरासत में ली गई महिलाओं से पूछताछ जारी है।

# खाड़ी तनाव से प्याज निर्यात 30 फीसदी तक घटा, शिपिंग लागत में भारी वृद्धि

## किसानों को लागत से आधी कीमत पर बेचना पड़ रहा प्याज

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** खाड़ी देशों में तनाव ने भारत के प्याज बाजार का संतुलन बिगाड़ दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग घटने, शिपिंग महंगा होने और घरेलू बाजार में मांग कमजोर रहने से प्याज की कीमतों पर भारी दबाव बन गया है।

स्थिति ऐसी हो गई है कि किसानों को लागत से भी आधी कीमत पर प्याज बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालात पर जल्दी नियंत्रण नहीं किया गया तो इसका असर खेती के पैटर्न पर भी पड़ सकता है और किसान प्याज की खेती से दूरी बना सकते हैं। हालांकि सरकार ने स्थिति संभालने के लिए नेफेड और एनसीसीएफ जैसी एजेंसियों को बाजार से प्याज खरीदकर बफर स्टाक बनाने के निर्देश दिए हैं। भारत दुनिया के बड़े प्याज निर्यातकों में शामिल है और कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों जैसे यूएई, सऊदी अरब, कुवैत, इराक और ओमान आदि देशों में जाता है। मगर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, खासकर अमेरिका, इजरायल और ईरान से जुड़ा तनाव बढ़ने के बाद इन देशों की व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। परिणाम है कि प्याज निर्यात में करीब 30 प्रतिशत तक गिरावट आई है। खाड़ी देशों को होने वाले निर्यात में तो 55-60 प्रतिशत तक कमी आ गई है। इसका सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ा है। जो प्याज पहले विदेश जाता था, वह अब घरेलू बाजार में ही ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। इससे सप्लाई अचानक बढ़ गई है, किंतु मांग उतनी नहीं बढ़ी। थोक बाजारों में कई शहरों में प्याज 800 से 1000 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रहा है, जबकि उत्पादन लागत 1800 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल के बीच है। हार्टिकल्चर प्रोड्यूस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास सिंह का कहना है कि बढ़ते शिपिंग खर्च ने स्थिति को और खराब कर दिया है। कुछ महीने पहले तक जहां एक कंटेनर का भाड़ा 500-800 डालर के बीच था, वह अब बढ़कर 6000-7500 डालर तक पहुंच गया है।

### व्यापारियों के लिए घाटे का सौदा बना निर्यात

ऐसे में निर्यात करना व्यापारियों के लिए घाटे का सौदा बन गया है। नतीजा है कि निर्यातक पीछे हट रहे हैं और इसका सीधा असर किसानों की आमदनी पर पड़ा है। खाड़ी संकट से घरेलू मांग में भी कमजोरी आई है। होटल-रेस्टोरेंट सेक्टर की धीमी रफ्तार और एलपीजी आपूर्ति में अनियमितता के कारण खपत पर असर पड़ा है। इसके अलावा बांग्लादेश ने भी पिछले दो सालों में अपनी खरीद घटा दी है, जिससे मांग और कमजोर हुई है। हालांकि इस साल उत्पादन में कुछ कमी का अनुमान है। राष्ट्रीय स्तर पर करीब 10-11 प्रतिशत गिरावट आई है, लेकिन निर्यात घटने के कारण देश में प्याज की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है। यानी उत्पादन कम होने के बावजूद कीमतें इसलिए नहीं बढ़ रहीं, क्योंकि माल देश के भीतर ही ज्यादा मात्रा में मौजूद है।

# आईपीओ से कंपनियों ने जुटाए 2,01,442 करोड़ रुपए

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी ने सोमवार को अपनी सिक्योरिटीज रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के जरिए भारतीय शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था को लेकर कई बड़े तथ्य दिए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कंपनियों ने वित्त वर्ष 26 में 153 इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के जरिए 2,01,442 करोड़ रुपए जुटाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि कंपनियों ऐसे समय पर आईपीओ के जरिए पूंजी जुटाने में सफल रही हैं, जब वैश्विक कारणों के चलते बाजार उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रहा था।

**रुपए पर बना रह सकता है दबाव :** रिपोर्ट में आगे कहा गया कि बाहरी दबाव बना हुआ है। विदेशी निवेशकों (एफडीआई) के कमजोर प्रवाह और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली के कारण भारतीय रुपए पर दबाव बना रह सकता है। इन सभी कारकों ने 2022 की शुरुआत से रुपए में दबाव बनाने का काम किया है।

**शेयर बाजार का हाल? :** हाल के महीनों में, विशेष रूप से मिडकैप और स्मॉलकैप सेगमेंट में, मूल्यांकन में गिरावट आई है, हालांकि वे अभी भी दीर्घकालिक औसत से ऊपर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क सूचकांक ऐतिहासिक रूप से आकर्षक स्तरों के करीब पहुंच गए हैं। बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनी हुई है। डीमैट खातों की संख्या बढ़कर 222 मिलियन से अधिक हो गई है, जबकि फरवरी 2026 में सक्रिय इक्विटी व्यापारियों की संख्या 1.48 करोड़ से अधिक हो गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि म्यूचुअल फंड में एसआईपी के माध्यम से निवेश मजबूत बना हुआ है और यह सालाना 30,000 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत बना हुआ है और वित्त वर्ष 27 में अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। सरकार द्वारा किए जा रहे बुनियादी ढांचे पर व्यय की भूमिका महत्वपूर्ण बनी हुई है और वित्त वर्ष 2027 में कुल व्यय का लगभग एक तिहाई हिस्सा पूंजीगत व्यय का होने की संभावना है। मुद्रास्फीति लगभग 4.5 प्रतिशत पर नियंत्रण में रहने की उम्मीद है।

### कारोबारियों को मिलेंगे अरबों डॉलर

# लाखों किसानों को राहत, ट्रंप के लगाए 'असंवैधानिक' टैरिफ की वापसी शुरू

महानगर टाइम्स संवाददाता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी व्यापार जगत के लिए सोमवार से एक नई शुरुआत हुई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए उन आयात शुल्कों की वापसी के लिए सुबह 8 बजे से ऑनलाइन पोर्टल शुरू कर दिया गया है, जिन्हें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 'असंवैधानिक' घोषित कर दिया था। इस फैसले से उन लाखों छोटे-बड़े व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, जिन्होंने पिछले वर्षों में सरकार को अरबों डॉलर का टैक्स चुकाया था।

मामले की जड़ें पिछले साल अप्रैल में जुड़ी हैं, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी व्यापार घाटे को 'राष्ट्रीय आपातकाल' घोषित करते हुए लगभग हर देश से आने वाले उत्पादों पर नए आयात शुल्क लगा दिए थे। इसके लिए उन्होंने 1977 के 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट' का सहारा लिया था। हालांकि, इस फैसले को कानूनी चुनौती दी गई। 20 फरवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया कि राष्ट्रपति ने कांग्रेस (संसद) की कर-निर्धारण शक्तियों का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति के पास एकतरफा इस तरह के कर थोपने का संवैधानिक अधिकार नहीं है।

अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा द्वारा कोर्ट में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, लगभग 3,30,000 आयातकों ने कुल 166 बिलियन डॉलर का टैरिफ चुकाया। यह राशि 5.3 करोड़ शिपमेंट पर आधारित थी। वर्तमान में, लगभग 127 बिलियन डॉलर (ब्याज सहित) की राशि वापसी के लिए तैयार है, क्योंकि 56,000 से अधिक आयातक पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं।




किसे मिलेगा रिफंड और किसे नहीं?

फिलहाल, रिफंड का पहला चरण केवल उन मामलों के लिए है जहां टैरिफ का अनुमान लगाया गया था लेकिन वे 'फाइनलाइज' नहीं हुए थे, या जो पिछले 80 दिनों के भीतर के मामले हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान चीन पर लगाए गए टैरिफ या स्टील और एल्युमीनियम पर लगे टैरिफ फिलहाल इस रिफंड का हिस्सा नहीं हैं।

### छोटे व्यापारियों की व्यथा

मिनेसोटा के रोचेस्टर में 'आफ्टर एक्शन सिगार्स' के सह-संस्थापक ब्रैड जैक्सन जैसे हजारों छोटे उद्यमी इस रिफंड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जैक्सन ने बताया कि उन्होंने पिछले साल 34,000 डॉलर का टैरिफ चुकाया था। उनके लिए यह केवल पैसा नहीं, बल्कि उनके व्यवसाय की 'कैश फ्लो' की समस्या का समाधान है। हालांकि, उन्हें चिंता है कि 3-4 महीने का लंबा इंतजार उनके जैसे छोटे बिजनेस के लिए बहुत थका देने वाला हो सकता है।

### आम उपभोक्ताओं पर क्या असर होगा?

यह सबसे बड़ा सवाल है। क्या सामान सस्ता होगा या ग्राहकों को उनका पैसा वापस मिलेगा?

**व्यवसायों की मर्जी:** कानूनी रूप से कंपनियां ग्राहकों को पैसा लौटाने के लिए बाध्य नहीं हैं। कई छोटे व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने टैक्स का बोझ खुद उठाया और कीमतें नहीं बढ़ाईं, इसलिए वे यह पैसा अपने पास रखेंगे।

**डिलीवरी कंपनियां :** फेडई और यूपीएस जैसी कंपनियों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। फेडएक्स ने कहा है कि जैसे ही उन्हें सरकार से पैसा मिलेगा, वे उसे अपने ग्राहकों को लौटा देंगे।

# तेजी से गिर रहा है स्मार्टफोन बाजार, इस साल 13 फीसदी गिरावट के आसार

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** दुनिया में स्मार्टफोन की बिक्री में इस साल 13 फीसदी गिरावट आने का अनुमान है। आईडीसी के मुताबिक इस साल दुनिया में स्मार्टफोन की बिक्री 16 करोड़ की गिरावट के साथ 1.1 अरब रह सकती है।

पिछले साल इसमें 2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी जबकि 2024 में दुनिया में स्मार्टफोन की बिक्री में 6 फीसदी तेजी आई थी। मेमोरी चिप की शॉर्टेज के कारण इसकी कीमत में तेजी आई है। इस कारण सस्ते फोन भी अब महंगे हो गए हैं। इस कारण कंपनियां एंट्री लेवल के सस्ते फोन नहीं बना रही हैं क्योंकि इससे उनका मुनाफा प्रभावित हो रहा है। पिछले साल बिके 17 करोड़ स्मार्टफोन की कीमत 100 डॉलर से कम थी। लेकिन कंपनियों के लिए अब सस्ते फोन बनाना फायदे का सौदा नहीं रह गया है। माना जा रहा है कि मेमोरी चिप्स की शॉर्टेज अगले साल के मध्य तक रह सकती है। अगर सप्लाई बहाल होती है तब भी मेमोरी चिप्स की कीमत 2025 के लेवल तक पहुंचने की उम्मीद नहीं है। साफ है कि अब सस्ते स्मार्टफोन के दिन लद गए हैं।

स्मार्टफोन की कीमत : इस बीच भारत में भी स्मार्टफोन मार्केट के लिए साल की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। मार्च तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री पिछले छह साल में सबसे कमजोर रही। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक सालाना आधार पर इसमें 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत रह गई। भारत के स्मार्टफोन बाजार में चीन के ब्रांड्स ओप्पो, वीवो और रियलमी की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत है। इन तीनों ब्रांड्स की मालिक एक ही कंपनी बीबीके इलेक्ट्रॉनिक्स है। रिपोर्ट के मुताबिक स्मार्टफोन की कीमत बढ़ गई है और कंज्यूमर लंबे समय तक अपने डेवाइसेज को होल्ड कर रहे हैं। कंपोनेंट्स खासकर नंद और धर्म की कीमत बढ़ने और करेंसी में उतारचढ़ाव से कंपनियों ने सभी सेगमेंट्स में कीमत बढ़ाई है। औसतन स्मार्टफोन की कीमत 1,500 रुपए से ज्यादा बढ़ी है। सबसे ज्यादा असर 15,000 रुपए से कम कीमत वाले सेगमेंट पर पड़ा है। भारतीय बाजार में एंट्री लेवल और सस्ते स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या अधिक है।

# टेक्नो तरंग हैकथॉन 3.0 में नवाचार व तकनीकी उत्कृष्टता का संगम



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग राष्ट्रीय स्तर का टेक्नो तरंग हैकाथॉन 3.0 आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में आईआईटी पटना, आईआईटी मद्रास, एनआईटी जालंधर, पारुल यूनिवर्सिटी, महाराजा अग्रसेन कॉलेज (दिल्ली), चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी सहित 60 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। 180 से अधिक टीमों की भागीदारी ने इसे अत्यंत प्रतिस्पर्धी और नवाचार से भरपूर मंच बनाया। एसीएम इंडिया के सहयोग से कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती और पहचान मिली। कार्यक्रम में कुल 10 लाख रुपए से अधिक के पुरस्कार रखे गए। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद गीतांजलि कॉलेज उदयपुर ने प्रथम स्थान, गवर्नमेंट कॉलेज अजमेर ने द्वितीय स्थान और एनआईटी जालंधर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया। हैकथॉन की प्रक्रिया दो मूल्यांकन चरणों में आयोजित की गई, जिसमें प्रारंभिक चरणों के बाद शीर्ष 10 टीमों का फाइनल राउंड के लिए चयन किया गया। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों से आए ज्यूरी सदस्यों ने प्रतिभागियों के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया। हैकथॉन के अंतर्गत प्रतिभागियों को कई उभरते क्षेत्रों पर कार्य करने का अवसर मिला, जिनमें वेब 3.0, फिनटेक, एडटेक, रोबोटिक्स एवं ड्रोन, खेल, हेरिटेज तथा सस्टेनेबिलिटी शामिल रहे। इन विषयों के माध्यम से प्रतिभागियों ने वास्तविक जीवन की समस्याओं के नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए। दो दिवसीय इस आयोजन ने स्टूडेंट्स को अपनी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। टेक्नो तरंग हैकथॉन 3.0 ने यह सिद्ध किया कि युवा प्रतिभाएं नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता के माध्यम से देश के भविष्य को नई दिशा देने में सक्षम हैं।

### 38 बिलियन डॉलर निवेश से भारत बनेगा बैटरी किंग!

# एएलबीएम लागू होने से विदेशी कंपनियों के लिए भारतीय बाजार में घुसना होगा मुश्किल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत अब दुनिया के 'बैटरी किंग' बनने की राह पर निकल पड़ा है। चीन पर अपनी निर्भरता कम करने और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार एक मास्टर प्लान तैयार कर रही है। इस योजना के तहत देश में 38 बिलियन डॉलर (करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए) के भारी-भरकम निवेश के साथ 'बैटरी इकोसिस्टम' खड़ा किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार जल्द ही 'अप्रूव्ड लिस्ट ऑफ बैटरी मैन्युफैक्चरर्स' (एएलबीएम) जारी करने वाली है। यह ठीक वैसा ही मॉडल है जैसा सरकार ने सोलर सेक्टर में अपनाया था। इसके तहत केवल उन्हीं कंपनियों को सरकारी प्रोजेक्ट्स और टेंडर्स में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा, जो सरकार की इस लिस्ट में शामिल होंगी। यह एक तरह का 'नॉन-टैरिफ बैरियर' होगा, जो घटिया विदेशी माल पर (खासकर चीनी आयात) लगाम लगाएगा और केवल भरोसेमंद देसी कंपनियों को बढ़ावा देगा।



### बैटरी विजन 2047: लंबी रेस की तैयारी

भारी उद्योग मंत्रालय और बिजली मंत्रालय मिलकर 'इंडिया बैटरी विजन 2047' पर काम कर रहे हैं। इस मेगा प्लान का मकसद भारत को बैटरी सप्लाई चेन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इसमें कच्चे खनिजों की खोज से लेकर, बैटरी सेल बनाने और इस्तेमाल हो चुकी बैटरियों की रीसाइक्लिंग तक सब कुछ शामिल है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक मोबिलिटी, पावर ग्रिड और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में 3 टेरावॉट-घंटे की कुल बैटरी स्टोरेज क्षमता हासिल करना है। इसके पहले चरण में 47 गीगावाट की स्टोरेज क्षमता विकसित करने की योजना है, जिसके लिए 38 बिलियन डॉलर के निवेश की जरूरत होगी।

**चीन को घेरने की रणनीति:** फिलहाल बैटरी कंपोनेंट्स के लिए भारत काफी हद तक चीन पर निर्भर है, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी जुड़ी हैं। एएलबीएम के लागू होने से विदेशी कंपनियों के लिए भारतीय बाजार में घुसना मुश्किल होगा। टेरी के विशेषज्ञ आलेख्य दत्ता के मुताबिक, अब ध्यान केवल संसाधनों की खोज पर नहीं, बल्कि उनकी प्रोसेसिंग और सप्लाई चेन को सुरक्षित करने पर होना चाहिए।

**फेज-वाइज होगा काम:** इंडिया एनर्जी स्टोरेज एलायंस के देबमाल्या सेन का कहना है कि सरकार का लॉन्ग-टर्म गोल 100 प्रतिशत लोकल प्रोडक्शन है। शुरुआत में बैटरी के अन्य हिस्सों को भारत में बनाने पर जोर दिया जाएगा और धीरे-धीरे सेल मैन्युफैक्चरिंग को भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। सरकार इसके लिए लोकलाइजेशन नॉर्म्स का ड्राफ्ट इसी वित्त वर्ष में पेश कर सकती है।

**इन्वेस्टर्स का बढ़ेगा भरोसा:** सरकार की इस पहल से निवेशकों को यह साफ संदेश जाएगा कि भारत में बैटरी की डिमांड पक्की है। एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल के लिए चल रही पीएलआई स्कीम को भी इस रोडमैप से जोड़कर देखा जा रहा है। जैसे-जैसे भारत सोलर और विंड एनर्जी की तरफ बढ़ रहा है, बिजली को स्टोर करने के लिए बैटरियां बेहद जरूरी हो गई हैं।

# महंगा सोना भी नहीं रोक पाया ग्राहकों का जोश, अक्षय तृतीया पर 20,000 करोड़ से ज्यादा का व्यापार

## ग्राहकों ने सोने-चांदी के साथ हल्के गहनों और डिजिटल गोल्ड में किया भारी निवेश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोने की आसमान छूती कीमतों के बावजूद इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भारतीय उपभोक्ताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गई। देशभर के सर्राफा बाजारों और शोरूम्स में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे जेम्स एंड ज्वैलरी सेक्टर में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, ऊंची कीमतों ने वॉल्यूम पर थोड़ा असर जरूर डाला, लेकिन मूल्य के मामले में इस साल के आंकड़े पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते नजर आ रहे हैं। पिछले साल अक्षय तृतीया पर सोने का भाव लगभग 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो इस साल बढ़कर करीब 1,54,000 से 1,58,000 रुपए के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने बताया कि देश भर में लगभग 18 से 20 टन सोने का व्यापार हुआ है। उन्होंने कहा, दक्षिण भारत में सुबह से ही तेजी थी, जबकि महाराष्ट्र और पश्चिम भारत में दोपहर 2 बजे के बाद ग्राहकों का हुजूम उमड़ा, जिसके चलते शोरूम देर रात तक खुले रहे। इस साल बाजार में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। सोने की उच्च कीमतों के कारण मध्यम वर्ग ने भारी गहनों के बजाय 'लाइटवेट' और 'डेली वियर' डिजाइनों को प्राथमिकता दी। विशेष रूप से युवाओं और पहली बार खरीदारी करने वालों ने 9के, 14के और 18के कैरेट वाली डायमंड स्टडेड ज्वैलरी में अधिक रुचि दिखाई।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकारी अपील का असर

# 39,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने छोड़ा एलपीजी कनेक्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण उत्पन्न हुए आपूर्ति संकट को देखते हुए भारत सरकार की अपील रंग लाती दिख रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अब तक 39,000 से अधिक पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपभोक्ताओं ने अपने पुराने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं। यह कदम सरकार की उस रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत उन लोगों को एलपीजी छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है जिनके पास पहले से ही पाइप वाली गैस की सुविधा उपलब्ध है।

**आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव कम करने की कोशिश :** मंत्रालय में संयुक्त सचिव (विपणन और तेल



रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में बताया कि मार्च के बाद से देश में करीब 4.93 लाख नए पीएनजी कनेक्शन लगाए गए हैं और लगभग 5.51 लाख नए उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया संकट की वजह से वैश्विक स्तर पर गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे निपटने के लिए घरेलू प्रबंधन को मजबूत करना अनिवार्य हो गया था।

**वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा :** आंकड़ों के अनुसार, घरेलू एलपीजी की स्थिति फिलहाल सामान्य है और कहीं भी 'ड्राई-आउट' (स्टॉक खत्म होना) की सूचना नहीं मिली है। व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति, जो शुरुआत में प्रभावित हुई थी, अब 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है। इसके साथ ही, ऑटो एलपीजी की खपत में भी भारी उछाल देखा गया है; फरवरी के 177 टन प्रतिदिन के मुकाबले अब इसकी बिक्री बढ़कर 350 टन प्रतिदिन हो गई है।

### अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की सलाह

मंत्रालय ने जनता को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है। छोटे सिलेंडर (5 किलोग्राम) की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 7,000 से अधिक जागरूकता शिविर लगाए गए हैं, जिनसे अब तक लगभग 18.45 लाख सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्यों को पीएनजी नेटवर्क विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और पेट्रोल पंपों पर भी आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की कमी की अफवाहों पर विश्वास न करें।

### आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम

सरकार ने केवल अपील ही नहीं की, बल्कि जमीनी स्तर पर भी कई कड़े कदम उठाए हैं। आपूर्ति में हेराफेरी और कालाबाजारी रोकने के लिए अब तक करीब 1,900 छापेमारी की गई है। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 267 वितरकों पर जुर्माना लगाया गया और 67 वितरकों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। इसके अलावा, डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के क्रियान्वयन को बढ़ाकर 92 प्रतिशत कर दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गैस सीधे वास्तविक उपभोक्ता तक पहुंचे।

### 'होर्मुज में फंसे भारतीय नाविकों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता'

भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर खाड़ी देशों के साथ भारत की सक्रिय बातचीत जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने 19 अप्रैल को सऊदी अरब का आधिकारिक दौरा किया, जहां उन्होंने ऊर्जा मंत्री, विदेश मंत्री और अपने समकक्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय स्थिति और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा हुई। जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया। भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।

# पड़ोसी देशों में आसमान छू रहीं पेट्रोल की कीमतें

**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** अमेरिका-इजराइल-ईरान के बीच भले ही युद्धविराम लागू है, जिसकी मियाद 22 अप्रैल को खत्म हो रही है, लेकिन इससे पहले जंग और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बड़े पैमाने पर प्रभावित होने के कारण एशिया के कई देशों में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है। हालांकि, भारत में ऐसा बिल्कुल भी नहीं हुआ और पेट्रोल की कीमतें स्थिर ही रहीं।

# इस वीक दर्शकों को मिलेगा एक्शन, कॉमेडी और थ्रिल का डोज, रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज



यह महीना मनोरंजन के शौकीनों के लिए काफी अच्छा बीत रहा है। सिनेमाघरों में 'डकैत' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों ने दस्तक दी है। वहीं, ओटीटी पर भी 'टोस्टर' और 'मटका किंग' सहित कई फिल्में और सीरीज बीते सप्ताह रिलीज हुईं। इस महीने का दूसरा वीक भी काफी शानदार है। इस बार की ओटीटी लिस्ट में क्या-क्या है खास?

## प्रतिछाया



यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस वीक से दर्शक इसे देख सकेंगे। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

## '24'



अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो '24' का तीसरा सीजन इस वीक रिलीज होने जा रहा है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जयसिंह राठौड़ के रोल में नजर आने वाले हैं। इसे दर्शक 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे। गौरतलब है कि '24' का पहला सीजन 4 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्टूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ रहा है।

## स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम '85'



यह सीरीज भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

## एपेक्स



यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीक रिलीज होगी। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# फर्श से अर्श तक अरशद वारसी: अनाथ हुए लेकिन नहीं हारी हिम्मत, आज हैं बॉलीवुड के 'कॉमेडी किंग'



**'मुन्नाभाई** एम.बी.बी.एस.' का सर्किट का किरदार हो या 'गोलमाल' सीरीज के माधव, कॉमेडी के मामले में अरशद वारसी को टक्कर दे पाना बहुत मुश्किल है। इन दोनों ही किरदारों ने अरशद की जिंदगी बदल दी, लेकिन एक समय ऐसा था, जब अभिनेता ने सब कुछ खो दिया था और उनकी दुनिया पूरी तरीके से बदल गई थी। 19 अप्रैल को मुंबई में जन्मे अरशद वारसी के लिए हिंदी सिनेमा में पैर जमाना आसान नहीं था और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे एक्टिंग की दुनिया में कदम रखेंगे, लेकिन कहते हैं कि भाग्य में जहां जाना लिखा होता है, वहां के दरवाजे आपके लिए खुलते ही चले जाते हैं। अभिनेता के साथ भी वैसा ही हुआ। माता-पिता की बीमारी और उनके असमय छोड़कर जाने की वजह से अरशद ने छोटी उम्र में काम करना शुरू कर दिया था।

अरशद ने खुद खुलासा करते हुए बताया था कि उनके पिता एक अच्छे बिजनेसमैन नहीं थे और उन्होंने पूरे परिवार को बर्बाद कर दिया था। पिता ने सारा पैसा बिजनेस में डूबा दिया और बोन कैंसर से जूझने लगे, जबकि मां किडनी की बीमारी से ग्रसित थी। हर हफ्ते मां का डायलिसिस होता था और घर में सेविंग के नाम पर कुछ नहीं था। उन्होंने कहा था, 'उस वक्त मैं कोरियोग्राफर था। गाने कोरियोग्राफ और प्ले करता था। मेरी सारी कमाई मां के एक हफ्ते के डायलिसिस पर खर्च हो जाती थी। हर हफ्ते यही प्रक्रिया दोबारा होनी थी। उस वक्त लगा कि क्या जिदंगी है, एक छोटे से घर में जिंदगी बिताना। माता-पिता के निधन ने अभिनेता को तोड़ दिया था, क्योंकि कोई आस-पास नहीं था, जो मदद कर सके। उसी पल ने अरशद वारसी को एक रात में बड़ा कर दिया था। अरशद वारसी ने बचपन में माता-पिता के साथ गहरा लगाव महसूस नहीं किया था, क्योंकि वे बोर्डिंग स्कूल में पढ़े थे। अभिनेता इतना अकेला महसूस करते थे, खुद को चिट्ठियां लिखते थे और अपने दोस्तों से डाक के जरिए पोस्ट कराते थे।

एक पुराने इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया था कि मुझे वो लोग समझ नहीं आते, जो कहते हैं कि वे अपने माता-पिता के बिना नहीं रह सकते। कभी-कभी उनके माता-पिता उनकी छुट्टियां भूल जाते थे, जिसकी वजह से उन्हें स्कूल में ही छोड़ दिया जाता था, जबकि बाकी बच्चे घर चले जाते थे। मैं साल में सिर्फ दो बार घर जाता था। इतना सब झेलने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और जया बच्चन की वजह से फिल्मों में एंट्री ली। अभिनेता की पहली फिल्म थी तेरे मेरे सपने। यह फिल्म अमिताभ बच्चन की कंपनी एबीसीएल बैनर के तले बनी थी, जिसके बाद अभिनेता 'बेताबी,' 'मेरे दो अनमोल रत्न,' और 'हीरो हिंदुस्तानी' जैसी फिल्मों में दिखे, लेकिन सर्किट के किरदार ने सिनेमा में उन्हें जीवनदान दिया।

# फंस गए प्रजापति पांडे, सामने आई 'पति पत्नी और वो 2' की रिलीज डेट




**आयुष्मान** खुराना और सारा अली खान की आगामी रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। आयुष्मान खुराना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया। इसमें अभिनेता जाल में फंसे दिख रहे हैं, जबकि चीता बाहर है। पोस्टर शेयर कर आयुष्मान ने लिखा, शिकारी खुद हो गया शिकार। अब जाल में फंस गए हमारे प्रजापति पांडे। हो जाओ 'पति पत्नी और वो 2' के लिए तैयार, क्योंकि यह 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।' यह फिल्म एक मजेदार रिलेशनशिप कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है, जिसमें आयुष्मान और सारा अली खान के साथ वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह भी मुख्य भूमिका में हैं। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है जो प्रयागराज की पृष्ठभूमि पर आधारित है। मूवी आपको प्रजापति पांडे की दुनिया में लेकर जाएगी। इस कहानी में आपको ड्रामा, कॉमेडी और रोमांस का तड़का देखने को मिलेगा। इस फिल्म को भूषण कुमार और रेणु रवि चोपड़ा ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' का सीक्वल है। इस फिल्म ने उस समय बॉक्स ऑफिस में अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसे देखते हुए फिल्म को फिर से नई कहानी और किरदारों के साथ रिलीज किया जाएगा। देखना होगा कि दर्शक इस फिल्म को कितना प्यार देते हैं।

'पति पत्नी और वो' में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे मुख्य भूमिकाओं में थे, जो कानपुर के एक इंजीनियर चिंटू त्यागी के विवाहेतर संबंध और उसके बाद की कॉमेडी को दर्शाती है। यह एक हल्की-फुल्की फिल्म है जो वैवाहिक जीवन की जटिलताओं को दिखाती है। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित फिल्म मॉडर्न जमाने के रिश्तों, रोमांस और गलतफहमियों पर आधारित थी। फिल्म में कानपुर के एक सरकारी इंजीनियर (कार्तिक) की शादी (भूमि) से होती है, जो अपनी शादी से बोर होकर दूसरी महिला (अनन्या) की तरफ आकर्षित हो जाता है।

# 'मैं सो ही नहीं पाती थी' ब्रेकअप के बाद काफी टूट गईं थीं कल्कि कोचलिन, कहा- 'कई महीनों तक रहा इंसोम्निया'



**कल्कि कोचलिन** 'देव डी', 'डायन', 'ये जवानी है दीवानी' 'भय' जैसी फिल्मों और सीरीज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि एक दर्दनाक ब्रेकअप के बाद उन्हें कई महीनों तक नींद नहीं आती थी। इस मुश्किल समय ने उन्हें यह समझाया कि दिल और दिमाग का असर शरीर पर कितना गहरा पड़ता है।

**मैं सो ही नहीं पाती थी:** अपने इस अनुभव को याद करते हुए कल्पी ने ऑल अबाउट हर पॉडकास्ट में कहा, 'मुझे ब्रेकअप के बाद कई महीनों तक इंसोम्निया (नींद न आना) रहा और तब मुझे एहसास हुआ कि ये सब कितना ज्यादा मानसिक होता है।' उन्होंने आगे बताया, 'मैं सो ही नहीं पाती थी। रात के 2 या 3 बजे मेरी आंख खुल जाती थी और फिर मैं गिटार बजाने लगती थी या खुद को किसी काम में व्यस्त कर लेती थी, क्योंकि दोबारा सो पाना नामुमकिन लगता था।'

**प्रोफेशनल लाइफ पर भी पड़ा काफी असर :** लंबे समय तक नींद की कमी का असर धीरे-धीरे कल्कि कोचलिन की प्रोफेशनल लाइफ पर भी पड़ने लगा। उन्होंने बताया, 'जिन दिनों मुझे काम पर जाना होता था, उस समय मुझे ऐसा लगता था, जैसे मैं समझ ही नहीं पा रही हूं कि मैं सपने में हूं या जाग रही हूं। मैं काफी कन्फ्यूज रहती थी और सोचती थी, 'क्या ये सच में हो रहा है या मैं अभी भी सो रही हूं?' ऐसा करीब चार महीने तक चलता रहा।'

**अनुराग कश्यप से हुई थी शादी:** हालांकि कल्कि ने यह साफ नहीं किया कि वह किस रिश्ते के बारे में बात कर रही थीं, लेकिन उनका सबसे चर्चित रिश्ता फिल्ममेकर अनुराग कश्यप के साथ रहा है। दोनों की मुलाकात फिल्म 'देव डी' के दौरान हुई थी। बाद में दोनों ने साल 2011 में शादी की, लेकिन 2013 में अलग हो गए और दो साल बाद उनका तलाक भी फाइनल हो गया।

# तन्वी कोल्टे बनीं 'बिग बॉस मराठी सीजन 6' की विजेता, मिला लाखों का प्राइज



'बिग बॉस मराठी 6' फिनाले की विजेता की ट्रॉफी तन्वी कोल्टे ने जीत ली है। जीतने पर तन्वी कोल्टे को लाखों रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसके साथ ही उन्हें एक इलेक्ट्रिक स्कूटर और हीरे के आभूषणों के लिए लाखों रुपए का वाउचर भी दिया गया है। लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' मराठी का छठा सीजन रविवार को समाप्त हो गया है। इस सीजन में तन्वी कोल्टे ने ट्रॉफी जीत ली है। राकेश बापट पहले रनर-अप रहे। अभिनेता रितेश देशमुख द्वारा होस्ट किए गए इस रियलिटी शो से विशाल कोटियन, अनुश्री माने और दीपाली सैयद बाहर हो चुके थे।

## क्या मिला तन्वी कोल्टे को पुरस्कार

'बिग बॉस मराठी 6' की ट्रॉफी जीतने पर तन्वी को 15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसी के साथ तन्वी को एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी मिला है। इसके साथ तन्वी को हीरे के आभूषणों के लिए 10 लाख रुपये का वाउचर भी दिया गया है।

## कैसा रहा ग्रैंड फिनाले?

'बिग बॉस मराठी 6' का ग्रैंड फिनाले बहुत धमाकेदार रहा। कई पूर्व प्रतियोगियों ने डांस परफॉर्मेंस दी। खासतौर पर राखी सावंत भी डांस करती दिखीं। होस्ट रितेश देशमुख के साथ अभिषेक बच्चन और जेनेलिया डिसूजा भी मौजूद थे। इस दौरान रितेश ने अपनी आने वाली फिल्म 'राजा शिवाजी' का प्रमोशन भी किया।




# 8 घंटे की शिफ्ट पर छिड़ी जंग: दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के काम करने के तरीके में बड़ा अंतर





**हिंदी** सिनेमा में आठ घंटे काम करने का मुद्दा दोबारा गरमा गया है। दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद सिनेमा में आठ घंटे की शिफ्ट की मांग की थी। उनका कहना था कि इंडस्ट्री में 8 घंटे से ज्यादा काम करने को प्रतिबद्धता मान लिया गया है। वहीं इस मुद्दे को दोबारा हवा देते हुए कंगना रनौत ने हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस का सपोर्ट किया, जिसके बाद इंडस्ट्री में दोबारा 8 घंटों की शिफ्ट को लेकर बहस छिड़ गई है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि काम के मामले में दीपिका पादुकोण और उनके पति रणवीर सिंह दोनों की राय बहुत अलग है। दीपिका पादुकोण जहां आठ घंटे की शिफ्ट को मेंटल और फिजिकल हेल्थ से जोड़कर देखती हैं, वहीं रणवीर सिंह के लिए काम ही सब कुछ है। उन्होंने धुरंधर में लगातार बिना ब्रेक लिए काम किया था, जिसका खुलासा, वे कई पोस्ट में कर चुके हैं। निर्देशक आदित्य धर ने खुद बताया था कि रणवीर सिंह समेत पूरी टीम ने 16-18 घंटे काम किया था।

वहीं अभिनेता ने एक पुराने इंटरव्यू में भी खुलासा किया था कि उनकी वजह से उनके बाकी को-स्टार को भी परेशानी होती थी, क्योंकि वह आठ घंटे की शिफ्ट पर यकीन नहीं करते। उन्होंने कहा था, हिंदी सिनेमा में या एक फिल्म को बनाने में आठ घंटे में काम कर पाना बहुत मुश्किल है, तो थोड़ा ज्यादा कर लो शूटिंग, क्योंकि मैं काम को 'ट्रांजेक्शन' या सिर्फ एक लेन-देन के रूप में नहीं देखता। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा था कि मेरे को-स्टार भी मुझसे परेशान हैं, क्योंकि उनको लगता है कि मेरी वजह से उन्हें भी शिफ्ट से ज्यादा काम करना पड़ेगा और मैं सिनेमा के शिफ्ट स्टैंडर्ड को खराब कर रहा हूं, लेकिन अगर जो चीज हमें सीन के लिए चाहिए, अगर वह आठ घंटे में नहीं निकली, तो क्या हुआ, थोड़ा सा और कर लो शूटिंग।

गौरतलब है कि रणवीर सिंह का बयान दीपिका पादुकोण के बयान से पहले आया था, जब दोनों साथ में कई फिल्में कर रहे थे। हालांकि दीपिका के बयान का बहुत सारे सिलेब्स ने सपोर्ट किया, सिवाय रणवीर सिंह के, जबकि संदीप रेड्डी वांगा और फराह खान जैसे निर्देशकों ने जमकर विरोध किया। यही कारण था कि दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' को ठुकरा दिया था, जिसके बाद तृप्ति डिमरी को फिल्म में कास्ट किया गया।

### सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने बताए अपने स्ट्रगल्स

# कहा- 'मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी'



**जैस्मीन** सैंडलस ने 'धुरंधर' फिल्म में कई गानें दिए हैं, जैसे- 'धुरंधर का टाइटल ट्रैक', 'शरारत', 'मैं और तू।' इनमें से सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी 'धुरंधर 2' के गाने 'जाइए सजना' ने बटोरी। इस गानें पर उनका लाइव परफॉर्मेंस भी काफी वायरल हुआ। अब हाल ही में उन्होंने स्ट्रगल्स को लेकर खुलकर बात की। आइए जानते हैं, उन्होंने क्या कुछ कहा।

**मैंने काफी स्ट्रगल किया:** रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में जैस्मीन ने कहा, 'मैंने काफी स्ट्रगल किया है। मुझे लगता है कि बड़े होते हुए मैंने अपनी जिंदगी के कई ऐसे दौर देखे, जहां मुझे चीजों को खुद समझना पड़ा। वो सफर आसान नहीं था। जिंदगी में बहुत कुछ होता है। यह माता-पिता के लिए भी मुश्किल होता है, लेकिन बच्चों के लिए भी। हमें सही मार्गदर्शन और प्यार की जरूरत होती है। माता-पिता बच्चों के साथ इतने सख्त क्यों होते हैं?'

**मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी:** उन्होंने आगे कहा, 'जब जिंदगी सच में मुश्किल होती है, तब आपको सहारे की जरूरत महसूस होती है। उन 2-3 वर्षों में जब मैं शराब पीती थी, मुझे अपने कुछ फैसलों का अफसोस है। बहुत सारी चीजें एक साथ हो रही थीं। एक तरफ मैं मशहूर हो रही थी, दूसरी तरफ अंदर से बहुत कुछ महसूस कर रही थी, परिवार में समस्याएं थीं, मेरे पिता नहीं रहे थे और मैं सफल भी थी। मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी, जिसका मुझे अफसोस है, लेकिन उस समय मेरे लिए वो जरूरी लग रहा था।'

**माता-पिता से कई बार दर्द मिला:** उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन में अपने माता-पिता से कई बार दिल टूटने का दर्द मिला। उन्होंने अनजाने में कई बार मेरा दिल दुखाया, इसलिए कहीं न कहीं मन में थोड़ी नाराजगी भी है। मैं उनसे प्यार करती हूं, लेकिन जब एक बच्चे का दिल टूटता है, तो वह टूट ही जाता है। जब आपके पास ऐसी कोई सुरक्षित जगह नहीं होती, जहां आप जा सकें, तो आप हर जगह पागलों की तरह अपना घर ढूंढने लगते हैं। मैंने भी पूरी जिंदगी यही किया, बस एक अपनापन ढूंढती रही।'

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



### उद्यमियों-कामगारों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कार्य क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से रीको की सराहनीय पहल

# वर्क से वेलनेस तक : रीको औद्योगिक क्षेत्रों में मिलेंगी खेल सुविधाएं

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** रीको औद्योगिक क्षेत्रों की तस्वीर बदलने जा रही है। जहां पहले उद्यमी और कामगार दिन-रात मशीनों के बीच व्यस्त नजर आते थे, वहीं अब वे समय निकालकर औद्योगिक क्षेत्रों में बनने जा रहे स्पोर्ट्स फैसेलिटी सेंटर्स में खेल खेलते और फिटनेस पर ध्यान देते भी दिखाई देंगे। उद्यमियों और कामगारों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल विकसित करने एवं कार्य क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से रीको ने एक सराहनीय पहल की है। इस पहल के तहत अब सेचुरेटेड औद्योगिक क्षेत्रों (जहां अधिकांश भूखंड आवंटित हो चुके हैं) में खेल सुविधाओं के विकास के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

रीको ने राज्य के 17 औद्योगिक क्षेत्रों में इसके लिए भूमि चिह्नित कर ली है। जयपुर में औद्योगिक क्षेत्र बगरू छितरौली, अपैरल पार्क, सीतापुरा तृतीय चरण, भिवाड़ी द्वितीय में औद्योगिक क्षेत्र कारौली, कोटा में इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, सवाई माधोपुर में खेरदा, आबूरोड में अर्बुदा, नागौर में एसजीसी परबतसर, पाली में पाली चतुर्थ चरण, किशनगढ़ में किशनगढ़ चतुर्थ चरण, झुंझनूं में झुंझनूं द्वितीय चरण, बीकानेर में कारनी एवं बीछवाल, बोरानाड़ा में ईपीआईपी बोरानाड़ा, श्रीगंगानगर में 13 एनएनपी, सीकर में एसकेएस रींगस (विस्तार) और अजमेर में अजयमेरू पालड़ा सम्मिलित हैं। इन क्षेत्रों में लगभग 1000 से 3000 वर्गमीटर तक के भूखंड खेल सुविधाओं के लिए चिह्नित किए गए हैं। इनका आवंटन रेंटल मॉडल के आधार पर किया जाएगा। साथ ही यहां भूखंड के 20 प्रतिशत क्षेत्र (10 प्रतिशत आच्छादित क्षेत्र) में रिफ्रेशमेंट, पेयजल और विश्राम कक्ष जैसी आवश्यक सुविधाएं भी विकसित करने की अनुमति होगी। रीको की इस नई पहल से औद्योगिक क्षेत्रों में ना सिर्फ काम का माहौल बेहतर होगा, बल्कि उद्यमियों और कामगारों को स्वस्थ और ऊर्जावान जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरणा मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्रों में ही खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने से युवाओं का रुझान भी उद्योग लगाने में बढ़ेगा और रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित होंगे।

## 'तय समय में पूरे हों बजट सहित विभिन्न योजनाओं के कार्य'

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग निदेशक ललित कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा सहित विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाएं तय समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ पूर्ण हों। उन्होंने लंबित कार्यों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मुख्यालय 'अंबेडकर भवन' के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बजट घोषणा वर्ष 24-25, 25-26 और 26-27 की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने 24 से 26 अप्रेल तक चंडीगढ़ में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर से जुड़ी तैयारियों की भी समीक्षा की। निदेशक ने कहा कि वर्ष 2024-25 की कुल 26 बजट घोषणाओं में से 14 पूर्ण हो चुकी हैं, 12 प्रगतिरत हैं। वर्ष 25-26 की 15 घोषणाओं में से 9 पूर्ण हो चुकी हैं, 6 प्रगतिरत हैं। वर्ष 2026-27 की 9 घोषणाओं में से 1 पूर्ण हो चुकी है, जबकि 8 प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने बताया कि सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है। बैठक में अतिरिक्त निदेशक नसीम खान, रामेश्वर लाल परसोया, ओपी मीणा, सुंडाराम मीना, रीना शर्मा, अशोक कुमार जांगिड़, अरविंद कुमार सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस और रेलवे के संयुक्त प्रयास से सुगम हो सकता है रास्ता

# गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर बेतरतीब ट्रैफिक व्यवस्था

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा रही है। यहां बजाज नगर की ओर के प्रवेश द्वार के पास कार्य पूरा होने पर यात्रियों के लिए बुकिंग विंडो शुरू की जा चुकी है। इसके साथ ही यहां से लोगों को जहां सुविधा मिलने लगी है, वहीं प्रवेश द्वार के बाहर बेतरतीब ट्रैफिक व्यवस्था आने-जाने वाले यात्रियों के देर होने का कारण भी बन रही है।

### क्या है यातायात बाधा का मूल कारण

रेलवे स्टेशन के लिए एक ओर टोंक फाटक पुलिया की ओर से रास्ता आ रहा है, तो दूसरी ओर सरस पुलिया की ओर से। इन दोनों की चौड़ाई एक समान है, लेकिन सरस डेयरी की ओर से आने वाली सड़क गांधी नगर स्टेशन के पास आने पर लगभग 20 फीट घट रही है, जहां से रेलवे की जमीन शुरू हो रही है। यहां सबसे पहले डाक विभाग का कार्यालय है, बैंक है। यहीं से यह सड़क एक हल्का घुमाव लेती है। इस घुमाव के साथ ही सड़क संकरी होकर अपना आकार कम कर रही है। दूसरा बड़ा कारण यह है कि स्टेशन के ठीक सामने संकरी हुई सड़क पर ही सभी वाहनों का आवागमन या ठहराव भी होता है।



### रेलव पार्किंग स्थल में अभी समय

दूसरी ओर रेलवे स्टेशन पर भूमिगत पार्किंग तैयार होने में अभी कुछ समय लग रहा है। इस पार्किंग में 76 कारों को एक साथ पार्क किया जा सकता है। साथ ही 700 मोटर साइकिल को पार्क करने की क्षमता है। इसके तैयार होने के साथ ही यह संभावना जताई जा रही है कि कुछ राहत मिल सकेगी। दूसरी ओर रेलवे की ओर से एक और पहल की जा रही है। इस पहल के अनुसार अब हर विकसित होने वाले स्टेशन मे 'पिक एण्ड ड्रॉप' फार्मूला लागू किया जा रहा है। इस अनुसार आगामी एक महीने में एंट्रेस और एक्जिट गेट तैयार होने पर भी आशा की जा रही है कि कुछ राहत मिल सकेगी।



### लगातार कार्रवाई की जरूरत

लगभग 211 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ स्टेशन का नया भवन स्थानीय शिल्प का बेजोड़ उदाहरण है, लेकिन इसके बाहर लगने वाले थड़ी, ठेले, खोमचे अव्यवस्थित होकर इधर-उधर दौड़ते हैं। दूसरी ओर गन्ने के रस वाले यहां कम से कम 8 से 10 ठेले हैं। यहां सिर्फ एक संस्था की ओर से की गई कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। इस स्थान पर सतत कार्रवाई की जरूरत है। इस कारण नगर निगम, पुलिस और आरपीएफ तीनों को मिलकर कार्रवाई करनी होगी। यह कार्रवाई लगातार करने के अलावा इन खोमचे वालों को इस सड़क से उचित दूरी पर स्थान देकर यातायात को निर्बाध किया जा सकता है।

### इनका कहना है

हम रेलवे के क्षेत्राधिकार में संचालित हो रहे कार्यों पर नियंत्रण कर सकते हैं, लेकिन स्टेशन के बाहर हम कार्रवाई नहीं कर सकते हैं, लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए यह जरूरी है कि नगर निगम, स्थानीय पुलिस और रेलवे की ओर से संयुक्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

**आरजी गुप्ता, स्टेशन निदेशक, जयपुर रेलवे स्टेशन**



पंचायतीराज विभाग के शासन सचिव ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

## दो ग्राम विकास अधिकारियों को 17 सीसीए की चार्जशीट देने के निर्देश

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पंचायतीराज विभाग के शासन सचिव डॉ. जोगाराम ने सोमवार को सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) स्टेट कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर आमजन से सीधे संवाद किया तथा शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।

शासन सचिव ने परिवादियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने उनके समक्ष प्रस्तुत 24 में से 11 शिकायतों पर सीधे परिवादियों से संवाद किया। इन शिकायतों में 2 में परिवादियों ने संतुष्टि जाहिर की। शेष को उन्होंने रिओपन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सीकर की फतेहपुर पंचायत समिति के नबीपुरा गांव के परिवादी रामप्रताप ने साफ-सफाई के संबंध में परिवाद दर्ज करवाया था, लेकिन गांव में नियमित साफ-सफाई नहीं होने और परिवादी के संतुष्ट नहीं होने के कारण शासन सचिव ने संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को 17 सीसीए की चार्जशीट जारी करने के निर्देश प्रदान किए। इसी प्रकार टोंक जिले की उनियारा पंचायत समिति के सेदरी गुजरान, मोहम्मदपुरा गांव के किशनलाल को उनके मकान का पट्टा एक साल पूर्व आवेदन करने के उपरांत जारी नहीं करने के कारण संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को 17 सीसीए की चार्जशीट जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए सभी विभागों के शासन सचिव निर्धारित तिथियों पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर परिवादियों से सीधे संवाद कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कर शीघ्र समाधान प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर विभाग के राज्य नोडल अधिकारी रामचंद्र सैनी, सहायक आयुक्त भी उपस्थित रहे।

### राजस्थान आबकारी सेवा संघ ने आबकारी आयुक्त से की शिष्टाचार भेंट

# कार्य के प्रति सदाचार और टीम भावना से लक्ष्यों को करें पूरा : नमित मेहता

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने कहा कि कार्य के प्रति सदाचार रखते हुए विभागीय वित्तीय, निरोधात्मक लक्ष्यों को टीम भावना से पूर्ण किया जाना चाहिए। प्रदेश में प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए इनकी संख्या में वृद्धि की जानी चाहिए। आबकारी आयुक्त मेहता सोमवार को आबकारी सभागार में राजस्थान आबकारी सेवा संघ के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान आबकारी सेवा संघ का स्वागत व अभिनंदन करने पर आभार जताया।

इससे पूर्व राजस्थान आबकारी सेवा संघ के पदाधिकारियों ने आबकारी आयुक्त नमित मेहता से शिष्टाचार भेंट कर उनको आबकारी आयुक्त का पदभार ग्रहण करने की शुभकामनाएं दीं। राजस्थान आबकारी सेवा संघ के पदाधिकारियों ने आबकारी आयुक्त को भरोसा दिलाया कि वे सभी एकजुट होकर समस्त विभागीय लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने आबकारी आयुक्त को विभागीय डीपीसी, पदोन्नति, ग्रेड पे सहित मांगों का मांग पत्र भी सौंपा। इस पर आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने मांगों का परीक्षण कर आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर राजस्थान आबकारी सेवा संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार, महासचिव अशोक कुमार डिडेल सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर के ओजस्व गजराज ने मार्शल आर्ट कलारीपेयट्टू में रजत पदक जीत फिर राजस्थान का नाम किया रोशन

- पहले भी कई पदक कर चुके हैं अपने नाम

**महानगर टाइम्स संवाददाता**





**नई दिल्ली।** ओजस्व गजराज ने 15 से 22 अप्रेल तक त्यागराज स्टेडियम दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल खेल, एसजीएफआई में रजत पदक हासिल किया। इसके बाद वे सीबीएसई बोर्ड से राजस्थान से एकमात्र पदक विजेता बन गए। गजराज ने मार्शल आर्ट कलारीपेयट्टू में रजत पदक जीतकर एक बार फिर राजस्थान का नाम रोशन किया और इतिहास रचा। वे खेलो इंडिया नेशनल कलारीपेयट्टू चैम्पियनशिप में भी रजत पदक जीत चुके हैं।



दक्षिण भारत के एकाधिकार वाले इस खेल में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले जयपुर के ओजस्व गजराज ने खेलो इंडिया नेशनल कलारीपेयट्टू लीग में रजत पदक जीतकर एक बार फिर राजस्थान का परचम लहराया। इससे पूर्व बिहार के गया में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में गजराज ने रजत पदक जीतकर राजस्थान का गौरव बढ़ाया था। खेल एवं युवा मामलात मंत्रालय और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित खेलो इंडिया 2026 मार्शल आर्ट्स कलारीपेयट्टू में ओजस्व गजराज ने रजत पदक जीता है।

14 वर्षीय ओजस्व ने जूनियर ब्वॉयज कैटेगरी में यह मुकाम हासिल किया है। इस स्वर्णिम और ऐतिहासिक जीत का श्रेय उन्होंने अपने गुरु अशोक पारीक (अशोक स्पोर्ट्स अकादमी) तथा अपने माता-पिता डॉ. सुमन मौर्य (प्रोफेसर राजस्थान विश्वविद्यालय) तथा डॉ. जगदीश प्रसाद (उपनिदेशक, महिला अधिकारिता) को दिया।

### अजमेर पुलिस का मिशन इम्पॉसिबल | कांस्टेबल प्रकाश और अजय की जांबाजी ने पेश की मिसाल

# 16 साल पहले पैरोल से फरार हुए हत्या के दोषी को दबोचा

- दो कांस्टेबलों की 'स्पेशल टीम' ने 16 साल पुरानी फोटो की मदद से पकड़ा

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** अपराधी चाहे कितना भी शातिर क्यों नहीं हो और हुलिया बदलकर कहीं भी छिप जाए, कानून के हाथ उस तक पहुंच ही जाते हैं। अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 'ह्यूमन इंटेलिजेंस' और 'ट्रेडिशनल पुलिसिंग' का लोहा मनवाते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। 16 साल पहले पैरोल से फरार हुए आजीवन कारावास के दोषी करण सिंह उर्फ कन्ना सिंह रावत निवासी नोहरपुरा थाना जवाजा को पुलिस की विशेष टीम ने फिल्मी अंदाज में पीछा कर दबोच लिया। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने इस पुराने और पेचीदा मामले को सुलझाने का टास्क पुलिस लाइन के दो जांबाज कांस्टेबल प्रकाश सिंह बिष्ट और अजय कुमार जाट को सौंपा और पूरे ऑपरेशन के दौरान स्वयं लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। हर छोटे-बड़े अपडेट पर एसपी टीम को सीधे दिशा-निर्देश देते रहे। कांस्टेबल प्रकाश और अजय के पास सुराग के नाम पर फाइल में लगी एक 16 साल पुरानी धुंधली फोटो थी, जिसमें आरोपी घनी दाढ़ी में नजर आ रहा था। बिना किसी तकनीकी सुराग के इन दोनों जवानों ने शून्य से अनुसंधान शुरू किया।



आरोपी करण उर्फ कन्ना सिंह रावत

### छापली गांव में अंततः चढ़ा पुलिस के हत्थे

लगातार पीछा करने के बाद टीम को सटीक सूचना मिली कि आरोपी छापली गांव में एक दुकान पर बैठा है। टीम ने बिना वक्त गंवाए घेराबंदी की और उसे दबोच लिया। पकड़े जाने पर भी उसने शातिरता दिखाई और अपना नाम 'जीतू' बताकर पुलिस को बहलाने की कोशिश की, लेकिन कड़ी पूछताछ के सामने उसकी पहचान टिक नहीं सकी और उसने अपना असली नाम करण कर्फ कन्ना सिंह कबूल कर लिया। टीम उसे अजमेर लेकर आई, जहां उसे सिविल लाइन थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जिसे इस प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया है।

### मंदिरों और श्मशानों में छिपकर बिताया वक्त

आरोपी के भागने के बाद एसपी अग्रवाला ने टीम को हौसला बनाए रखने और मुखबिर तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश दिए। दोनों जवानों ने भी हिम्मत नहीं हारी और अपने मुखबिर तंत्र को पूरी तरह एक्टिव रखा। मुखबिरों से सूचना मिली कि आरोपी रात के समय चोरी-छिपे घर लौटता है, जबकि पकड़े जाने के डर से दिन भर वह श्मशानों, पुराने मंदिरों और सुनसान खेतों में छिपा रहता है। दुर्गम और पहाड़ी इलाका होने के कारण वह पुलिस की नजरों से बचने के लिए इन स्थानों का सहारा ले रहा था। जवानों ने भी ग्रामीण वेश धारण कर इन संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश जारी रखी।



### पहली दबिश, फिर भी नहीं टूटी हिम्मत

4 अप्रेल को जब कांस्टेबल प्रकाश, अजय और स्थानीय दिवेर पुलिस ने खरावड़ी स्थित घर पर दबिश दी तो शातिर आरोपी को पुलिस की सक्रियता की भनक लग गई और वह ऐनवक्त पर वहां से फरार हो गया। आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया और पुलिस को चकमा देने के लिए गुजरात की तरफ भाग गया।

### भेष बदलकर गांव-गांव की जासूसी

- **पहला पड़ाव (जवाजा) :** टीम सबसे पहले आरोपी के मूल गांव नोहरपुरा पहुंची, लेकिन वहां सन्नाटा मिला। किसी ने सालों से उसे नहीं देखा था।
- **दूसरा पड़ाव (कामलीघाट) :** जांच में पता चला कि आरोपी के दो भाई राजसमंद के कामलीघाट में रहते हैं। दोनों जवानों ने वहां 5-7 दिन तक डेरा डाला, भेष बदलकर जानकारी जुटाई, लेकिन भाइयों ने अनभिज्ञता जताई और ग्रामीणों ने इनके तीसरे भाई के होने से ही इनकार कर दिया।
- **तीसरा पड़ाव (खरावड़ी) :** हार नहीं मानते हुए दोनों जवानों ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पता चला कि आरोपी ने अपना हुलिया बदल लिया है, अब दाढ़ी-मूंछ कटवाकर वह गंजा हो गया है और 'रामजी दया' के फर्जी नाम से खरावड़ी गांव में मिस्त्री का काम कर रहा है।

### टीम ने लंबे समय तक बनाए रखा धैर्य

इस पूरे ऑपरेशन की सबसे बड़ी खास बात यह रही कि कांस्टेबल प्रकाश सिंह बिष्ट (1801) और अजय कुमार (1546) ने उन इलाकों में कार्य किया, जहा की भौगोलिक स्थिति से वे वाकिफ नहीं थे। इन्होंने मुलजिम के दूर के रिश्तेदारों और पुराने जानकारों के बीच अपने मुखबिर बैठाए। लंबी निगरानी और धैर्य के बाद टीम को मुलजिम के सटीक ठिकाने की जानकारी मिली। स्थानीय दिवेर थाना पुलिस के साथ बेहतरीन समन्वय और अपने स्वयं के मुखबिर तंत्र के दम पर उन्होंने इस नामुमकिन टास्क को मुमकिन कर दिखाया।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर–15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी–848, फेज–3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141–2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर–JaipurCity/008/2024-26